जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBIT



The Ultimate IIFA 2025 Fan Guide

Stars are aligned in the Jaipur sky, the lucky shall see them close, close to the ground, some earthy experiences await the connoisseurs

Make Your Partner Feel Truly Loved

One of the most significant ways people feel loved is when their needs are met with 'positive responsiveness'

# विधानसभा में टूटा गतिरोध, नेता प्रतिपक्ष ने दिया बजट पर अपना जवाब

## कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा सहित सभी 6 विधायक बहाल हुए

जयपुर, 27 फरवरी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के प्रयासों से सदन में सात दिन से चल रहा गतिरोध टूट गया है। मुख्यमंत्री ने इस सोच के साथ, कि सदन में विपक्ष का भी सहयोग रहे, गतिरोध ख़त्म करने का प्रयास किया। मुख्यमंत्री स्वयं चाहते थे कि सदन का सम्मान हो और बेवजह का गतिरोध टूटे। कांग्रेस के निलंबित 6 विधायक भी बहाल हो गए हैं। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने डोटासरा के अपशब्दों के लिए माफी मांगी।

विधानसभा में बना गतिरोध तोड़ने के लिए, पहले विधानसभा में मुख्यमंत्री के चैम्बर में वार्ता हुई थी। बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल शामिल हुए।

मुख्यमंत्री भजनलाल ने सदन में कहा कि जनप्रतिनिधि के प्रति जनता में जो भाव है, उसे ध्यान में रखना होगा। हमारे किसी सदस्य के मुंह से गलत बात निकलती है तो उसको भी रात को नींद नहीं आएगी, उसे पश्चाताप होता है। हम कुछ भी बोलें, सोच विचार कर बात रखनी चाहिए। शर्मा ने कहा कि सदन चलना सत्ता और विपक्ष दोनों की जिम्मेदारी है। मैं तो कहता हूं, 200 विधायकों की जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष का हमारा कोई विधायक अगर अच्छा बोलता है तो मैं उसे फोन करके बधाई देता हूं। मैंने नेता



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के प्रयासों से सदन में सात दिनों से चल रहा गतिरोध खत्म हो गया है। मुख्यमंत्री ने कहा सदन चलना सत्ता और विपक्ष दोनों की जिम्मेदारी हैं।*

प्रतिपक्ष को भी फोन किया था कि आप अच्छा बोले। हमें गलत को गलत भी कहना सीखना होगा। मंत्री की टिप्पणी को भी सदन की कार्यवाही से निकल जाना चाहिए, विपक्ष हमारी ताकत है। मुख्यमंत्री ने कहा, मैं अध्यक्ष से आग्रह करता हूं कि मंत्री ने जो टिप्पणी की है, उसको भी सदन की कार्यवाही से निकाल दिया जाए। विपक्ष हमारी ताकत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उस दिन मैं बैठा हुआ सदन में देख रहा था, दो ढाई मिनट में ही सारा वाकया हुआ। हमें टाइम ही नहीं मिला और सब कुछ हो गया।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि विपक्ष हमारी ताकत है। सदन में उसका भी सहयोग रहे, इसलिए हम चाहते थे कि गतिरोध खत्म हो। उन्होंने कहा कि विधानसभा में संयम ही सबसे बड़ा नियम है।**
- **विधानसभा में मुख्यमंत्री ने अपने चैम्बर में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल के साथ मीटिंग कर गतिरोध खत्म करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की।**
- **नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने गतिरोध खत्म करने के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया।**

# नाबालिग का अपहरण व दुष्कर्म, आरोपी को 20 साल कैद

जयपुर, 27 फरवरी। पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत, क्रम-1 महानगर द्वितीय ने नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ कई दिनों तक दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त धर्मेन्द्र कुमार को बीस साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही, अदालत ने अभियुक्त पर 1.15 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। पीठासीन अधिकारी जगमोहन अग्रवाल ने कहा कि अभियुक्त स्कूल जाने वाली पीड़िता को बहला- फुसलाकर अपने साथ

- **पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत ने आरोपी पर 1.15 लाख रु. का जुर्माना भी लगाया और कहा कि नाबालिग की सहमति का कानून में कोई महत्व नहीं होता।**

अहमदाबाद ले गया और उसके साथ संबंध बनाए। यदि इसमें पीड़िता की सहमति भी थी, तो भी यह अपराध की श्रेणी में ही माना जाएगा, क्योंकि नाबालिग की सहमति कानून में कोई महत्व नहीं रखती है।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक मातादीन शर्मा ने अदालत को बताया कि पीड़िता के पिता ने 2 मार्च, 2022 को हरमाड़ा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'यूरोपियन यूनियन का गठन ही, अमेरिका की ''ऐसी-कम-तैसी'' करने के लिए हुआ था?'

## ट्रम्प ने यूरोपियन यूनियन से, अमेरिका को निर्यात की जाने वाली वस्तुओं पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की बात पुरजोर ढंग से दोहराते हुए यह ''धमाकेदार'' टिप्पणी भी की

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रपति दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 22 फरवरी। डॉनल्ड ट्रम्प ने ग्लोबल ट्रेड में फिर से तूफान उठा दिया है। उन्होंने शपथ ली है कि वे जल्दी ही ई.यू. (यूरोपियन यूनियन) पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगा देंगे, उन्होंने यह भी कहा कि यूरोपियन यूनियन का निर्माण अमेरिका को कमज़ोर करने के लिए किया गया था। इस बयान में टकराव का संकेत मिलता है। इसमें अमेरिका व ई.यू. के आर्थिक सम्बंध तोड़ने की धमकी है और इससे यह भी जाहिर होता है कि ई.यू. के प्रति ट्रम्प के दिल में कितना गहरा संदेह है। उनके शब्दों में न केवल टैक्स की धमकी है, बल्कि यह अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के भविष्य पर वैचारिक जंग का भी संकेत है।

ट्रम्प को लम्बे समय से यही लगता है कि ई.यू. अनुचित तरीके से अमेरिका का शोषण करता है। अपने पहले कार्यकाल में उन्होंने बार-बार यूरोप पर आरोप लगाया था कि यूरोप अमेरिका से तो निर्यात पर कम शुल्क का लुत्फ ले रहा है, पर अमेरिकन सामान के व्यापार में अवरोध पैदा कर रहा है। उन्होंने तब यूरोप के स्टील व एल्यूमिनियम पर टैरिफ लगाया था, जिसका ब्रसल्स ने कड़ा विरोध किया था। अगर उन्होंने अपनी नवीनतम धमकी पर अमल किया तो उनका प्रमुख निशाना यूरोप के ऑटो मोबाइल निर्माता होंगे, खासकर जर्मनी की कम्पनियां -बीएमडब्ल्यू, मर्सिडीज़

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- **ट्रम्प का टारगैट मुख्य रूप से जर्मनी की कार इण्डस्ट्री है, जिसमें विश्व विख्यात ब्रैण्ड्स, बीएमडब्ल्यू, मर्सिडिज़ बैंज़ व फॉक्सवैगन शामिल हैं।**
- **ट्रम्प की धारणा है कि यूरोपियन यूनियन अमेरिका से आयातित कारों पर भारी टैरिफ लगाकर, उनकी यूरोप में बिक्री पर भारी कृत्रिम रूकावटें पैदा करता है तथा अमेरिका को निर्यात कारों पर बहुत कम टैरिफ लगाकर, अमेरिका में निर्मित कारों का मार्केट खराब करता आया है।**
- **ट्रम्प की, यूरोपियन यूनियन से आयातित कारों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की नीति से, ''मिड वैस्टर्न'' अमेरिका में स्थित कार निर्माता व उनके कर्मचारी बहुत खुश हैं। जैसा कि विदित ही है, ''मिड वैस्टर्न'' अमेरिका क्षेत्र ट्रम्प का गढ़ है, राजनीतिक दृष्टि से।**
- **पर, ''यूरोपियन यूनियन'' भी ट्रम्प की धमकी का, ईंट का जवाब पत्थर से देने को तैयार है। इससे अमेरिका के यूरोप को निर्यात कृषि उत्पाद, एरोस्पेस व इलैक्ट्रॉनिक सामान यूरोप में महंगे हो जायेंगे तथा इनकी बिक्री बहुत कम हो जायेगी।**

# क्या बात रोक रही है, भाजपा को अपना नया राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने से?

## शायद मुख्य कारण है, पार्टी टोटल 36 प्रांतीय इकाईयों में से केवल 12 प्रांतीय इकाईयों के चुनाव पूरे करा पायी है

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 27 फरवरी। जैसा प्रतीत हो रहा है, जे.पी. नड्डा के अपने पद पर कुछ समय और बने रहने की संभावना है। ज्ञातव्य है कि इस पद पर उनका कार्यकाल पहले भी बढ़ाया जा चुका है। दरअसल, भाजपा अभी तक आधे राज्यों की पार्टी इकाइयों की संगठनात्मक चुनाव प्रक्रिया पूरी नहीं कर पायी है, जो पार्टी संविधान के अनुसार अत्यावश्यक है। फरवरी के अंत तक, 36 राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों में से केवल 12 के संगठनात्मक चुनाव ही सम्पन्न हुये हैं। अभी 6 राज्यों/केन्द्रशासित प्रदेशों के चुनाव होना शेष है। यह प्रक्रिया 15 मार्च से पहले पूरी होती प्रतीत नहीं हो रही है।

संगठनात्मक चुनावों में विलम्ब होने के कई कारण रहे हैं- क्षेत्रीय गुटबंदी, नेतृत्व-विवाद तथा अंदरूनी मनमुटाव, पार्टी का दिल्ली विधानसभा चुनावों में व्यस्त हो जाना आदि। इसके अलावा, भाजपा नेताओं तथा कार्यकर्ताओं की प्रयागराज के महाकुंभ मेले से संबंधित व्यस्तता भी उतना ही महत्वपूर्ण कारण रही है।

अब इन संगठनात्मक चुनावों को होली के त्योहार, अर्थात 14 मार्च से पहले पूरा करने के प्रयास शुरु हो गये हैं। विशेष रूप से हिन्दी भाषी राज्यों में पार्टी प्रदेशाध्यक्ष के चयन को लेकर सर्वसम्मति तक पहुँचने में भाजपा को काफी मशक्कत करनी पड़ी है। उदाहरणार्थ, उत्तर प्रदेश से जिला अध्यक्षों की कई सूचियाँ दिल्ली भेजी गई, लेकिन स्थानीय नेता मंडल तथा जिला स्तर पर अपने प्रत्याशियों के लिये फिर भी जोर लगा रहे हैं। कुछ अन्य राज्यों में, मंडल तथा जिला स्तर के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- **पार्टी के संविधान के अनुसार, पार्टी को 50 प्रतिशत प्रांतीय इकाईयों के चुनाव पूरे करवाना जरूरी है, पार्टी अध्यक्ष के चुनाव से पहले।**
- **प्रांतीय इकाईयों के संगठन के चुनाव व प्रदेशाध्यक्ष का चुनाव, शायद प्रांतीय नेताओं में आंतरिक अंतर विरोध, खेमेबाजी के कारण नहीं हो पा रहे हैं। अतः 15 मार्च से, होली के त्योहार से पहले पूरे होने की संभावना कम लग रही है।**

# हरियाणा में कांग्रेस के 5 नेता पार्टी से निष्कासित

नयी दिल्ली, 27 फरवरी। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस ने अपने पांच नेताओं को पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण छः साल के लिए पार्टी से निष्कासित किया है। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान ने आज यह जानकारी देते हुए बताया कि इन सभी नेताओं को हाल में हुए नगर निगम

- **हरियाणा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान ने कहा, इन्हें पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण निकाला गया है।**

चुनाव में पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल पाए जाने के कारण पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से छः साल के लिए निष्कासित किया गया है।

उन्होंने बताया कि जिन नेताओं को निष्कासित किया गया है, उनमें पटौदी से पूर्व विधायक रामवीर सिंह, फरीदाबाद से विजय कौशिक, फरीदाबाद वार्ड 36

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'ट्रम्प हर बार भारत को तिरस्कृत करते जा रहे हैं, पर मोदी चुप क्यों हैं?'

## कांग्रेस के प्रवक्ता ने, फ्रांस के राष्ट्रपति व ट्रम्प की प्रैस कॉन्फ्रैंस की क्लिप दिखाकर यह सवाल उठाया

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 27 फरवरी। लोकतांत्रिक व्यवस्था में विपक्ष की अपेक्षित भूमिका का निर्वहन करते हुये, कांग्रेस ने आज मोदी सरकार से कहा कि वह ''अपमान'' के खिलाफ खड़ी हो जाये तथा अमेरिकन सरकार से कह दे कि ऐसी कोशिशें भारत को स्वीकार्य नहीं होंगी, क्योंकि इससे देश की अर्थव्यवस्था ''नष्ट'' हो जायेगी।

पारस्परिक टैरिफ के लिये अमेरिकन राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प द्वारा दिये गये ज्यादा जोर को दर्शाते हुए, कांग्रेस नेता अजय कुमार ने ट्रम्प के साथ फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों तथा भारत के प्रधानमंत्री की मीटिंगों के वीडियो अंश दिखाये-सुनाये तथा जोर देते हुये कहा कि भारतीय प्रधानमंत्री उस समय चुप्पी साधे रहे, जब अमेरिकन राष्ट्रपति ''भारत के खिलाफ बोल रहे थे।''

- **प्रवक्ता के अनुसार, जब भी ट्रम्प ने कोई असत्य व अपमानजनक बात कही, प्रैस कॉन्फ्रैंस में, राष्ट्रपति ने सबके सामने इसका प्रतिरोध किया और ट्रम्प को चुप कराया।**
- **पर, ट्रम्प अपने मित्र मोदी के सामने प्रैस कॉन्फ्रैंस में कई तरह की ऊल-जलूल बातें कहते रहे, पर, प्र.मंत्री मोदी ने एक बार भी प्रतिकार नहीं किया।**
- **कांग्रेस प्रवक्ता ने कई और उदाहरण दिये, जब प्र.मंत्री कुछ बोल नहीं पाये। चाहे वह पाकिस्तान को उनके पुराने एफ-16 हवाई बेड़े के रख-रखाव व मरम्मत के लिये 3,000 करोड़ रूपए देने का ही निर्णय हो, साथ ही ट्रम्प ने भारत पर पुराने एफ-35 हवाई जहाजों की खरीद के लिये दबाव बनाया, जबकि इन हवाई जहाजों के डिज़ायन व निर्माण में कमी है जो कि एलन मस्क भी स्वीकार कर चुके हैं, तब भी प्र.मंत्री ने इस दबाव का विरोध नहीं किया।**

उन्होंने कहा, ''हमने फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों को बातचीत के दौरान ट्रम्प की बात में सुधार करते हुये तथा यह कहते हुये देखा है कि वे (ट्रम्प) गलत हैं। दूसरी तरफ, नरेन्द्र मोदी के सामने, ट्रम्प भारत के लिये गलत-सलत बोलते रहे।''

कुमार ने कहा, ''वे (ट्रम्प) भारत को टैरिफ का उल्लंघनकर्ता कहते रहे, ''हम रेसिप्रोकल टैरिफ लगायेंगे,'' लेकिन नरेन्द्र मोदी खामोश बने रहे।''

कुमार ने कहा कि मोदी, ट्रम्प को अपना सर्वश्रेष्ठ मित्र बताते हैं, लेकिन वे ''भारत को अपमानित करने की लगातार कोशिश करते हैं।'' उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री की उपस्थिति में उन्होंने कहा, ''कोई भी मुझ से बहस नहीं कर सकता।''

कुमार ने कहा, ''भाजपा के लोग नरेन्द्र मोदी को ''विश्व गुरु'' कहते हुये थकते नहीं हैं, लेकिन जब प्रधानमंत्री

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# संभल जामा मस्जिद का पुरातत्व सर्वे

संभल, 27 फरवरी। उच्च न्यायालय के आदेश पर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की टीम संभल जामा मस्जिद का सर्वे करने के लिए पहुंची। जामा मस्जिद कमेटी के सदर जफर अली एडवोकेट व अन्य पदाधिकारी भी साथ रहे। एहतियाती तौर पर मस्जिद के आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। एएसआई की टीम ने

- **हाईकोर्ट के आदेश पर भारतीय पुरातत्व की टीम सर्वे कर रही है कि रमज़ान में मस्जिद की रंगाई पुताई व मरम्मत की जानी चाहिए या नहीं।**

करीब सवा घंटे तक मस्जिद की स्थिति का जायजा लिया।

इस रिपोर्ट के आधार पर ही जामा मस्जिद की पुताई और सजावट के लिए अनुमति का निर्णय तय हो सकेगा। संभल जामा मस्जिद कमेटी ने उच्च न्यायालय

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# ममता बनर्जी ने अपने कार्यकर्ता और नेताओं को, अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए युद्ध स्तर पर तैयारी करने का आह्वान किया

## ममता, हाल ही में हुए उपचुनाव में भाजपा की जीत व सरकार के खिलाफ असंतोष की भावना से अनभिज्ञ नहीं हैं

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रपति दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 22 फरवरी। बंगाल में चुनावी बिगुल बज उठा है। तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख और प.बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपनी पार्टी के लोगों को कहा है कि वे तैयार हो जाएं अगले चुनाव में पार्टी को विजयी बनाना है।

ममता ने कहा कि बंगाल को महाराष्ट्र या दिल्ली नहीं है उनकी यहां तृणमूल को अवश्य डराएगी। यह चुनाव ममता बनर्जी और उनकी पार्टी के लिए कड़ी चुनौती है क्योंकि हालिया दो राज्यों की जीत के बाद भाजपा पहले से ज्यादा ताकतवर हो गई है।

प्रदेश भाजपा नेता शुभेन्दु अधिकारी ने दावा किया कि हालिया चुनावी जीत से भाजपा का जनाधार बढ़ गया है और इसका असर बंगाल में महसूस किया गया है। भाजपा के प्रदेश नेतृत्व ने दावा किया कि हालिया नतीजो से तृणमूल कांग्रेस अपना जनाधार खिसकने के डर से आशंकित है।

ममता बनर्जी जानती हैं कि जनता में भारी असंतोष है और वो जो रेवडियां बांटती हैं उससे जनता का समर्थन नहीं मिलेगा। एक ट्रेनी डॉक्टर के दुष्कर्म और हत्या के मामले की जांच व कार्यवाही ने राज्य प्रशासन और सत्तारुढ़ पार्टी के प्रति नाराजगी और बढ़ा दी है। इसलिए ममता बनर्जी को अपनी पार्टी के निचले स्तर के कार्यकर्ताओं के बाहूबल पर ही भरोसा है।

- **पर, यह भी सच है कि ममता बनर्जी ने पार्टी व पुलिस प्रशासन पर कड़ा शिकंजा कसा हुआ है और अब चुनाव में जीत के लिये वे पार्टी के बाहुबलियों व पुलिस की लाठी पर पहले से कहीं ज्यादा निर्भर हैं।**
- **भारी जनाक्रोश व भ्रष्टाचार के बावजूद ममता को हराना संभव नहीं लगता, जब तक उनका शिकंजा ढीला नहीं पड़ता, क्योंकि अंततोगत्वा मतदान केन्द्र पर पड़े वोटों की संख्या पर जीत निर्भर करती है और वोट नहीं पड़ने दिये तो उन्हें कौन हरा सकता है।**

जबानी जंग के अलावा बंगाल के जो हालात हैं उनसे ऐसे ही लग रहा है कि अंदर ही अंदर गुस्सा पनप रहा है। पार्टी में भी असंतोष पनप रहा है कुछ गुट बेचैनी के संकेत दे रहे हैं। राज्य के अस्पताल में एक युवा डॉक्टर के दुष्कर्म हत्या के मुद्दे पर कानून व्यवस्था को लेकर असंतोष पैदा हो रहा है।

मामले की जांच और उसके बाद की पुलिस कार्यवाही से साफ पता चलता है कि प्रशासन व अपराधियों में सांठगांठ है। आम लोगों को यकीन है कि मौजूदा सरकार के कार्यकाल में न्याय नहीं मिल सकता है।

सवाल यह है कि तृणमूल इस जघन्य अपराध में शामिल अपराधियों को कवर अप देने में तृणमूल सरकार का क्या हित है। राज्य सरकार की आलोचना करने उसके बारे में बोलने पर पार्टी काफी कठोर रुख अपना रही है।

इसके अलावा पार्टी में ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक को साइडलाइन किया जा रहा है। हाल ही में ममता ने जोर देकर कहा है कि वो पार्टी की अध्यक्ष बनी रहेंगी और सारे निर्णय उनकी मंजूरी से ही लिए जाएंगे।

अभिषेक बनर्जी तृणमूल कांग्रेस के अखिल भारतीय महासचिव है वे काफी समय से शांत हैं। ममता बनर्जी ने अपनी सत्ता को पुनः स्थापित करने का प्रयास यह सुनिश्चित करने के लिए किया है कि कोई भी नाराज नेता अपनी बात कहने के लिए उनके पास ही आए। हर तरफ से पैसा जमा कराने का दबाव है इसलिए पार्टी बिखर रही है।

इसी के साथ यह भी सच है कि ममता बनर्जी पार्टी और राज्य के पुलिस प्रशासन पर अपनी पकड़ कायम रखना चाहती हैं अगर सत्तारुढ़ पार्टी तथा प्रशासन व पुलिस सांठगांठ पर पकड़ कमज़ोर हो गई तो चुनाव में जीतने की उम्मीद ना के बराबर रह जाएगी।

हालांकि अन्य दलों, जैसे भाजपा,

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# योगी को गिनीज़ बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने तीन प्रमाण पत्र दिए

महाकुंभनगर, 27 फरवरी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को मेला प्राधिकरण द्वारा बनाए गए तीन गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड का प्रमाण पत्र गुरुवार को भेंट किया गया।

- **पहला प्रमाण पत्र, एक ही समय में सर्वाधिक 329 लोगों द्वारा सफाई करने, दूसरा सर्वाधिक 19,000 कर्मियों द्वारा सफाई अभियान चलाने और तीसरा 8 घंटे तक 10,102 लोगों द्वारा हैंड प्रिंट का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के लिए है।**

इन तीन वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में से पहला, एक साथ सर्वाधिक लोगों (329) द्वारा एक ही समय में कई स्थलों पर नदी की सफाई, दूसरा, एक साथ सर्वाधिक संख्या 19 हजार सफाईकर्मियों द्वारा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

CMYK

## विचार बिन्दु

बदला लेने और प्रेम करने में नारी, पुरुष से आगे होती है। –नित्शे

# क्या राजस्थानी एक भाषा है और उसे संविधान की आठवीं सूची में लाने का कोई औचित्य है?

जयपुर में दिनांक 22 फरवरी, 2025 को बुक फेयर में राजस्थानी भाषा आठवीं अनुसूची और चुनौती विषय पर चर्चा हुई। विषय के विशेषज्ञ पद्मश्री सी पी देवल ने अपने विचार रखे। कवि एवं लेखक श्री सी पी देवल ने कहा कि राजस्थानी भाषा नहीं संस्कृति है धरोहर है। उन्होंने श्रोताओं का ध्यान इस तथ्य की ओर आकर्षित किया कि सन् 2003 में राजस्थान विधानसभा में सर्व सम्मति से राजस्थानी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने का प्रस्ताव पारित कर केन्द्र सरकार को भेजा, लेकिन इसका जवाब भी नहीं दिया गया। उनका कहना था कि राजस्थानियों को राजस्थानी भाषा बोलने में शर्म नहीं बल्कि गर्व महसूस करना चाहिये। श्री देवल ने सही कहा कि विभिन्न राज्यों का निर्माण भाषा के आधार पर हुआ है और उनकी भाषा को मान्यता प्राप्त कर उस भाषा को सम्मान दिया गया, लेकिन राजस्थानी को मान्यता नहीं दी गई। (यह कथन राजस्थान पत्रिका (माय सिटी) के पृष्ठ 10 पर, जयपुर रविवार 23 फरवरी 2025 के अंक में प्रकाशित हुआ है)। एक अन्य समाचार पृष्ठ 12 पर पढ़ने को मिला है, उसका सम्बन्ध विश्व मातृभाषा दिवस पर मारवाडी इन्टरनेशनल फेडरेशन की ओर से आयोजित कार्यशाला से है। कार्यशाला में यह प्रस्ताव पारित हुआ है राजस्थानी भाषा को प्रदेश की राज्य भाषा का दर्जा दिलाने एवं राष्ट्रीय स्तर पर संवैधानिक मान्यता दिलाने के लिये देश प्रदेश के विभिन्न प्रतिनिधियों को ज्ञापन भेजा जावेगा।

राजस्थान हिन्दी भाषी राज्य है। यह देश का प्रथम राज्य रहा है, जहां यह घोषणा की गई थी कि उच्च न्यायालय का कार्य हिन्दी में होगा। राजस्थान हाईकोर्ट ऑर्डिनेन्स, 1948 में इसका स्पष्ट उल्लेख है। चूंकि 26.1.1950 को भारत का संविधान लागू हो गया, अतः यह प्रावधान अप्रभावी हो गया। कुछ समय से यह आवाज उठाई जा रही है कि राजस्थानी को संविधान की आठवीं सूची में शामिल किया जावे।

राजस्थान मातृभाषा वासते महाराजा गजसिंहजी ने एक अपील निकाली और राजस्थानी भाषा को 8वीं अनुसूची में शामिल करने की चर्चा से, देश में भाषाई विवाद की राजनीति गर्म हो उठी। राजस्थान विधान सभा ने दिनांक 25.08.2003 को यथा ब्रज, ढूँढाड़ी, मारवाडी, मेवाडी, बागडी, हाडौती, शेखावाटी आदि को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किये जाने का एक संकल्प पारित कर दिया। प्रश्न है क्या हिन्दी जो राज्य भाषा है राष्ट्रभाषा है, उसके विकल्प में राजस्थानी को जो वस्तुतः बोलियों का एक समूह है उसे उपभाषा बनाया जावे और हिन्दी को अपने स्थान से पदच्यूत किया जावे। संकल्प पारित करने वालों ने स्पष्ट किया कि राजस्थानी से उनका अभिप्राय राजस्थान में बोली जाने वाली बोलियों से है जिनका उल्लेख दिनांक 25.08.2003 के संकल्प पत्र में दिया है।

भाषायी सर्वेक्षण 1914 एक पुस्तक के रूप में प्रकाशित हुई थी, जिसका नाम था लिंग्विस्टिक सर्वे ऑफ इण्डिया, जिसमें राजपूताना की तत्कालीन रियासतों में बोली जाने वाली बोलियों के नाम दिये हैं, किन्तु उनमें राजस्थानी नाम की कोई बोली का नाम नहीं है। वस्तुतः 1947 से पूर्व राजस्थान राज्य का प्रयोग रियासतों के समूह के रूप में कभी भी नहीं किया गया। रियासतों के समूह का नाम था राजपूताना। राजस्थान के विभिन्न भागों में बोली जाने वाली बोलियों को सामूहिक रूप से राजस्थानी नाम दिया गया है। इसमें संदेह नहीं है कि इन बोलियों में कई बोलियों का अपना साहित्य हो सकता है किन्तु ये बोलियां कुछ जिलों में ही बोली जाती हैं। मारवाडी केवल 5 जिलों में बोली जाती है हाडौती केवल कोटा, बूंदी, झालावाड की बोलियां थीं। राजपूताने की रियासतों में हिन्दी पढ़ाई जाति थी। बोलियां कभी शिक्षा की भाषा नहीं थी अर्थात् हिन्दी ही शिक्षा दीक्षा की भाषा थी। राजस्थान, उत्तरप्रदेश, बिहार, मध्यप्रदेश, हिमाचल, दिल्ली, छत्तीसगढ़, झारखण्ड व उत्तरांचल विधिवत घोषित हिन्दी भाषाई राज्य हैं। स्पष्ट है राजपूताने की रियासतों में पहली क्लास से हिन्दी पढ़ाई जाती थी। दसवीं कक्षा की दक्षता प्राप्त करने हेतु राजपूताना बोर्ड था। हिन्दी मातृभाषा थी और आज भी है। संविधान की आठवीं सूची में इसी कारण हिन्दी का उल्लेख है। समूचे भारत में हिन्दी बोली व समझी जाती है।

गांधी का सूत्र वाक्य था कोई भी देश सच्चे अर्थों में जब तक स्वतंत्र नहीं है जब तक वह अपनी भाषा में नहीं बोलता, यदि भारत को एक राष्ट्र बनाना है तो चाहे कोई माने या न माने राष्ट्रभाषा तो हिन्दी ही बनेगी। गांधी ने कहा था कि मेरे लिये हिन्दी का प्रश्न तो स्वराज्य का प्रश्न है यही कारण था भारतीय संविधान के अनुसार अनुच्छेद 343 में संघ की राजभाषा हिन्दी होगी यह घोषणा की है। रविन्द्रनाथ टैगोर के विचार में, किसी भी अन्य देश में विदेश भाषा के माध्यम से शिक्षा प्रदान नहीं की जाती।

आजादी के बाद संविधान बनाने के हेतु एक संविधान निर्मात्री असेम्बली 29.8.1947 को गठित की गई थी, जिसने फरवरी 1948 को ड्राफ्ट बनाकर दिया। इस पर चर्चा हुई। 26 नवम्बर 1949 को लगभग 300 सुझावों पर चर्चा के पश्चात् संविधान अंगीकृत किया गया तथा 26.01.1950 को संविधान लागू हुआ। 14 नवम्बर 1949 को संविधान सभा ने राजभाषा के रूप में हिन्दी को स्वीकार किया। संविधान के भाग-XVII के चेप्टर-I में राजभाषा सम्बन्धित विषय है। इस संबंध में निम्नलिखित विचार काफी प्रासंगिक है:–

**लेखक का सभी विद्वानों से अनुरोध है कि वे राजस्थानी को अर्थात् राजस्थान में बोलने वाली बोलियों को यानी मारवाडी, ब्रज, हाडौती, बागडी, ढूंढाडी आदि को हिन्दी का विकल्प बनाने का कोई प्रयत्न न करें। यह राष्ट्रभाषा व संविधान का अपमान होगा और इसका कोई लाभ हिन्दी भाषी लोगों को नहीं होगा।**

"हम सबने जो अन्तिम निर्णय लिया है वह है कि हमने हिन्दी को राजभाषा के रूप में अंगीकार किया है। राजकीय आयोजन हेतु इसका प्रयोग होगा। हमने लक्ष्य प्राप्त किया है तो हमें अंग्रेजी को जिसे हमने अपनाया था उसे विदाई देनी होगी। हिन्दी को अंग्रेजी के स्थान पर अंगीकार करने का कार्य हमने किया है। अंग्रेजी के स्थान पर हिन्दी को लाने का हमारा निर्णय महत्वपूर्ण है।"

संविधान के अनुसार प्रत्येक राज्य की भाषा क्या होगी, कानून बनाकर उसे घोषित करना था। सभी राज्यों के अपने अपने कानून हैं। राजस्थान की राजभाषा राजस्थान भाषा अधिनियम के अनुसार हिन्दी है। संविधान के अनुसार भारत में केवल वे भारतीय भाषायें ही प्रयोग में लाई जा सकती हैं, जिनका उल्लेख आठवीं अनुसूची में दिया है। वर्तमान में ऐसी भाषायें 22 हैं। इसमें अंग्रेजी को कोई स्थान नहीं दिया है। अंग्रेजी एक विदेशी भाषा है। अंग्रेजी भारत के लोगों की मातृभाषा नहीं है। प्रत्येक राज्य की राजभाषा एक होती है, जो वहां सबसे अधिक बोली व समझी जाती है। राज्य बडा हो, वहां 2 भाषायें काम में आती हों तो वहां 2 राजभाषा हो सकती हैं।

संविधान निर्माताओं ने अनुच्छेद 343 के माध्यम से घोषणा की है कि संघ (राष्ट्र) की राजभाषा हिन्दी व लिपि देवनागरी होगी। संविधान में दी व्यवस्था के अनुसार संविधान लागू होने के 15 वर्ष की अवधि में शासकीय प्रयोजन के लिये अंग्रेजी भाषा का प्रयोग किया जाना था। यह व्यवस्था थी कि 15 वर्ष की अवधि के बाद संसद चाहे तो कानून बनाकर अंग्रेजी का प्रयोग कुछ विशिष्ट विषयों तक सीमित कर सकता है। यहां संसद ने कोई कानून इस हेतु नहीं बनाया है और इतना ही नहीं, अंग्रेजी का प्रयोग पूर्ववत् ही होता रहा। यदि हम संविधान के अनुच्छेद 120 पर विचार करें तो उससे यह स्पष्ट होगा कि यदि कोई सांसद अपनी बात को अंग्रेजी में सही रूप से अभिव्यक्त नहीं कर सके तो उसे उसकी मातृभाषा में अभिव्यक्त करने की अनुमति स्पीकर दे सकता है। साथ ही अनुच्छेद 120 की उपधारा (2) में यह व्यवस्था है कि जब तक संसद विधि द्वारा अन्यथा उपबंध न करे, यह प्रावधान ऐसे प्रभावी होगा मानो शब्द 'Or In English' का प्रयोग उसमें से विलोप कर दिया गया है। अतः ऐसा न किये जाने के फलस्वरूप, अब अंग्रेजी का प्रयोग नहीं हो सकता। यह ध्यान में रखना होगा कि विधान सभा की कार्यवाही में भी इसी प्रकार का प्रावधान अनुच्छेद 210 में दिया गया है।

उपरोक्त विवेचन स्थिति को स्पष्ट करते हुये यह घोषणा करता है कि हिन्दी स्वतः देश की राजभाषा हो चुकी है।

तामिलनाडू में हिन्दी का विरोध एक राजनीतिक घटना है। दक्षिणी राज्यों में त्रिभाषा का फार्मूला लागू करने के हेतु एक व्यावहारिक कदम उठाना चाहिये। हिन्दी जन-जन की भाषा है।

संविधान के भाग XVII व चेप्टर I व II के पढने मात्र से स्पष्ट होगा कि हिन्दी भारत की राजभाषा है। आठवीं अनुसूची में किसी भाषा को जोडने के हेतु संविधान संशोधन द्वारा ही किया जा सकता है। आजादी के बाद भारत का पुनर्गठन प्रान्तों के रूप में भाषा के आधार पर हुआ था। अनुच्छेद 343, अनुच्छेद 344 व अनुच्छेद 351 से स्पष्ट होगा कि हिन्दी को सशक्त बनाने का प्रयत्न किया गया है। भारत की बडी आबादी हिन्दी बोलती है, समझती है। हिन्दी भारत के अतिरिक्त फिजी, ब्रिटेन, कनाडा, अमेरिका, मारिशस, गुयाना, आस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, केन्या, यूकांडा, सूरीनाम, मिनिदाड, टोबैगा आदि देशों में बोली जाती है। संविधान की प्रक्रिया के अनुसार 26 जनवरी, 1965 से हिन्दी राष्ट्र भाषा हो चुकी है। अजीब हमारा देश है, जहां राष्ट्रीय पक्षी है और राष्ट्रीय पक्षी पर ऑन रेकार्ड इसकी कोई राष्ट्रभाषा नहीं है। राष्ट्रभाषा आयोग ने आठवीं अनुसूची की भाषाओं से हिन्दी के शब्दकोश को समृद्ध किया था। वस्तुतः दिनांक 26.01.1965 के बाद आठवीं सूची का अभिप्राय समाप्त हो चुका है।

राजस्थान में बोलने वाली बोलियों को समझने वाले व्यक्ति ही अब नहीं के बराबर हैं। लेखक ने लगभग 70-80 व्यक्तियों के परिवार में जिनका संबंध कोटा से रहा है, उनमें उनके अतिरिक्त हाडौती बोली बोलने व समझने वाला कोई व्यक्ति नहीं है। राज्य में महात्मा गांधी अंग्रेजी स्कूल खोले जा रहे हैं, वहां अंग्रेजी में शिक्षा दी जाती है, जबकि गांधी ने तो सन् 1918 ही में हिन्दी को राष्ट्रभाषा होने का दावा किया था।

लेखक का सभी विद्धानों से अनुरोध है कि वे राजस्थानी को अर्थात् राजस्थान में बोलने वाली बोलियों को यानी मारवाडी, ब्रज, हाडौती, बागडी, ढूंढाडी आदि को हिन्दी का विकल्प बनाने का कोई प्रयत्न न करें। यह राष्ट्रभाषा व संविधान का अपमान होगा और इसका कोई लाभ हिन्दी भाषी लोगों को नहीं होगा। हम सब मिलकर केन्द्र पर दवाब बनायें कि हिन्दी में ही प्रशासकीय कार्य करें और हिन्दी को राष्ट्रभाषा मानकर संविधान के प्रति अपनी निष्ठा प्रदान करें। राजस्थान हिन्दी भाषी राज्य है अतः हमारा कर्त्तव्य है कि हम इसे राष्ट्रभाषा के पद पर वास्तविक रूप से आसीन करें।

आइये हम सब राजस्थान के निवासी मिलकर राजस्थान की बोलियों के साहित्य को समृद्ध करें तथा बोलियों के शब्दों से हिन्दी को और अधिक सशक्त और प्रभावी बनायें और हिन्दी को विश्व की भाषा बनाने में सहयोग प्रदान करें जिसकी वह अधिकारिणी है।

जय राष्ट्रभाषा हिन्दी!

**–अतिथि सम्पादक,**
**पानाचन्द जैन**
**पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाई कोर्ट**

# इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीन को लेकर उठते विवादों का व चुनाव आयोग की साख का समाधान क्या



**महावीर सिंह**

कुछ समय पूर्व महाराष्ट्र विधान सभा से लिए चुनाव हुए। कौन दल कितनी सीटे जीत सकता है, इस पर मतदान से पहले कयासबाजी व विभिन्न पोल सर्वे चलते रहे। जनता के सामने इन सर्वेज पर आधारित आंकड़े परोसे जाते रहते है। इस प्रकार के बहुत से कार्यक्रम राजनीतिक दलों द्वारा या उनके साथ सहनुभूति रखने वाले व्यक्तियों, संगठनों द्वारा वित्तपोषित भी होते है।

ऐसे ओपिनियन पोल सर्वेज की निष्पक्षता पर संदेह होना लाजमी है। कुछ पोल-ओपीनियन सर्वेज कुछ अच्छे ख्याति प्राप्त प्रोफेशनल सर्वे संगठनों द्वारा भी किए जाते है जिनकी विश्वसनीयता कुछ ज्यादा होती है।

महाराष्ट्र विधान सभा चुनाव में जैसे चुनाव परिणाम आए उन्होंने कुछ राजनीतिक दलों और राजनीतिक विश्लेषकों को चौका दिया। चुनाव के आखरी चरण में, लाडकी बहन योजना के अंतर्गत जारी धनराशि के प्रभाव व अघाड़ी के दलों दलों की मन भिन्नता के चलते लोक मत महायुति की तरफ खिसकता तो नजर आने लग गया था किंतु महाविकास अघाड़ी की जैसी करारी हार हुई, उस की तो शायद ही किसी नें कल्पना की हो।महाविकास अघाड़ी को चुनाव की दृष्टि से महाविनाश का सामना करना पड़ा।

बड़ा प्रश्न यह है कि इन परिणामों के आने के बाद वोटिंग मशीनों की विश्वस्नीयत पर फिर बड़े पैमाने पर सवाल उठाए गए। ऐसा ही, शोलापुर जिले के एक गांव मर्करवाड़ी में हुआ। उसकी देखादेखी अन्य कुछ गांवों से भी ऐसी ही आवाज उठी।

मर्करवाड़ी ग्रामवासियों में से मुखर लोगों का मानना था कि यहां महायुति उम्मीदवार का एक भी मत नहीं था तो फिर उसे इतने अधिक मत मिले कैसे? उनके अनुसार गांव में जैसा माहौल उन्होंने देखा उसके अनुसार उस गांव में सारे मतदाता अघाड़ी के पक्ष में थे।

यहां प्रश्न यह उठता है कि--- मतदान गुप्त होता है, तो, यह इतने विश्वास से कैसे कहा जा सकता है कि कुछ मतदाताओं नें युति के उम्मीदवार को वोट दिया ही नहीं?? मतदान से पहले कुछ मतदाता खुल कर किसी पार्टी, उम्मीदवार का प्रचार करते है और कुछ शांत रहते है। ऐसे शान्त रहने वालों के मन की थाह का कैसे पता चला उन लोगों को जो इस प्रकार का मतदान करवाना चाहते थे?

अगर भिन्न-भिन्न दल मतदान केंद्र पर अपने पोलिंग एजेंट नियुक्त करते है तो यह पहला सबूत है कि जिस पार्टी के पोलिंग एजेंट बैठे है, उस दल को कुछ मत तो जरूर मिले होंगे बशर्ते पोलिंग एजेंट नें ऐन मौके पर अपनी निष्ठा नहीं बदल ली हो। इसलिए प्रथम दृष्टया तो इस बात पर विश्वास नहीं किया जा सकता कि कोई इतने विश्वास से कहे कि किसी विशेष मतदान केंद्र पर किसी दल को कोई मत पड़े ही नही।

यदि कोई मतदान केंद्र ऐसा हो भी कि उस पर एक दल के अलावा किसी ओर के लिए मत पड़ेंगे ही नहीं तो भी होशियार कार्यकर्ता यह सुनिश्चित करते है कि कुछ मत अन्य उम्मीद्वारों को जरूर पड़े ताकि पुनर्मतदान की मांग न उठे।

इसलिए चूंकि मतदान गोपनीय होता है, पोलिंग स्टेशन पर विभिन्न दलों, उम्मीदवारों के एजेंट्स के सामने होता है और पुलिस, प्रशासन की चाकचौबंद व्यवस्था होती है इसलिए मर्करवाड़ी के लोगों द्वारा उठाई आपत्ति, प्रथम दृष्टया सही तो नहीं लगती।

सवैधानिक संस्थाओं के लिए चुनाव संविधान व इसके लिए बने विधान के प्रावधानों के अनुसार होते है। इससे भिन्न कोई भी किसी भी प्रकार से लोक सभा, विधान सभा के चुनाव कर ही नहीं सकता। यदि कुछ लोग अपने स्तर पर ऐसी कोई कार्यवाही करते भी हैं तो वह पूर्णतः प्रभाव शून्य व निरर्थक होती हैं। हां, कुछ राजनीतिक दल इसे सत्ता पक्ष व चुनाव आयोग की साख पर बट्टा लगाने के लिए प्रचारित आवश्य कर सकते हैं।

कल्पना कीजिए कि 2,4,5 गांवों के लोग अपने क्षेत्र के थाने के क्रियाकलापों से 100 प्रतिशत असंतुष्ट है क्योंकि वहां अपराध करने वाले थाने के स्टाफ से मिले हुए है और हर प्रकार के अपराध बेलगाम करते आ रहे है। क्या इस का विकल्प गांववासियों द्वारा बिना कानून के समानांतर थान स्थापित करना है?? ऐसा दूसरे सरकारी कार्यालयों के लिए भी हो सकता है। इससे तो पूर्णतः अराजकता की स्थिति ही उत्तपन्न होती है। इसलिए ऐसे विकल्प सही नहीं ठहराए जा सकते।

इसका अर्थ यह भी नही हो सकता कि मतदान प्रक्रियों के सम्बंध में सवाल खड़े ही नही जाएं। इसके लिए उचित वैधानिक प्लेटफार्म्स का उपयोग हो अथवा जन आंदोलन से ध्यानाकर्षण होना चाहिए।

यह सही है कि मतदान केंद्रों पर मतदान व्यवस्था अत्यंत कुशलता पूर्वक व पारदर्शी तरीक़े से जरूर की जाती है किन्तु जन मानस में निर्वाचन आयोग की विश्वस्नीयत पर वह विश्वास नहीं रहा जो शेषन व उनके पश्चातवर्ती कई मुख्य चुनाव आयुक्तों के समय था। इसके लिए आयोग व समय समय पर रही सरकारें दोनों ही जिम्मेदार हैं।

विभिन्न चुनावों की घोषणाओं के समय के पूर्व से यह साफ दिखाई देने लगता है कि चुनाव आयोग मतदान कार्यक्रम घोषित करने के आसपास की समयावधि में, सत्ताधारी दल को इतना अधिक समय देता है जिसमें वह ताबड़तोड़ पुराने प्रोजेक्ट्स को तीव्र गति से पूर्ण कर, उनका उद्घाटन कर सके, नए प्रोजेक्ट्स की घोषणा-शिलान्यास आदि कर सके और सरकारी खर्चों पर इन कार्य के लिए बड़ी रैलियां आयोजित कर, चुनाव की तारीखों की घोषणा से पहले ही अपना चुनावी प्रचार कार्यक्रम प्रारम्भ कर सके।

चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर उस समय अवश्य अंगुली उठेगी जब वह कई बडे नेताओं द्वारा अचार संहिता के सरासर उल्लंघन वाले और संविधान भावन के पूर्णतः विपरीत भाषण देते है और चुनाव आयोग उनके विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने के बजाए उनके राजनीतिक दलों के अध्यक्षों से स्पष्टीकरण मांगता है।

चुनाव आयोग की साख पर सवाल तो उठेंगे यदि डिजिटल युग में, ईवीएम से मतदान के बाद, मतदान केंद्रों पर कुल मतदान के आंकडे कई दिनों बाद तक कई बार रिवाइज किए जाएंगे।

चुनाव आयोग के आयुक्तों की नियुक्ति केवल व केवल सरकार की इच्छानुसार होगी तो आयोग की साख पर अंगुली तो उठ सकती है।

वैसे चुनावों में धांधली के आरोप कोई नई बात नहीं। 1971 में श्रीमती इंदिरा गांधी की प्रचंड विजय पर भी यह कह कर संदेह उत्तपन्न किया गया था कि बैलेट पेपर रूस से आया है और विपक्षियों के पक्ष में पड़े मतों में से कुछ पर निसान स्वतः समाप्त हो जाता है किंतु आरोप कुछ ज्यादा बचकाना था, इसलिए आम जनता नें इसे माना नहीं। बूथ कैप्चरिंग, कमजोर वर्गों को मतदान नहीं करने देने के आम आरोप तो प्रायः हर चुनाव के बाद लगते ही थे।

जन मानस में निर्वाचन आयोग की साख उच्चतम स्तर की हो इसकी सर्प्रथम जिम्मेदारी तो आयोग की ही है। आयोग चाहे तो किसी राजनीतिक दल की हिम्मत तक नही हो सकती कि वह गैरवाजिब बातें आयोग से मनवा सके। इसके बाद सरकार व राजनीतिक दलों की भी जिम्मेदारी है। वे अनावश्यक आरोप नही लगाएं और सरकारें अपनी मर्जी के निर्णयों के लिए कोई हस्तक्षेप न करे।

**–महावीर सिंह,**
**पूर्व आईएएस**

## करौली में 26 परीक्षा केंद्रों पर हुई रीट परीक्षा

**करौली।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा रीट 2024 जिले के 26 परीक्षा केंद्रों पर गुरुवार को दो पारियों में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। वहीं परीक्षा का अंतिम चरण आज शुक्रवार को आयोजित होगा। परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए प्रशासन द्वारा कड़े इंतजाम किए गए थे। प्रत्येक पांच परीक्षा केंद्रों पर एक मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की गई थी और पुलिस व प्रशासन को पूरी तरह अलर्ट मोड पर रखा गया था।

रीट परीक्षा के पहले सत्र में कुल 11,016 अभ्यर्थी रजिस्टर्ड थे जिनमें से 10,377 उपस्थित रहे जबकि 639 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। वहीं, दूसरी पारी में 10,712 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 10,303 ने परीक्षा दी, जबकि 409 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय माध्यमिक इंद्रेश तिवाड़ी ने बताया कि परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए इस बार सभी परीक्षा कक्षों में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। इससे पूरी परीक्षा प्रक्रिया पर कड़ी निगरानी रखी गई। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए थे।

## एनसीआर से भरतपुर को बाहर निकालने की जरूरत : डॉ. सुभाष गर्ग

**भरतपुर** (निस)। स्थानीय विधायक एवं पूर्व मंत्री डॉ. सुभाष गर्ग ने विधान सभा में भरतपुर के औद्योगिक विकास के साथ-साथ अन्य कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए बल्कि राज्य स्तर की कई समस्याओं की ओर भी भजन लाल सरकार का ध्यान आकर्षित किया। भरतपुर क्षेत्र से जुड़े प्रमुख मुद्दों में यमुना का पानी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, आरबीएम अस्पताल में सुपर स्पेशियलिटी सेवाओं समेत कई मामले शामिल हैं। बजट बहस में सम्मिलित होते हुए डॉ. सुभाष गर्ग ने सबसे पहले मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का इस बात के लिए आभार व्यक्त किया कि भरतपुर क्षेत्र के लिए बजट में कई घोषणाएं की गई हैं। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद भरतपुर संभाग मुख्यालय होने के बावजूद विश्वविद्यालय के लिए तरस रहा है। यह उच्च शिक्षा के लिए जो संस्थान होने चाहिए, वे वहां नहीं है। इसलिए विद्यार्थियों को बाहर जाना पड़ता है। इससे उनके परिजनों पर आर्थिक भार भी बढता है। डॉ. गर्ग ने सदन को बताया कि एनसीआर (नेशनल कैपिटल रीजन) और टीटीजेड में होने की वजह से वहां नई इंडस्ट्रीज नहीं आ पा रही हैं। जो पुरानी इंडस्ट्रीज वहां है, वे भी बंद हो गई हैं। इसलिए अब यहां सबसे ज्यादा जरूरत तकनीकी संस्थानों की है। भरतपुर में आईटी हब बनाए जाने की जरूरत है। इसके साथ ही यहां स्पेशल इलेक्ट्रॉनिक हब बनाए जाने की जरूरत है, ताकि युवाओं के लिए रोजगार के अधिकतम अवसर पैदा हो सकें। डॉ. सुभाष गर्ग ने कहा कि भरतपुर की सबसे पुरानी और बड़ी समस्या है यमुना का पानी। उन्होंने कहा कि साल 1994 में 5 राज्यों के बीच यमुना जल समझौता हुआ था। इसके तहत डीग और भरतपुर जिलों को यमुना से 1281 क्यूसेक पानी मिलना था। लेकिन, दुर्भाग्य से अभी 800 क्यूसेक पानी ही मिल पा रहा है। करीब 400-450 क्यूसेक पानी भरतपुर-डीग को उनके हिस्से का मिलना बाकी है। उन्होंने कहा कि इसके लिए हरियाणा से कोई सहमति आनी थी। वह अभी तक नहीं आई है। जिस तरह मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हाल ही हरियाणा से बात करके चूरू-झुंझुनूं के लिए जल समझौता किया है और उसके तहत उन्हें ताजेवाला हैड से पानी मिलना तय हुआ है। उसी तरह डीग और भरतपुर जिलों को भी ओखला हैड से पूरा पानी मिलना चाहिए। डॉ. सुभाष गर्ग ने सदन में भरतपुर की मांगें रखते हुए कहा कि पिछली बजट घोषणाओं के तहत आरबीएम अस्पताल में जल्द ही 10 सुपर स्पेशियलिटी सेवाएं जल्द शुरू की जानी चाहिए। इसके साथ ही ऊंदरा, बरसो, गामरी समेत अन्य जगह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोले जाने चाहिए। हालांकि हाल ही बजट में भरतपुर के लिए 2 ठिाड सब स्टेशनों की घोषणा की गई है। लेकिन, जाटोली रथभान में भी एक जीएसएस मंजूर किया जाना चाहिए। उनके गांव पीपला में अस्थाई पुलिस चौकी खोली गई थी, जिसे स्थाई करते हुए भवन बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के कार्य नगरीय निकायों और पंचायतों को सौंपे जाने चाहिए। विश्वविद्यालय शिक्षकों की पेंशन संबंधी मुद्दा उठाते हुए डॉ. गर्ग ने सरकार से आठाह किया कि शिक्षकों की मांग सुनी इसी तरह हाल ही में विश्वविद्यालयों में कुलपति का नाम कुलगुरू किया गया है।

## हिण्डौन में बादल छाए, हल्की बारिश के आसार

**हिंडौन सिटी।** क्षेत्र में गुरुवार को मौसम में ठंडक बनी हुई है। बादल छाने के साथ हल्की ठंडी हवाओं का दौर जारी है। तापमान में आई गिरावट से मौसम का मिजाज बदल गया है। मध्य सप्ताह में 30 डिठाी तक पहुंचा तापमान अब दो डिठाी नीचे आ गया है। मौसम विभाग के अनुसार, नए पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से 27 फरवरी से 1 मार्च के बीच हल्की बारिश की संभावना है।

मौसम में आए इस बदलाव से कृषि कार्य प्रभावित हो रहे हैं। खेतों में खड़ी सरसों की फसल को लेकर किसान चिंतित हैं। हालांकि, गेहूं की फसल के लिए यह मौसम अनुकूल माना जा रहा है। क्षेत्रवासियों के पहनावे और खानपान में भी बदलाव देखा जा रहा है। बच्चे, बुजुर्ग और बीमार लोग अभी भी गर्म कपड़ों में नजर आ रहे हैं। बुधवार को भी क्षेत्र में बादल छाए रहे और सर्द हवाओं से ठिठुरन महसूस हुई। कृषि मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, उत्तर-पश्चिम भारत में नए विक्षोभ सक्रिय होने से मौसम में बदलाव आया है। आगामी एक सप्ताह तक तापमान 27-28 डिग्री के बीच रहने की संभावना है।

# अजमेर जिला कलक्टर लोक बन्धु ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

**अजमेर** (कासं)। जिला कलक्टर लोक बन्धु द्वारा गुरूवार को विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर अध्यापक पात्राता परीक्षा आयोजन से संबंधित व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया।

अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं नोडल परीक्षा वंदना खोरवाल ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान द्वारा गुरूवार एवं शुक्रवार को अध्यापक पात्राता परीक्षा (रीट) 2024 का आयोजन किया जा रहा है। इस परीक्षा के सफल आयोजन के लिए जिला कलक्टर लोक बन्धु द्वारा गुरुवार को निर्धारित परीक्षा केंद्रों में से राजकीय जवाहर उच्च माध्यमिक विद्यालय,

**■ अध्यापक पात्राता परीक्षा (रीट)-2024**

सेंट फ्रांसिस सीनियर सैकण्डरी स्कूल एवं सेंट मैरीज कॉन्वेंट सीनियर सैकण्डरी स्कूल परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। यहां पर नियमानुसार सुरक्षा एवं परीक्षार्थियों की लिए उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं का अवलोकन किया। दिव्यांग अभ्यार्थियों को माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान द्वारा निर्धारित सुविधाएं जांची गई।

उन्होंने बताया कि जिला कलक्टर द्वारा परीक्षा से जुड़े कार्मिकों एवं अधिकारियों को माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान के निर्देशानुसार परीक्षाएं संपादित करने के निर्देश दिए। प्रत्येक अभ्यर्थी की पहचान सुनिश्चित की गई। परीक्षा की पूर्ण गोपनीयता बनाए रखते हुए परीक्षा का सुचिता के साथ सफल आयोजन सुनिश्चित किया गया।

## राशिफल शुक्रवार 28 फरवरी, 2025



पंडित अनिल शर्मा


फाल्गुन मास, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा तिथि, शुक्रवार, विक्रम संवत 2081, शतभिषा नक्षत्र दिन 1:40 तक, सिद्ध योग रात्रि 8:07 तक, किस्तुघ्न करण प्रातः 8:35 तक, चन्द्रमा शनिवार प्रातः 5:58 से मीन राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-कुम्भ, चन्द्रमा-कुम्भ, मंगल-मिथुन, बुध-मीन, गुरू-वृष, शुक्र-मीन, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।


आज कुमार योग दिन 1:40 से रात्रि 3:17 तक है। आज पंचक है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर सूर्योदय से 8:22 तक, लाभ-अमृत 8:22 से 11:14 तक, शुभ 12:40 से 11:14 तक, चर 4:57 से सूर्यास्त तक।


**राहूकाल:** 10:30 से 12:00 तक। सूर्योदय 6:56, सूर्यास्त 6:23



**मेष**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।




**वृष**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे।




**मिथुन**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक यात्रा संभव है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




**कर्क**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों में परेशानी हो सकती है। शुभ कार्यों में व्यवधान हो सकता है। यात्रा शुभ नहीं रहेगी।



**सिंह**
परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे।




**कन्या**
आर्थिक मामलों से संबंधित परेशानियां दूर होने लगेगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।




**तुला**
परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्यों में समय व्यतीत होगा। व्यावसायिक योजना बनेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**वृश्चिक**
घर-परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**धनु**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित सुविधाएं बढ़ेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।



**मकर**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक यात्रा संभव है। आर्थिक विवादों से राहत मिलेगी।



**कुंभ**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। व्यक्तिगत प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**मीन**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि होगी। अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा। मन में असंतोष बना रहेगा। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।



राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा रीट 2024 गुरूवार को दो पारियों में आयोजित की गई। परीक्षा सेंटर पर पहुंचने में स्टूडेंट्स को बहुत परेशानी का सामना पड़ा क्योंकि सहर की सड़कें विकास कार्यो के चलते हर तरफ खोद के छोड़ दी गई है। एग्जाम शुरू होने से एक घण्टे पहले एंट्री बंद करने से कुछ भागकर पहुंचे तो कुछ रह गए। लंबी लाइन भी लगी। फ़ोटो : दिनेश भारद्वाज

# डबल इंजन की सरकार जनता का कर्जा उतारने का काम करेगी : दिया कुमारी

जयपुर। प्रदेश की उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री दीया कुमारी ने गुरुवार को बजट बहस का जवाब देते हुए अनेक घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि अगले साल यूथ फेस्टिवल और राजस्थान डीजी फेस्ट का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश के स्कूल-कॉलेज में नए संकाय खोले जाएंगे। अजमेर में नया मल्टी स्टेडियम बनेगा। अगले साल से अटल इनोवेशन अवॉर्ड देने की घोषणा।

बजट बहस का जवाब देते हुए दीया ने कहा कि राजस्थान के बजट का हर वर्ग ने स्वागत किया है। सबका साथ, सबके विकास की धारणा के आधार पर हम आगे बढ़ रहे हैं। बहुत से विपक्ष के साथियों को तो बजट बहस में भाग लेने का मौका ही नहीं मिला। विपक्ष के कुछ विधायकों को बजट में आलोचना करने लायक बहुत ज्यादा नहीं मिला। प्रदेश की जनता को कर्ज में डुबोने का आरोप गलत है, कर्ज में डुबाने का काम तो आपने किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आशीर्वाद और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार प्रदेश की जनता का कर्ज उतारेंगी।

## वित्त मंत्री की प्रमुख घोषणाएं

- मां योजना में स्किन ट्रांसप्लांट हो सकेगा। रोबोटिक सर्जरी और नए पैकेज जोड़े जाएंगे।
- संभाग स्तरीय मेडिकल कॉलेज में 14 नए पैरामेडिकल कोर्स शुरू किए जाएंगे।
- हॉस्पिटल मैनेजर्स का अलग से कैडर बनेगा, अस्पतालों के मैनेजमेंट के लिए अलग से स्टाफ होगा।
- राजस्थान डिजिटल हेल्थ मिशन के तहत आईपीडी मरीजों के लिए सिंगल विंडो रजिस्ट्रेशन सिस्टम शुरू होगा।
- प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर स्थानीय पेंटिंग बनाई जाएगी, इस पर 35 करोड़ रुपए खर्च होंगे।
- आपदा राहत के लिए 55 क्विक रिस्पॉन्स व्हीकल उपलब्ध कराए जाएंगे।
- बीकानेर बांसवाड़ा सहित नए शहरी निकायों में अग्निशमन वाहन उपलब्ध कराए जाएंगे। इस पर 1050 करोड़ रुपए खर्च होंगे।
- शाहपुरा में इंडस्ट्रियल पार्क बनाया जाएगा, लालसोट में वुड पार्क बनेगा।
- दिव्यांगों के लिए अलग से टॉयलेट बनाए जाएंगे।
- अगले साल 5000 आंगनबाड़ी भवनों की मरम्मत होगी।
- 3236 छोटे बांधों को पंचायत से जल संसाधन विभाग को ट्रांसफर किए जाएंगे। सिंचाई सुविधाओं के लिए 240 करोड़ से ज्यादा के काम करवाए जाएंगे।
- पीने का पानी उपलब्ध कराने के लिए 330 करोड़ से ज्यादा के काम होंगे।
- 1870 करोड़ की लागत से सड़कों की मरम्मत और अपग्रेडेशन के काम होंगे।
- प्रदेश में बायो इनफॉर्मेटिक्स डेटाबेस स्थापित किया जाएगा।
- प्लास्टिक वेस्ट इकट्ठा करने के लिए स्कीम चलेगी ,प्लास्टिक बैग की जगह कपड़े के बैग दिए जाएंगे।







# डिलीवरी बॉय का अपहरण कर लूट की वारदात को अंजाम देने वाली गैंग का पर्दाफाश

## मुख्य सरगना गिरफ्तार,पूर्व में 6 बदमाशों को किया जा चुका है गिरफ्तार

**जयपुर।** मुहाना थाना पुलिस ने डिलीवरी बॉय का अपहरण कर लूट की वारदात को अंजाम देने वाली गैंग का पर्दाफाश करते हुए मुख्य सरगना को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने बताया कि गैंग के 6 बदमाशों को पूर्व में गिरफ्तार कर लिया गया था । लेकिन गैंग का सरगना फरार चल रहा था। जिसे पुलिस ने गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर दबोच लिया। पुलिस गैंग के सरगना से गहनता से पूछताछ करने में जुटी है।

पुलिस उपायुक्त दक्षिण दिगंत आनन्द ने बताया कि 2 सितम्बर 24 को अज्ञात बदमाशों ने डिलीवरी बॉय का कार से अपहरण कर उसके साथ गंभीर मारपीट कर लूट की वारदात को अंजाम दिया था। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने पूर्व में गैंग के 6 बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया था। लेकिन गैंग का सरगना तौहीद पुत्र मो. अली,लक्ष्मी नगर सांगानेर निवासी फरार चल रहा था। जिसे गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया ।

बताया जा रहा है कि चंद्रमोहन योगी महिन्द्रा लाजिस्टिक कंपनी पत्रकार कॉलोनी में पार्सल डिलीवरी का कार्य करता है 2 सितम्बर 24 को रात करीब साढ़े 8 बजे अपना काम पूरा करके दादू दयाल नगर से सुमेर नगर के बीच होता हुआ जा रहा था। इसी दौरान एक स्विफ्ट कार में 5 लड़के आए और चंद्रमोहन की बाइक के आगे कार लगा कर उसे रोक लिया और मारपीट करते हुए जबरन उसे कार में बैठकार लिया।

कार में सवार एक बदमाश चंद्रमोहन की बाइक छीन कर ले गया। कार सवार बदमाश एसएफएस रोड होते हुए बी-2 बाइपास होते हुए प्रताप नगर ले गए और शराब पीते हुए मारपीट करते रहें। कार सवार बदमाशों ने कार में पीड़ित के साथ जमकर मारपीट की दो लाख रुपए मांगने लगे। बदमाशों ने पीड़ित की जेब से तीन हजार रुपए निकाल लिए और मोबाइल का पासवर्ड पूछकर 23 हजार 9सौ रुपए ऑन लाइन ट्रांसफर कर लिए।

पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी बदमाश प्रवृत्ति के है जो जयपुर में रहकर मजदूरी करते है और कार रेंट पर लेकर बाइक से रैकी कर किसी व्यक्ति विशेष के संबंध में विशेष जानकारी जुटाकर राह चलते व्यक्ति को देर रात रेंट पर ली हुई कार से अपहरण कर मारपीट कर पैसे व अन्य कीमती सामान लूटकर फरार हो जाते है। गैंग का सदस्य शिव सक्सेना व्यक्ति विशेष की जानकारी जुटा कर ये सूचना बदमाश सैफ अली खान को देता था।

जो कार रेंट पर लेकर अपने बदमाश साथियों के साथ मिलकर व्यक्ति का अपहरण कर उसके साथ मारपीट कर लूटपाट की वारदात को अंजाम देता था। लूट का सामान सभी आरोपी आपस में बांट लेते थे।

डिलीवरी बॉय के साथ मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने पूर्व में सैफ अली खान उर्फ सैफू (26) पुत्र जमील खान निवासी फर्रुखाबाद ,उत्तर प्रदेश हाल किरायेदार खटीकों की दाल पुलिस थाना मालपुरा गेट, सांगानेर, मोहम्मद कैफ उर्फ रेहान (27) पुत्र मोहम्मद रफीक निवासी हुसैन कॉलोनी, कोहिनूर सिनेमा के सामने मालपुरा गेट, सांगानेर, अभिषेक पाल उर्फ बकरी (23) पुत्र राजवीर सिंह निवासी- हत्सारी अलीगंज,उत्तर प्रदेश हाल किरायेदार राजू डी. जे. वाले का मकान, हनुमान जी की बगीची के पास, मालपुरा गेट,सांगानेर निवासी, गुलशन उर्फ कबीर (23) पुत्र सुल्तान सिंह निवासी सुनीता कॉलोनी माल की ढाणी सांगानेर, मुहाना, प्रदीप कुमार उर्फ मोनू (31) पुत्र प्रेमपाल सिंह ,निवासी मैनपुरी जिला मैनपुरी उत्तर प्रदेश हाल, दीपावली कॉलोनी फरीदाबाद हरियाणा हाल किरायेदार गोपी नगर, मालपुरा गेट सांगानेर, मुहाना,शिवम सक्सेना (26) पुत्र उमेश सक्सेना निवासी फतेहगढ़ फतेहगढ़ जिला फर्रुखाबाद उत्तर प्रदेश हाल किरायेदार अशोक विहार-2, डिग्गी रोड सांगानेर,मुहाना जयपुर को गिरफ्तार किया गया था।

## ई-मित्र की दुकान से नकदी चोरी करने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर।** बिंदायका थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ई-मित्र की दुकान में दिनदहाड़े गल्ला तोड़कर लाखों रूपये की नगदी चोरी करने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से वारदात में प्रयुक्त एक बाइक भी बरामद की है। दोनों युवकों के खिलाफ पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि बिंदायका थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ई-मित्र की दुकान में दिनदहाड़े गल्ला तोड़कर चोरी करने वाले आरोपी सौरभ वर्मा उर्फ बंटी (18) निवासी गांव हिम्मतपुरा बगरु जयपुर हाल किरायेदार बिन्दायका और हर्ष (21) निवासी जयभवानीपुरा निमेडा बिन्दायका को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के पास से 34 हजार 680 रुपए जब्त किए गए है और बाकी पैसे को बदमाशों ने नशे में उडा दिये साथ ही कुछ पैसा भागने में लग गए। बिंदायका थानाधिकारी विनोद कुमार वर्मा ने बताया कि 25 फरवरी को दीपक कुमार ने मामला दर्ज करवाया।

# सरस व कृष्णा ब्रांड के नकली घी बनाकर बेचने वाला मास्टरमाइंड गिरफ्तार

- आरोपी फर्जी बैच और एक्सपायरी डेट प्रिंट कर सामान बेचता था
- पुलिस ने कच्चा माल लाने व तैयार नकली घी को मार्केट में पहुंचाने में प्रयुक्त कार बरामद की

**जयपुर।** मुहाना थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सरस व कृष्णा ब्रांड के नकली घी बनाकर बेचने के मामले में पुलिस ने मास्टरमाइंड एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपित फर्जी बैच और एक्सपायरी डेट प्रिंट कर सामान बेचता था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से सरस व कृष्णा कम्पनी के डिब्बों पर नकली बैच व एक्सपायरी डेट प्रिंट करने वाली मशीन एवं नकली घी तैयार करने के लिए कच्चा माल लाने व तैयार नकली घी को मार्केट में पहुंचाने में प्रयुक्त कार बरामद की है । वहीं पुलिस मामले में दो लोगों को पहले गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस कार्रवाई के दौरान गिरफ्तार आरोपित मौके से भाग गया था,जिसे गिरफ्तार किया गया। जो पूरी फर्जीवाड़े का मास्टर माइंड है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण दिगंत आनंद ने बताया कि मुहाना थाना पुलिस ने नकली घी बनाने वाली फैक्ट्री का पर्दाफाश कर दो बदमाशों को गिरफ्तार किया था। जहां गैंग का मुख्य सरगना मनीष गुप्ता निवासी सपोटरा जिला करौली हाल प्रताप नगर जयपुर फरार हो गया था। जो अपनी पहचान बदलकर दिल्ली , उत्तर प्रदेश व राजस्थान राज्य के अलग अलग शहरों में फरारी काट रहा था। पुलिस टीम को मुखबिर की सूचना पर जयपुर स्थित ठिकानों पर दबिश मारते हुए सरगना मनीष कुमार गुप्ता को पकडा है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया है। पुलिस जांच में सामने आया आरोपी बड़े मार्ट में जाता था। वहां घी के डिब्बों के बैच और एक्सपायरी डेट की फोटो खींच कर लाता था। फैक्ट्री में मशीन नकली डिब्बों पर लगा देता था। इससे किसी को शक भी होता।

वह बैच और एक्सपायरी डेट से नहीं पकड़ पाते थे। थानाधिकारी उदय सिंह यादव ने बताया कि चार माह पहले थाना पुलिस ने नकली घी के साथ इकरार खांन (22)निवासी गांव पाटकपुरा, शाहपुर ब्राह्मण पुलिस थाना त्रिताहट जिला आगरा (यूपी) और समीर खान (20) निवासी ग्राम छिमारा पोस्ट हेवरा थाना वैदपुरा जिला इटावा(यूपी) को गिरफ्तार किया था। इसके बाद से आरोपी फरार चल रहा था।

## पीएनजी गैस पाइप लाइन डैमेज होने गैस लीक होने से मचा हड़कंप

**जयपुर।** करधनी थाना इलाके में गुरूवार की सुबह उस समय हडकंप मच गया। बीसलपुर लाइन डालने के लिए जेसीबी से खुदाई के दौरान पीएनजी गैस पाइप लाइन डैमेज होने से गैस लीक होने लगी। गैस लीक सूचना मिलने पर हड़कंप मच गया। गैस रिसाव को देखते हुए मौके पर पहुंची पुलिस ने सड़क के दोनों तरफ पांच-पांच सौ मीटर पर ट्रैफिक रोका गया। साथ ही कंपनी के कर्मचारियों को मौके पर बुलाया गया। जहां टीम ने कडी मशक्कत के बाद लाइन ठीक हुई। जिसके बाद ट्रैफिक शुरू किया गया।

थानाधिकारी सवाई सिंह ने बताया कि गुरूवार दोपहर को थाना इलाके में स्थित 9 दुकान के पास बीसलपुर लाइन डालने के लिए जेसीबी से खुदाई का काम चल रहा था। इसी दौरान कालवाड़ रोड एसीपी कार्यालय के बाहर जेसीबी ड्राइवर ने टोरेंट कंपनी की अंडरग्राउंट सीएनजी गैस लाइन को डैमेज कर दिया। डैमेज होने पर गैस रिसाव शुरू हो गया। मजदूरों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। ऐसे में पुलिस ने सबसे पहले आसपास के इलाके को खाली करा दिया। वहीं सड़क पर वाहनों की आवाजाही को भी रोक दिया गया है। इसके बाद दमकल की गाड़ियां, एंबुलेंस और सिविल डिफेंस की टीम को मौके पर बुलाया गया है। इसके बाद कंपनी की टीम को सूचना कर मौके पर बुलाया गया। जहां जहां टीम ने कडी मशक्कत के बाद लाइन को ठीक किया।

# स्मार्ट मीटर कार्यक्रम में भी केन्द्र से मिले 60 प्रतिशत अनुदान : हीरालाल नागर




**ऊर्जा राज्यमंत्री हीरालाल नागर ने गुरूवार को विद्युत भवन से वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से 'वॉयबिलिटी ऑफ डिस्ट्रीब्यूशन यूटिलिटीज' विषय पर मंत्री समूह की बैठक को संबोधित किया।**

**जयपुर।** ऊर्जा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर ने भारत सरकार से स्मार्ट मीटर कार्यक्रम को आरडीएसएस योजना की तर्ज पर 60 अनुपात 40 के अनुपात के आधार पर संचालित करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि इससे बिजली वितरण कंपनियों को अपने घाटे को कम करने में मदद मिलेगी। उन्होंने प्रदेश की पीक डिमांड को पूरा करने के लिए बैटरी एनर्जी स्टोरेज परियोजनाओं को बढ़ावा देने में भी केन्द्र से समुचित सहयोग का आग्रह किया है।

नागर गुरूवार को विद्युत भवन से वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से 'वॉयबिलिटी ऑफ डिस्ट्रीब्यूशन यूटिलिटीज' विषय पर मंत्री समूह की बैठक को संबोधित कर रहे थे। केन्द्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्यमंत्री श्रीपाद येसो नायक की अध्यक्षता में मुम्बई के सहयाद्री विश्रांतिगृह में हुई ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स की इस दूसरी बैठक में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री श्री देवेन्द्र फडनवीस सहित उत्तर प्रदेश, आन्ध्र प्रदेश, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र आदि राज्यों के ऊर्जा मंत्री तथा वरिष्ठ अधिकारी सम्मिलित हुए। राजस्थान से ऊर्जा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आलोक तथा डिस्कॉम्स चेयरमैन आरती डोगरा भी वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से बैठक से जुड़े।

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार थर्मल आधारित महंगी बिजली के वैकल्पिक, सस्ते एवं सुलभ स्त्रोत के रूप में सौर ऊर्जा आधारित परियोजनाओं को बढ़ावा दे रही है। पीएम-कुसुम योजना के तहत राज्य में 12 हजार मेगावाट से अधिक क्षमता की परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं। जिसके अन्तर्गत 4 हजार 355 मेगावाट क्षमता के पावर परचेज एग्रीमेंट किए जा चुके हैं। एनर्जी ट्रांजिशन को गति देने के लिए हाइब्रिड एन्यूटी मॉडल जैसे नवाचार पर भी काम चल रहा है। पीएम सूर्यघर योजना में 136 मेगावाट के रूफ टॉप संयंत्र लगाए जा चुके हैं। इन प्रयासों से प्रदेश में विकेन्द्रित सौर ऊर्जा उत्पादन उत्पादन में बीते एक वर्ष में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है।

# वकील की गुमशुदगी को लेकर मांगा जवाब

- धौलपुर के अधिवक्ता की गुमशुदगी का मामला

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट में धौलपुर में वकालत करने वाले अधिवक्ता की गुमशुदगी से जुड़े मामले में राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन सहित दो निजी व्यक्तियों से जवाब तलब किया है। जस्टिस नरेन्द्र सिंह और जस्टिस भुवन गोयल की खंडपीठ ने यह आदेश मीना मिश्रा व अन्य की ओर से दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। याचिका में अधिवक्ता दीनदयाल खंडेलवाल और सुरभि ने अदालत को बताया कि 23 सितंबर, 2023 को याचिकाकर्ता के पति प्रमोद कुमार मिश्रा घर से कोर्ट जाने के लिए निकले थे, लेकिन शाम को वापस घर नहीं आए। इस पर याचिकाकर्ता ने उन्हें अपने रिश्तेदारों और परिचितों के घर तलाशा, लेकिन वे वहां भी नहीं मिले। इस पर याचिकाकर्ता ने कोतवाली थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। इसके बावजूद पुलिस ने उन्हें तलाशने के लिए कोई कार्रवाई नहीं की।

# प्रतिबंधित काली खैर की बेशकीमती लकड़ियों का परिवहन करते दो आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर।** चंदवाजी थाना पुलिस ने डीएसटी टीम के साथ संयुक्त कार्रवाही करते हुए काजु वेस्ट की बिल्टी की आड़ में प्रतिबन्धित काली खैर की बेशकीमती लकडियों का परिवहन करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है।

पुलिस ने बेशकीमती प्रतिबन्धित लकडियां के परिवहन के काम में लिए जा रहे केन्टर को भी जब्त किया है। पुलिस गिरफ्तार दोनो आरोपियों से गिरोह के अन्य लोगों के बारे में गहनता से पूछताछ करने में जुटी है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि जब्त शुदा लकडियों का बाजार मूल्य तकरीबन 5 लाख रुपए है।

उप महानिरीक्षक पुलिस (सह पुलिस अधीक्षक) जिला जयपुर ग्रामीण आनन्द शर्मा (आईपीएस) ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर अवैध धन्धों तथा परिवहन के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने के लिए विशेष टीम का गठन किया गया है। टीम ने थानाधिकारी हीरालाल सैनी व डीएसटी टीम के नेतृत्व मुखबिर की सूचना व तकनीकी सहायता के आधार बुधवार देर रात टीएसी पुलिया चंदवाजी पर नाकाबंदी कर एक कैंटर को रुकवाया और उसमें परिवहन किए जा रहे सामान के बारे में चालक श्रवण पटेल (26) निवासी धवा पुलिस थाना झंवर जोधपुर व रघुवीर सिंह (42) निवासी औझाघर पुलिस थाना जिला भीलवाड़ा से पूछताछ की। जिस पर कैंटर चालक व परिचालक ने सामान की कालू वेस्ट बिल्टी पेश की। पुलिस को संदेह होने पर केन्टर की तलाशी के दौरान उसमें काली खैर की गीली लकड़ी भरी मिली। पुलिस ने पूछताछ के बाद दोनो आरोपियों को वन नियम के तहत गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने केन्टर में मिली गीली लकड़ियों के बारे में वन विभाग के अचरोल नाका के रेंजर से सम्पर्क किया। रेन्जर ने मौके पर पहुंच कर पुलिस को बताया कि ये काली खैर की बेशकीमती लकडियां है जो प्रतिबंधित है। पुलिस ने वन नियम के तहत कार्यवाही करते हुए 6820 किलोग्राम काली खैर की लकड़ियों के साथ परिवहन के काम में लिए जा रहे केन्टर को जब्त कर लिया।

# ज्वेलरी लूट की झूठी सूचना देने वाले दो युवक गिरफ्तार

- व्यापारी और उसकी पत्नी ने दी थी लूट की झूठी सूचना
- ज्वेलरी का इंश्योरेंस क्लेम उठाने के लिए रची थी साजिश

**जयपुर।** मुहाना थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 26 फरवरी को ज्वेलरी लूट की झूठी सूचना देने वाले दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि ज्वैलरी का इंश्योरेंस क्लेम उठाने के लिए साजिश रची थी। वहीं पुलिस ने लूट की सूचना मिलने पर घटनास्थल के आसपास लगे हुए सैकड़ों सीसीटीवी फुटेज खंगाले और लेकिन उनके हाथ कोई सबूत नहीं लगा। इससे पता चल सके की लूट की वारदात हुई है। पुलिस का शिकायत कर्ता पर शक जाने लगने पर शिकायत करने वाले से सख्ती से पूछताछ की। तब उसने झूठी सूचना देने की बात स्वीकार की। इस पर पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण दिगंत आनंद ने बताया कि 26 फरवरी को सूचना मिली की सुन्दर नगर चीलगाड़ी रेस्टोरेंट के पीछे कोई अज्ञात व्यक्ति पर्स ज्वेलरी और दस हजार लूट ले गए। लूट की वारदात की गंभीरता को



देखते हुए घटना के तुरंत बाद ही घटनास्थल का निरीक्षण कर घटना के रूट पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। घटना के संबंध में कोई भी जानकारी सामने नहीं आई। सूचना कर्ता बार-बार पुलिस को झूठी मनगढ़ंत कहानी बनाकर गुमराह करता रहा। घटना के तथ्य झूठे होने के आशंका पर सूचना कर्ता से सख्त पूछताछ की गई।

इस पर आरोपी ने झूठी सूचना देना कबूला। इस पर पुलिस ने आरोपी रवि मोरानी (34) निवासी निर्माण नगर श्याम नगर जयपुर और अब्दुल रहमान (31) निवासी सहकार मार्ग ज्योति नगर जयपुर हाल सदर जयपुर को गिरफ्तार किया। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी पर कर्जा बहुत अधिक हो रखा था और उसने गहनों का इंश्योरेंस करा रखा था।

## कांग्रेस ने पहली बार दलित को नेता प्रतिपक्ष बनाया : जुली

**जयपुर।** विधानसभा में बजट बहस के जवाब में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि कांग्रेस ने दलित को पहली बार नेता प्रतिपक्ष बनाया, भाजपा वाले कह रहे थे दलित को दबा रहे।

"पिछले कई दिनों से बजट का ब भी नहीं था। मुझे लगता है मुख्यमंत्री को तो मंत्रियों ने कहा होगा कि ऐसे ही चलने दो, सही रहेगा। पिछले दिनों किरोड़ी लाल मीणा ने फोन टैपिंग के आरोप लगाए तो गतिरोध बना। गृह राज्य मंत्री उसी दिन जवाब दे देते तो गतिरोध नहीं बनता। भाजपा वाले कह रहे थे कि दलित को दबाया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी ने पहली बार दलित को नेता प्रतिपक्ष बनाया। आपने एक दलित उपमुख्यमंत्री बनाया प्रेमचंद बैरवा, लेकिन उनका ही दूदू जिला खत्म करवा दिया। जूली ने कहा कि यह कैसे हो गया। बजट वित्त मंत्री ने पढ़ा लेकिन, पिछली बार प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री ने साथ नहीं बैठाया। इस बार मुख्यमंत्री ने वित्त मंत्री को साथ तो बैठाया, लेकिन बोलने नहीं दिया। जूली ने कहा कि मुख्यमंत्री, सरपंचों के बीच जाते ही आपको पता नहीं क्या हो जाता है, सरपंचों में से मुख्यमंत्री बना लेकिन वह भी सरपंचों के चुनाव नहीं करवा रहे। मुख्यमंत्री बुरा मत मानना, लेकिन आप बुरा मान गए। पता नहीं सरपंचों के कार्यक्रम में जाकर आपको क्या हो जाता है, आप भूल जाते हैं कि मुख्यमंत्री हो या सरपंच।

सरपंच कह रहे थे कि हम सरपंचों में से कोई मुख्यमंत्री बने तो खुशी की बात है, लेकिन यह सरपंचों के चुनाव नहीं करवा रहे। आपने कहा कि पैसा उड़ रहा है सरपंचों में ताकत होनी चाहिए कि अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक पैसा ला सके। अब आपको आंकड़ों से बताता हूं आप सरपंच को कितना दे रहे हो। 3500 करोड़ रुपए तो स्टेट के मनरेगा में बाकी है। मनरेगा में काम करने वालों की संख्या भी आधी रह गई। मुख्यमंत्री ऐसा तो मत करो सरपंचों का भला करो। जूली ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन नहीं मिल पा रही है। जूली ने कहा कि आप एसेट मोनेटाइजेशन की बात कर रहे हो। मतलब सरकारी संपत्तियां बेचकर आप पैसा जुटाओगे, इससे बुरी हालत और क्या होगी।

## सार-समाचार

### डीप फ्रिज की व्यवस्था



**जयपुर।** मोक्ष धाम टीम जे पी कालोनी आर पी ए रोड के निरन्तर प्रयास से राधे रानी महिला सेवा समिति की तरफ से डीप फ्रीज (मृत शरीर को रखने का यंत्र) की व्यवस्था की गई है। यह व्यवस्था पूर्णतया निःशुल्क रखी गई है। जरूरतमंद 9799884152 और 9660019903 नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं।

### डॉ. राजपुरोहित बने अधिष्ठाता

जयपुर। राजस्थान विश्वविद्यालय अधिष्ठाता, विधि संकाय के पद पर तीन वर्षों के लिए डॉ. गोविन्द सिंह राजपुरोहित को नियुक्त किया गया है। डॉ. राजपुरोहित को अधिष्ठाता के पद पर दूसरी बार कार्यभार ग्रहण करने का अवसर प्राप्त हुआ है। राजपुरोहित अम्बेडकर विधि विश्वविद्यालय, राजस्थान के संस्थापक डीन (अतिरिक्त प्रभार) के पद पर भी कार्यकर चुके है। साथही नेशनल लॉ यूविर्सिटी, जोधपुर के वैधानिक निकाय के वर्ष 2020 से 2023 तक सम्मानित सदस्य भी रह चुके है। वर्तमान में डॉ. राजपुरोहित विधि विभाग के विभागाध्यक्ष के रूप में कार्यरत है।



### मेडिकल कैंप में 400 ने लाभ उठाया



**जयपुर।** मानव सेवा ट्रस्ट राजस्थान एवं विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम सिरोली में निःशुल्क मेडिकल कैंप का सफल आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सीईओ, विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी ओंकार बगडीया ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वास्थ्य का देखभाल करने के साथ-साथ अपनी दिनचर्या पर विशेष ध्यान देना चाहिए स्वास्थ्य कल्याण होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च सेंटर के वरिष्ठ आचार्य, चिकित्सक तथा संस्था सदस्य एवं मीडिया प्रभारी प्रो. डॉ. राजीव सक्सेना ने बताया कि शिविर में महात्मा गांधी अस्पताल की अनुभवी चिकित्सकों की टीम ने सहयोग दिया और मरीजों की जांच कर उचित परामर्श एवं उपचार प्रदान किया। लगभग 400 ग्रामीणों ने इस अवसर का लाभ उठाया और आवश्यक चिकित्सा सेवाएँ प्राप्त की।

### देबदीप मिश्रा ने सुरों से बांधा समां

जयपुर। संगीत आश्रम संस्थान की ओर से चल रहे तीन दिवसीय शास्त्रीय संगीत समारोह के दूसरे दिन गुरुवार को कोलकाता के कलाकार देबदीप मिश्रा का एकल गायन हुआ। इस कलाकार ने घरानेदार गायकी की खुशबू से संस्थान परिसर को महका दिया। उन्होंने सुरों के खूबसूरत लगाव व ठहराव से विभिन्न रागों का सौन्दर्य छलकाया। उन्होंने तीन ताल में निबद्ध राग यमन का छोटा ख्याल आओ आओ बलमा...को पूरे मनोयोग से पेश किया। फिर राग हंस ध्वनि के राग सुर साधे। उन्होंने इस राग की रचना लागी लगन सती पति सन...की प्रस्तुति दी। इसके बाद कलाकार देबदीप मिश्रा ने राग केदार और राग जोग की तीन ताल में निबद्ध बंदिशों की दिलकश प्रस्तुतियों से मौजदू श्रोताओं को आनंदित कर दिया। तबले पर सुनील सिंह तंवर, हारमोनियम पर हरीश नागौरी ने प्रभावी संगत की। संचालन वीना अनुपम ने किया।


### बनाना चैट में रचनात्मकता पर चर्चा




**जयपुर।** बनाना चैट का 8वां संस्करण गुरुवार को सीतापुरा स्थित एकेएफडी अनुभव केंद्र में हुआ। कार्यक्रम में इनक्यूबिस के सह-संस्थापक डिजाइनर अमित कृष्ण गुलाटी और डिजाइनर धुरव गुप्ता ने ने रचनात्मकता और डिजाइन पर चर्चा की। इस संस्करण को एसोसिएशन ऑफ डिजाइनर्स ऑफ इंडिया (एडीआई)जयपुर चैप्टर के साथ भागीदारी की गई, जो डिजाइन उत्कृष्टता को बढ़ावा देने और भारतीय डिजाइन समुदाय को मजबूत करने के लिए समर्पित है। कार्यक्रम में डिजाइनर अमित कृष्ण गुलाटी ने दर्शकों को अपनी व्यक्तिगत यात्रा के बारे में बताया कि कैसे फर्म रोबोटिक्स और स्वायत्त गतिशीलता में टीम इनक्यूबिस के हालिया काम पर ध्यान केंद्रित करते हुए कई विषयों को एकीकृत करती है।

### संजय अग्रवाल नए अध्यक्ष बने

जयपुर। संजय अग्रवाल और रजनीष भंडारी को वर्ष 2025 -26 के लिए भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) राजस्थान के क्रमशः अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के रूप में चुना गया है। संजय अग्रवाल, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के संस्थापक, प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी हैं। एक मेरिट रैंक धारक चार्टर्ड अकाउंटेंट और पहली पीढ़ी के उद्यमी होने के नाते, श्री अग्रवाल ने 1996 में एयू फाइनेंसर की नींव रखी, जो छोटे उद्यिमयों और ग्रामीण भारत की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए समर्पित थी। रजनीश भंडारी न्यूरोइक्विलिब्रियम डायग्नोस्टिक सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक हैं। वह आईआईटी दिल्ली के पूर्व छात्र हैं, उन्होंने सफलतापूर्वक विभिन्न क्षेत्रों में उपक्रमों की स्थापना की है, जिसमें दूरसंचार इन्फ्रा सेवा, इंजीनियरिंग सामग्री और चिकित्सा प्रौद्योगिकियां शामिल हैं। उनके पास सात अमेरिकी पेटेंट और तेरह भारतीय पेटेंट हैं, जो उनके नवाचार-संचालित दृष्टिकोण को रेखांकित करते हैं।



संजय अग्रवाल



रजनीश भंडारी

### गुलाब प्रदर्शनी 2 मार्च को

**जयपुर।** दी रोज सोसायटी ऑफ राजस्थान द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष 50वीं अखिल राजस्थान गुलाब प्रदर्शनी 2 मार्च को सिटी पार्क, मानसरोवर, जयपुर में आयोजित की जायेगी।

### हत्या में सहायक को मिली जमानत

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने जहरीले सांप से कटवाकर सास की हत्या करने के मामले में बहु को सांप मुहैया कराने वाले सह आरोपी मनीष मीणा को जमानत पर रिहा करने के आदेश हैं।




## Rare Disease Day

Rare Disease Day is an observance held on the last day of February to raise awareness about diseases that most people will not know of, as well as to improve access to treatment. It's important for average people to get more informed about the ways that rare diseases affect individuals and create a space where there are more opportunities to show support, and perhaps, even help in some ways! Many people living with uncommon illnesses often feel forgotten. Raising awareness can inspire research, understanding, and hope for better treatments.

#HEALTH

# Do You Always Remember Your Dreams?

Factors such as age, sleeping patterns, and a tendency to daydream might impact your ability to remember dreams in the morning.





How frequently do you remember dreams? Have you ever woken up knowing that you've dreamed but were unable to recall the details? It turns out that the ability to remember a dream might be influenced by a combination of factors.

Researchers in Italy spent the past four years studying 'morning dream recall,' as it's termed, publishing their findings in the journal *Communications Psychology*. Their work explores how various traits and behaviours seemingly influence our ability to remember our dreams when we wake up. Understanding the dynamics of morning dream recall has significant implications for studying dreaming as a whole, a mysterious brain function that continues to evade precise scientific understanding.

"Our findings suggest that dream recall is not just a matter of chance but a reflection of how personal attitudes, cognitive traits, and sleep dynamics interact," lead author, Giulio Bernardi, a Psychologist from the IMT School for Advanced Studies Lucca, said in a university statement. "These insights not only deepen our understanding of the mechanisms behind dreaming but also have implications for exploring dreams' role in mental health and in the study of human consciousness."

Bernardi and his colleagues studied over 200 participants, between the ages of 18 and 70. The researchers asked the participants to record their dreams and to wear a sleep monitoring wristwatch for a 15-day period. Before and after this period, participants completed tests and questionnaires on various personal topics, including their interest in dreams, tendency towards distraction, and anxiety levels. The researchers observed a wide range of morning dream recall abilities among participants, along with several potential influencing factors. For example, people with a self-reported positive view on dreams and a tendency to daydream remembered their dreams more frequently. The seasons seemed to play a role as well, as there was an overall higher rate of dream recall during the spring across participants, as opposed to during the winter.

People, who spent more time in light sleep, as well as young people in general, were also more likely to remember their dreams. Older people, on the other hand, more often woke up with the feeling that they'd dreamt, but were unable to remember the dream, a phenomenon the researchers called 'white dreams.' Interestingly, their "observations support the notion that white dreams represent actual dream experiences, with memories of their content fading upon waking," they wrote in the study.


"Data collected within this project will serve as a reference for future comparisons with clinical populations," said Valentina Elce, first author of the study and a PhD student in Cognitive, Computational, and Social Neurosciences, also at the IMT School for Advanced Studies Lucca. "This will allow us to move forward the research on the pathological alterations of dreaming and their potential prognostic and diagnostic value." It's worth emphasizing that dreams are self-reported, making the study vulnerable to biases. However, Bernardi, Elce, and their colleagues' identification of potential influences on morning dream recall, nevertheless, sheds light on a mysterious brain function, that has captivated humanity for millennia.



# The Ultimate IIFA 2025 Fan Guide

Whether you attend the event, spot your favourite star, or simply revel in the electrifying atmosphere, IIFA 2025 in Jaipur promises an unforgettable experience! Stay alert, stay glamorous, and get ready to be swept away by the Bollywood magic. See you in the Pink City!










Shruti Kothari

If you're planning to visit Jaipur, now is the best time! The stars have aligned in your favour, not just in the sky but also in the *Gulaabi Nagri*. With IIFA 2025 bringing Bollywood's biggest names to town, this is your golden opportunity to witness the magic up close. From celebrity spotting to indulging in the city's vibrant culture, here's how to make the most of your IIFA experience.



## How to Attend IIFA 2025: Your Ticket to the Biggest Night

IIFA is an invite-only event, but fans can still be part of the action! Here's how!

- *Buy Official Tickets:* Keep an eye on IIFA's official website and social media pages for ticket announcements. Limited sections may be open to fans, so, act fast when sales go live!
- *Win Exclusive Passes:* Many brands and sponsors run contests where lucky winners get access to the event. Stay tuned to promotions from official IIFA partners.
- *Be a Part of the Green Carpet Buzz:* Even if you can't get into the main show, head to the venue early to grab a prime spot near the green carpet and watch Bollywood royalty arrive in style.



## #JAIPUR DIARIES




## Best Hotels to Stay Near the IIFA Venue

If you want to stay close to the action, book your accommodation at,

- *Luxury Stays:* Taj Rambagh Palace, The Oberoi Rajvilas, Fairmont Jaipur.
- *Mid-Range Hotels:* ITC Rajputana, Jaipur Marriott Hotel, Hilton Jaipur.
- *Budget-Friendly Options:* Zostel Jaipur, The Hosteller, or boutique heritage stays in the old city.

## Explore Jaipur During IIFA: Best Places to Visit

Between IIFA events, explore Jaipur's stunning heritage and vibrant city life!

- *Amer Fort:* Experience royal grandeur at this iconic fort that has been a backdrop for many Bollywood films.
- *City Palace and Hawa Mahal:* Capture Instagram-worthy moments at these historical landmarks.
- *Jaipur Markets:* Shop for traditional *juttis*, *bandhani dupattas*, and gemstone jewellery at Johri Bazaar and Bapu Bazaar.
- *Chokhi Dhani:* Immerse yourself in *Rajasthani* culture with folk performances and authentic cuisine.



## Where to Enjoy Jaipur's Best Food

No visit to Jaipur is complete without indulging in its mouthwatering food! Here's where to treat your taste buds!

- Dal Baati Churma and Laal Maas at *Laxmi Misthan Bhandar* (LMB) and *Suvarna Mahal*.
- Pyaaz Kachori at *Rawat Mishtan Bhandar.*
- Ghewar and Mawa Kachori at *Laxmi Misthan Bhandar.*
- *Trendy Cafés and Fine Dining:* Try *Bar Palladio* and *Steam* at Rambagh Palace for a stylish dining experience.






## Capture and Share the IIFA Magic

Make sure that your social media is as glamorous as IIFA itself!

- Use hashtags like *#IIFA2025Jaipur* and *#IIFAWithStars* to get noticed by celebrities and official pages.
- Keep your phone charged for selfies, live updates, and capturing unforgettable moments.
- If you spot a celeb, be polite, ask before taking photos and avoid crowding them.

**Final Tip:** *Soak in the Bollywood Fever!*

Whether you attend the event, spot your favourite star, or simply revel in the electrifying atmosphere, IIFA 2025 in Jaipur promises an unforgettable experience! Stay alert, stay glamorous, and get ready to be swept away by the Bollywood magic. See you in the Pink City!

*rajeshsharma1049@gmail.com*


#PSYCHOLOGY

# Make Your Partner Feel Truly Loved

One of the most significant ways people feel loved is when their needs are met with 'positive responsiveness.'

When you think about romantic love, what comes to your mind? Maybe, it's grand gestures, unbridled passion or that instant spark of attraction. But, a 2024 study published in *the Journal of Psychology* reveals that love is about so much more.

Researchers asked participants what their partners did that made them feel most loved, and their answers highlighted three powerful, yet, often overlooked behaviours. Here are three ways to make your partner feel deeply loved.



## Be Responsive to their Needs

One of the most significant ways people feel loved is when their needs are met with 'positive responsiveness.' Research shows that when we perceive others as caring, validating and supportive, it enhances the quality of our relationships. This isn't about fulfilling their every request, but about showing genuine care, affection and support. Researchers found that people feel most loved when their partners treat them positively through the following avenues.

- *Showing affection.* Affection can be shown in countless ways, from a warm hug to a loving text message. It's not about grand romantic gestures but rather small, consistent acts that say, "I care about you." This could be as simple as holding hands, giving a compliment or making eye contact during a conversation. Physical touch, verbal affirmations and even little surprises, like leaving a note or sending a thoughtful gift, can all be powerful ways to express love.
- *Providing support.* Supporting your partner isn't just about being there during tough times, it's about actively contributing to their well-being. This can take the form of emotional support, respecting their autonomy, offering words of encouragement or being a shoulder to lean on. It can also mean providing tangible support, like helping with chores, running errands or giving advice when asked.
- *Enhancing their sense of worth.* One of the most profound ways to make someone feel loved is by helping them see their own value. This goes beyond compliments, although those certainly help. It's about consistently showing that you recognize and appreciate who they are. This can be done by prioritizing them, respecting their opinions and acknowledging their achievements, both big and small. These affirmations build their self-esteem and deepen the emotional bond you share.

## Lean into Authentic Connection

Another way to make your partner feel truly loved is by bringing your authentic self to your connection, regularly checking in with each other and showing them that it matters to you to spend quality time together. Participants suggested two primary ways in which partners nurtured their authentic connection and made them feel loved. Here's how you can apply them to your relationship!

- *Cultivate mutual affinity.* Mutual affinity is about wanting to be together, not out of obligation but because you genuinely enjoy each other's company. This can be as simple as spending quality time together, talking about a future together and having meaningful conversations or sharing experiences that bring you closer. It's about being present, both physically and emotionally.
- *Focus on being in sync with each other.* Feeling loved also comes from the sense of being understood. This happens when partners actively listen, empathize and show interest in each other's worlds. It's about being emotionally available, paying attention to small details and sharing vulnerabilities. For instance, if your partner mentions that they're nervous about an upcoming presentation, remember to check in afterwards, to see how it went.



## Offer them a Strong Sense of Stability




Lastly, one of the most powerful ways to make your partner feel loved is by being a trustworthy, unwavering presence in their lives. This is about being reliable and creating a relationship where they feel safe, secure and valued throughout, even in your most challenging times together.

Researchers found that people feel deeply loved when they experience such dependability and unconditional love from their partners. Here's how to incorporate this into your own relationship!

- *Be dependable.* Dependability is about being someone your partner can count on, no matter the circumstances. This doesn't mean you have to be perfect, but it does mean showing up consistently, whether that's by keeping promises, being honest or offering support in times of need. Even small gestures, like sending a quick text to check in during a hectic day or remembering meaningful anniversaries, can reinforce your dependability.
- *Show them that your love can be trusted.* This involves loving your partner without conditions or extreme expectations. It's about accepting them as they are, flaws and all, and standing by them through both successes and failures. For instance, if your partner makes a mistake or is struggling with self-doubt, offer compassion instead of criticism. This creates a powerful sense of safety, where your partner feels free to be their authentic self without fear of judgment, rejection or abandonment.

The beauty of these behaviours is that they don't require perfection, just genuine effort, intention and consistency. At its core, love is about creating a space where two people can be their truest selves without fear.

## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# रीट परीक्षा भरतपुर के 93 परीक्षा केन्द्र पर शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई

## परीक्षार्थी दो घंटे पहले ही परीक्षा केन्द्रों पर पहुंच गये

**भरतपुर** (निस)। गुरूवार को रीट परीक्षा जिले के 93 परीक्षा केन्द्र पर शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई। भरतपुर में लंबे इंतजार के बाद रीट परीक्षा का आयोजन हुआ। परीक्षा के सफल संचालन के लिए भरतपुर में 93 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जहां परीक्षार्थियों को मूल प्रवेश पत्र और मूल पहचान पत्र देखने के बाद ही गहन जांच कर प्रवेश दिया गया। परीक्षा के लिए विद्यार्थी 2 घंटे पूर्व ही परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे। जहां सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा से 1 घंटे पूर्व तक ही प्रवेश दिया गया। परीक्षा के लिए लागू ड्रेस कोड में ही परीक्षाओं को एंट्री दी गई। परीक्षा सुबह 10 बजे से 12.30 बजे तक आयोजित की हुई। इस बा दो दिन में तीन परियों में रीट परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें 74 हजार 1 सौ 64 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। एडीएम प्रशासन घनश्याम शर्मा ने बताया कि परीक्षा के सफल आयोजन लिए परीक्षा के लिए 93 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। 10 परीक्षा केंद्र पर 1 एरिया अधिकारी नियुक्त किया गया। 5 परीक्षा केंद्र पर 1 जोनल अधिकारी नियुक्त किया गया। अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रशासन घनश्याम शर्मा ने बताया कि प्रथम पारी में 24792 परीक्षार्थियों में से 23748 उपस्थित रहे, 1044 परीक्षार्थी अनुपस्थिति रहे। इस प्रकार उपस्थित 95.78 प्रतिशत, अनुपस्थित 4.22 प्रतिशत रहे। भरतपुर में आयोजित रीट परीक्षा में द्वितीय पारी में 24598 परीक्षार्थियों में से 21544 उपस्थित रहे, 3054 परीक्षार्थी अनुपस्थिति रहे। इस प्रकार उपस्थित 87.62 प्रतिशत, अनुपस्थित 12.38 प्रतिशत रहे। वहीं परीक्षा के बाद रोडवेज बस स्टैण्ड पर भारी भीड जमा हो गई। हालत यह रही कि जो भी बस आती वह तुरंत भर जाती। रोडवेज बस स्टैण्ड पर परीक्षार्थियों की भीड के चलते आम यात्रियों को परेशानी का सामना करना पडा।



परीक्षार्थियों को मूल प्रवेश पत्र और मूल पहचान पत्र देखने के बाद ही गहन जांच कर प्रवेश दिया।

## ठगी की राशि वापिस दिलाई

**भरतपुर** (निस)। थाना मथुरागेट पुलिस के द्वारा मात्र 7 दिनो मे सायबर फ्रॉड की बड़ी राशि को पीड़ितों को वापस कराने में सफलता हासिल की है।

सायबर पोर्टल से शिकायत मिलते ही त्वरित कार्यवाही करते हुये तीन पीङितो के साथ कुल ठगी गई राशि 239600 रूपये की संपूर्ण राशि को पीङितो को वापस कराकर उनके चेहरे पर मथुरा गेट थाना पुलिस मुस्कान लाई। जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा के निर्देशन में सायबर फ्रॉड करने वालों के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सतीश यादव व सहायक पुलिस अधीक्षक पंकज यादव के सुपरवीजन में थानाधिकारी मदनलाल के नेतृत्व में सुरेश तोमर कानि थाना मथुरागेट द्वारा कार्यवाही करते हुये सायबर फ्रॉड का पैसा वापस कराया गया। 18 फरवरी को थाना मथुरागेट पर सायबर शिकायत मे सीमा पत्नी नंदकिशोर जाति कोली निवासी बैकरी वाली कोली मौहल्ला भरतपुर के साथ 10000 रूपये की ठगी की राशि, अजीत कुमार पुत्र थानसिंह निवासी पुष्पवाटिका कॉलोनी भरतपुर के साथ की गई 88000 रूपये की ठगी की राशि व दलवीर सिंह परिहार पुत्र गीतम सिंह जाति जाट निवासी सूरजमल नगर की साथ की गई 141600 रूपये की ठगी के संबंध मे सुरेश तोमर कानि द्वारा कार्यवाही करते हुये लगातार प्रयास कर मात्र 7-8 दिनो मे पीड़ितों की संपूर्ण ठगी की राशि वापस कराकर पीङितो के चेहरे पर मुस्कान वापस कराई।

# करड़ा पुलिस ने दो अपहृत बच्चे को मुक्त करा छह आरोपी पकड़े



करडा पुलिस ने दो अपहृत बच्चों को सकुशल मुक्त कराया।

**भीनमाल,** (निसं)। जालोर जिले की करडा पुलिस ने 'ऑपरेशन भौकाल' के तहत गुरूवार को एक बडी कार्रवाई करते हुए दो अपहृत बच्चों को सकुशल मुक्त कराया और इन बच्चों का अपहरण करने के आरोप में रेस्क्यु के दौरान ही आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है।

■ पालडी से बच्चों के अपहरण की सूचना पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की

करडा पुलिस ने उक्त कार्रवाई को सिरोही जिले के पालडी एम थाना क्षेत्र से बच्चों के अपहरण की सूचना मिलने के बाद नाकाबंदी करते हुए अंजाम दिया। जोधपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक विकास कुमार के निर्देशानुसार रेंज में विभिन्न प्रकरणों में वांछित अपराधियों/स्थायी वारण्टीयों की धरपकड हेतु चलाये जा रहे अभियान भौकाल के तहत जालोर जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद यादव के निर्देशन में आरोपियों की धरपकड कार्यवाही के तहत सांचौर एएसपी आवडदान रतनू, सहायक पुलिस अधीक्षक व वृताधिकारी काबंले शरण गोपीनाथ आईपीएस के निकटतम सुपरविजन में करडा थानाधिकारी सब इंस्पेक्टर कमलेश के नेतृत्व में गठित टीम ने ऑपरेशन भौकाल के तहत रेस्क्यु कर दो ब ों को अपहरकर्ताओं के चंगुल से मुक्त करवाते हुए छह आरोपियों को गिर तार किया है।

घटना की विस्तृत जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह करीब साढे आठ बजे सिरोही जिले के पालडी एम पुलिस थाने से सूचना मिली कि पोसालिया बस स्टैंड पर एक स्कूली बस से तीन चार व्यक्तियों ने जबरन दो ब'चों को ईको आरजे 24 सीए 9771 न बर वाली कार में डालकर अगवा कर लिया है और वे सांचौर की ओर जा रहे हैं। इस सूचना पर करडा थाने की पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए संभावित मार्गो पर नाकाबंदी शुरू कर दी।

# किरायेदार युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

**भीलवाड़ा।** शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित गुर्जर मोहल्ले में किराए के कमरे में पटना से भागकर शादी कर रहने वाले युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।

युवक, तीन माह पहले यहां पत्नी के साथ किराये के मकान में रह रहा था, लेकिन काम नहीं मिला तो आर्थिक तंगी के चलते वह डिप्रेशन में था और इसी के चलते उसके सुसाइड करने की आशंका जताई जा रही है। शव को एमजी अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवाया गया है। परिजनों के आने के बाद ही शव का पोस्टमार्टम करवाया जायेगा।

कोतवाली पुलिस के अनुसार बीती रात शहर के गुर्जर मोहल्ला में एक युवक के सुसाइड करने की सूचना मिली तो पुलिस ने मौके पर पहुंच मौजूद लोगों की सहायता से शव को फंदे से उतारा और एमजी हॉस्पिटल पहुंचाया। प्रारंभिक पूछताछ में मृतक की पहचान उत्तरप्रदेश के पटना जिले के थथवा निवासी दीपक (22) पुत्र रविंद्र यादव के रूप में हुई और मौके पर दीपक की पत्नी शिवांगी (22) पुत्री लक्ष्मण जायसवाल मिली। पुलिस ने दीपक के शव को कब्जे में लेकर एमजी अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया। पुलिस ने दीपक के परिजनों को सूचना दे दी। उनके पटना से आने के बाद ही शव का पोस्टमार्टम करवाया जायेगा। प्रारंभिक पूछताछ में शिवांगी ने बताया कि उसने और दीपक यादव ने तीन साल पहले घर से भागकर शादी की थी। दोनों पटना से जबलपुर और बाद में वृंदावन चले गये और गुजर-बसर कर रहे थे। दीपक को नौकरी की आवश्यकता थी। इसके चलते दीपक और शिवांगी करीब 3 माह पहले भीलवाडा आ गये। दोनों ने यहां गुर्जर मोहल्ला में रामपाल गुर्जर के मकान में किराये से कमरा लिया। दोनों इसी मकान में रह रहे थे। दीपक, भीलवाडा में नौकरी की तलाश कर रहा था, लेकिन उसे नौकरी नहीं मिली। इसके चलते वह डिप्रेशन में आ गया था। घटना के दिन शिवांगी छत पर सुखाये कपड़े लेने के लिए गई थी और इस दौरान दीपक कमरे में था। शिवांगी ने कहा कि वह छत पर बैठकर परिजन से बात करने लग गई। बाद में जब वह लौटी तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद मिला। अंदर दीपक साफी के फंदे से झुलता मिला। शिवांगी ने पति दीपक को फंदे से झुलता देखा तो उसकी चीत्कार फूट पड़ी।

उसने पड़ौसियों को बुलाया। खिडक़ी तोडक़र लोग अंदर गये और दीपक को फंदे से उतारा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो उसे दीपक का शव फर्श पर रखा मिला। पुलिस ने दीपक की मौत के बाद उसकी पत्नी शिवांगी को सखी सेंटर भिजवा दिया। शिवांगी ने पुलिस को बताया कि उसके माता-पिता की मौत हो चुकी है। पुलिस मृतक के परिजनों के आने के बाद पोस्टमार्टम करा आगामी प्रक्रिया शुरू करेगी।

## नशे में मां की हत्या करने का आरोपी बेटा गिरफ्तार

**हिंडौन सिटी।** एक बेटे ने अपनी मां की निर्मम हत्या कर दी थी। मामले में सदर थाना पुलिस ने आरोपी दयाल जाटव को गिरफ्तार कर लिया है।

घटना 23 फरवरी की रात करीब 1 बजे की है। आरोपी दयाल जाटव नशे की हालत में अपनी मां लखनबाई जाटव (60) से रुपए मांगने खेत पर गया। मां के मना करने पर उसने कुल्हाडी से उनके सिर पर वार कर दिया और गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद उसने सरसों के खेत में गड्ढा खोदकर शव को दफना दिया।

सदर थाना प्रभारी देवेंद्र शर्मा ने बताया कि आरोपी कर्ज में डूबा हुआ था और शराब का आदी था। उसने रुपए और मां के गहनों की लालच में यह वारदात की। मृतका अपने खेत पर रहकर जीवन यापन कर रही थी।

# अमरेश्वर महादेव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यकम संपन्न

**अजमेर** (कासं)। वैशाली नगर स्थित आरपीएससी अमरदीप कॉलोनी मे अमरेश्वर महादेव मंदिर में दो दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा कार्यकम बडी धमूधाम के साथ समन्न हुआ।

इस बारे मे जानकारी देते हुए आरपीएससी कॉलोनी के अध्यक्ष आनंद माथुर एवं महिला मोर्चा समन्वयक नीतू बसंल तथा संरक्षक अरविंद शर्मा ने बताया कि दो मंदिर मे दो दिवसीय मूर्ति स्थापना कार्यकम का आयोजन किया गया, जहां 25 फरवरी को मंदिर मे हरीश कुमार की तरफ से भोलेनाथ की बडी प्रतिमा भेट की गई, जहां पंडित द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार द्वारा पूजा अर्चना कर प्राण प्रतिष्ठा करवाई गई। इस कार्यकम मे क्षेत्रवासियो ने बढ-चढ कर बडी उत्साह के साथ भाग लिया।

मंदिर परिसर मे ही भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमे क्षेत्रवासियो ने भोलेनाथ के भजनो की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। रात्रि जागरण का भी आयोजन किया गया।

महाशिवरात्रि के पर्व पर सुबह से श्रदालुओ का तांता लगा हुआ था, शाम चार बजे शिव बारात का आयोजन किया गया, शिव बारात का जगह-जगह कॉलोनिवासियो द्वारा फूलो की वर्षा कर स्वागत किया गया। शाम को महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें एएसपी ग्रामीण दीपक कुमार शर्मा, सिटी एएसपी हिमांशु जांगिड तथा सीओ रूद्र प्रकाश व किश्यिनगंज थाना प्रभारी अरविंद चारण, भाजपा नेता बीपी सारस्वत, दीपक भाकर, पूर्व पार्षद चन्द्रेश सांखला, राधे सोशल फाउंडेशन के संदीप भार्गव, वरिष्ठ पत्रकार सुरेन्द्र चतुर्वेदी सहित क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## कलेक्टर ने विकास कार्यों का जायजा लिया

**भरतपुर** (निस)। जिला कलेक्टर डॉ अमित यादव, भाजपा नेता अरविंद पाल सिंह व बीडीए के अधिकारियों ने न्यू सिविल लाइंस कॉलोनी विकास समिति के निवासियों के साथ कॉलेज ठााउंड में चल रहे विकास कार्य एवं का जायजा लिया।

कॉलोनी वासियों से सुझाव लिए जिला कलेक्टर डॉक्टर अमित यादव के साथ भाजपा नेता अरविंद पाल सिंह न्यू सिविल लाइंस के महावीर सिंह तोमर, वीरेंद्र सिंह सावरेन सिंह लवानिया हीरा सिंह कुंतल, प्रकाश वीर सिंह, दौलत सिंह आदि ने भ्रमण कर कॉलेज ठााउंड में चल रहे विकास कार्यों पर व आगामी समय में भरतपुर एमएसजे कॉलेज ठााउंड में पानी भरने की समस्या को लेकर जनता ने पीड़ा व्यक्त की।

# एस.एस.बी. में एम.आर.आई. मशीन का गुपचुप 10 साल का अनुबंध

**बीकानेर,** (कासं)। सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक में पीपीपी मोड पर संचालित एमआरआई मशीन का अनुबंध दस साल के लिए गुपचुप तरीके से कर दिया गया। जबकि आर टीपीपी नियमों के तहत इसे गलत ठहराया गया। राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी की बैठक को देखते हुए पीपीपी मोड में जांचों का दस्तावेज बाहर आने पर इसका खुलासा हुआ है।

■ पीपीपी मोड में जांचों का दस्तावेज बाहर आने पर हुआ खुलासा

नए संभागीय आयुक्त डॉ. रवि कुमार सुरपुर की अध्यक्षता में गुरुवार को राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी की मीटिंग होगी। इसमें पीबीएम हॉस्पिटल के विकास को लेकर कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पेश किए जायेंगे। इसमें सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज और पीबीएम हॉस्पिटल में होने वाले विभिन्न प्रकार के ठेके के मुद्दे भी उठेंगे। इस मीटिंग को देखते हुए हाल ही में पीबीएम अधीक्षक डॉ. सुरेंद्र कुमार ने पीपीपी मोड पर संचालित पांच तरह की जांचों को लेकर एक तथ्यात्मक रिपोर्ट मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल को भेजी है। रिपोर्ट से पता चला है कि सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक यानी एसएसबी में संचालित एमआरआई मशीन का अनुबंध 20 जून 2032 तक दस साल के लिए किया गया है। इस संबंध में जब लेखा के जानकार लोगों से बात की तो उन्होंने इस सिस्टम को ही गलत करार दे दिया। चौंकाने वाली बात ये है कि इस मामले की लोकायुक्त में जांच चल रही है। पिछले साल चिकित्सा शिक्षा विभाग के दल ने भी इसे गलत माना था। पर जांच रिपोर्ट दबा दी गई। एसपी मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल का कहना है कि पहले वाले चिकित्साधिकारी आदेश करके चले गए। अब फाइलें लोकायुक्त में हैं। हम कुछ नहीं कर सकते। पीबीएम अधीक्षक का कहना है कि वे नए हैं। पहले क्या हुआ इसका पता नहीं है। सूत्रों का कहना है कि प्रभावशाली लोगों को लाभ पहुंचाने की कवायद के चलते कुछ नए ठेके करने की तैयारी की जा रही है। उनमें शर्तें भी ऐसी होंगी, जिससे कंपीटीशन में दूसरी कोई फर्म टिक नहीं पायेगी। अधिक अनुभव का लाभ भी फर्म विशेष को ही मिलेगा। कुछ में पूल बनाकर डमी फर्म खड़ी की जायेगी।

## बोलेरो की टक्कर से घायल महिला की मौत

**हिंडौन सिटी।** जटनगला में बोलेरो की टक्कर से घायल महिला की हादसे के 18 दिन बाद मौत हो गई। महिला रामपति जाटव (60) खेत पर मजदूरी करने जा रही थी। घटना 9 फरवरी की दोपहर करीब 3 बजे की है।

जयपुर में इलाज के बाद ले आए थे गांव महिला रामपति जाटव जब सड़क पार कर रही थीं, तभी एक बोलेरो ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। परिजन घायल महिला को जिला अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए एसएमएस अस्पताल, जयपुर रेफर कर दिया।जयपुर में कुछ दिन इलाज के बाद परिजन महिला को वापस गांव ले आए। यहां उनका इलाज चल रहा था। गुरुवार सुबह करीब 7 बजे महिला की तबीयत बिगड़ने पर परिजन उन्हें जिला अस्पताल ले गए।

# बिना अनुमति चल रहे तीन मैरिज गार्डन सीज

## संचालकों को पूर्व में नोटिस थमाया था

**उदयपुर।** नगर निगम उदयपुर ने गुरुवार को बिना अनुमति चल रही तीन वाटिकाओं मैरिज गार्डन को सीज कर दिया। निगम जल्द ही कुछ अन्य वाटिकाओं को भी सीज करने की तैयारी कर चुका है जो बिना अनुमति संचालित हो रही है।

■ उदयपुर नगर निगम अन्य मैरिज गार्डन पर कार्रवाई करेंगा

नगर निगम राजस्व अधिकारी नितेश भटनागर ने बताया कि शोभागपुरा 100 फीट रोड स्थित अशोका ग्रीन मेरीज गार्डन बिना अनुमति के संचालित किया जा रहा था। संचालक मुकेश वाधवानी को 15 मई 2024 और 3 जनवरी 2025 को नोटिस दिया गया। उसके बावजूद निगम में लाइसेंस के लिए आवेदन नहीं करने पर आज राजस्व शाखा की टीम ने इस गार्डन को सीज किया।इसी प्रकार से शोभागपुरा 100 फीट रोड स्थित मंगल कलश गार्डन को भी सीज किया गया। राजस्व अधिकारी ने बताया कि यह भी बिना लाईसेंस के संचालित हो रहा रहा था। लाईसेंस के लिए निगम ने रोशनमाली, चेतन माली को 14 मई 2024 और 3 जनवरी 2०25 को नोटिस दिया। उसके बावजूद लाईसेंस के लिए आवेदन नहीं करने पर आज सीज की कार्रवाई की गई। इसी क्रम में मीरा नगर शोभागपुरा स्थित परमानंद गार्डन को भी आज सीज किया गया। भटनागर ने बताया कि यह भी बिना लाइसेंस संचालित हो रहा था। लाइसेंस के लिए, किशन टांक को 15 मई 2०24 और 3 जनवरी को नोटिस जारी किया बावजूद आवेदन नहीं करने पर आज राजस्व शाखा की टीम ने इस गार्डन को भी सीज किया।आपको बतादें कि शहर में कई वाटिकाएं बिना अनुमति चल रही है। इनमें से कई वाटिकाओं का एक दिन का किराया ही लाखों रूपए है। वाटिका संचालक तो बिना अनुमति वाटिका चलाकर कमाई कर रहे। दूसरी तरफ लाइसेंस नहीं लेकर निगम को राजस्व नुकसान पहुंचा रहे।

## दीक्षांत समारोह एक को

**अजमेर** (कासं)। राजस्थान केन्द्रीय विश्वविद्यालय 1 मार्च 2025 को विश्वविद्यालय परिसर में 8वें दीक्षांत समारोह का आयोजन करने जा रहा है। यह भव्य समारोह 2022 और 2023 बैच के पास-आउट विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों का समारोह होगा, जो उनकी अकादमिक यात्रा के समापन और उनके नए पेशेवर एवं शोध कार्यों की शुरुआत का प्रतीक होगा।

इस प्रतिष्ठित अवसर पर, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के अध्यक्ष, प्रोफेसर टी. जी. सीताराम, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे और दीक्षांत भाषण देंगे। साथ ही, अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र, अहमदाबाद के निदेशक एवं प्रतिष्ठित वैज्ञानिक, डॉ. निलेश देसाई भी इस समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता राजस्थान केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रोफेसर आनंद भालेराव करेंगे।

## अपहरण के मामले में छह जनों को गिरफ्तार किया

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर रेंज की साइक्लोनर टीम को एक और बड़ी कामयाबी मिली है।

टीम ने ऑपरेशन रक्तिस रज्जु चलाकर 25 हजार के एक इनामी अंतरराज्यीय तस्कर को गिरफ्तार किया है। वह समाज में पटेलायत की आड़ में अफीम की तस्करी था लेकिन मौज-मस्ती के मोह में पकड़ा गया।

जोधपुर रेंज के महानिरीक्षक विकास कुमार ने बताया कि साइक्लोनर टीम ने समाज विशेष का पंच बनकर फरमान जारी करने वाले पटेल चित्तौडग़ढ़ जिले के कनेरा थाना क्षेत्र के गुदारेल गांव के रहने वाले रोडीलाल पुत्र गंगाराम को मध्यप्रदेश में पकड़ा है। पटेलायत की आड़ में अवैध अफीम की तस्करी करता था।

उसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित था। पिछले वर्ष मई माह में पुलिस थाना पिण्डवाड़ा क्षेत्र में मादक पदार्थों की अवैध तस्करी की बड़ी खेप बरामद की गई थी, तब मुख्य आपूर्तिकर्ता के रूप में रोडीलाल का नाम सामने आया था। गहन अनुसंधान से रोडी लाल के पूरे काले कारनामों की कलई खुलकर सामने आ गई।

# विजयनगर ब्लैकमैल कांड को लेकर आज किशनगढ़ बंद

**मदनगंज-किशनगढ़,** (निस)। हिंदूवादी संगठनो के बैनर तले विजयनगर ब्लैकमेल कांड को लेकर किशनगढ़ बंद का आव्हान किया है। इस संबंध में उपखंड अधिकारी निशा सहारन को ज्ञापन प्रेषित कर 28 फरवरी को सुबह 9 बजे से सांय 5 तक सम्पूर्ण किशनगढ़ बंद के निर्णय के बारे में अवगत कराया। हिंदूवादी संगठनों व प्रशासन व मध्य हुई मीटिंग में सभी पदाधिकारी ने प्रशासन को शांतिपूर्ण तरीके से बंद के लिये आश्वस्त किया। इस दौरान करणी सेना संभाग प्रमुख शैतान सिंह धौलपुरिया बार एसोसिएशन अध्यक्ष रूपेश शर्मा, शिवसेना हिंदुस्तान जिला प्रमुख गोपाल शर्मा, गोरक्षा दल जिला उपाध्यक्ष राजू गुर्जर खटाना, शिवसेना उपराज्य प्रमुख नरेंद्र सिंह राजावत, मां भारती रक्षा मंच से लक्ष्मीनारायण सोनगरा विश्व हिंदू परिषद से श्याममनोहर सोनी, महाराजा सूरजमल फाउंडेशन जिलाध्यक्ष राजेंद्र नुवाद, कैलाश गेना, शिवसेना से प्रेम साहू, गोरक्षा दल से नितेश सैनी, विक्रम फगुना, देवेंद्र सिंह, अशोक गोरमात, शिवा रावत, पुखराज सिंह मौजूद रहे।

■ उपखंड अधिकारी निशा सहारन को ज्ञापन प्रेषित कर 28 फरवरी को सुबह 9 बजे से सांय 5 तक सम्पूर्ण किशनगढ बंद के निर्णय से अवगत कराया



समिति सदस्यों ने शांतिपूर्ण तरीके से बंद के लिये आश्वस्त किया।

## कड़े सुरक्षा बंदोबस्त रीट परीक्षा आयोजित

**उदयपुर,** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर की ओर से आयोजित राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा-2025 गुरूवार से कड़े सुरक्षा इंतजाम और चाकचौबंद व्यवस्थाओं के बीच प्रारंभ हुई। उदयपुर जिले में पहले दिन 55 परीक्षा केंद्रों पर दो पारियों में 95 प्रतिशत से अधिक उपस्थिति रही। जिला कलक्टर नमित मेहता के नेतृत्व में अधिकारियों की टीम परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए मुस्तैद रही।

परीक्षा समन्वयक एवं एडीएम प्रशासन दीपेंद्रसिंह राठौड़ ने बताया कि अध्यापक पात्रता परीक्षा गुरूवार सुबह निर्धारित समय पर प्रारंभ हुई। सुबह 10 से 12.30 बजे तक प्रथम पारी में लेवल प्रथम के अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। इसमें 95.08 प्रतिशत उपस्थिति रही। वहीं अपराह्न 3 से 5.30 बजे तक द्वितीय लेवल के अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा हुई। इसमें 96.03 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई। राठौड़ ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के निर्देशानुसार परीक्षा से 1 घंटे पूर्व तक अभ्यर्थियों को केंद्र में प्रवेश दिया गया। इस दौरान उनकी सघन जांच की गई।

# सबिना काठात की उपलब्धि को मिला सम्मान

**ब्यावर।** ब्यावर जिले की होनहार एथलीट सुश्री सबीना काठात ने हाल ही में राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में स्वर्ण और रजत पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि को सम्मान देते हुए और खेलों को बढ़ावा देने की दिशा में जिला प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। जिला कलक्टर डॉ. महेन्द्र खड़गावत द्वारा सबीना को खेल मैदान की सुविधा उपलब्ध कराने का जो आश्वासन दिया गया था, उसे अब पूरा कर दिया गया है।

■ जिला कलक्टर डॉ. महेन्द्र खड़गावत द्वारा सबीना को खेल मैदान की सुविधा उपलब्ध कराने का जो आश्वासन दिया गया था, उसे अब पूरा कर दिया

प्रशासन ने ग्राम बिराटिया कलां, तहसील रायपुर के खसरा नम्बर 1761, रकबा 246.5584 हेक्टेयर में से 0.5265 हैक्टेयर भूमि राजस्थान भू-राजस्व (स्कूलों, कॉलेजों, चिकित्सालयों, धर्मशालाओं, सार्वजनिक उपयोग के अन्य भवन निर्माणार्थ बिना कब्जे की सरकारी कृषि भूमि का आवंटन) नियम, 1963 के तहत राजकीय माध्यमिक विद्यालय झीतड़ा को भवन हेतु शिक्षा विभाग को आवंटित कर दी है। यह आवंटन उपखण्ड अधिकारी, रायपुर एवं तहसीलदार, रायपुर की अभिशंषा के आधार पर किया गया है, जिससे विद्यालय को खेल और शैक्षिणक गतिविधियों के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचा मिल सकेगा।

सुश्री सबीना काठात की इस उपलब्धि ने न केवल उनके विद्यालय और परिवार को गर्वित किया है, बल्कि पूरे ब्यावर जिले को भी उत्साहित किया है।

जिला प्रशासन का यह कदम खेलों को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है, जो युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा को और अधिक निखारने के लिए प्रेरित करेगा।

## संक्षिप्त

### भामाशाह ने की एलईडी भेंट

**श्रीमाधोपुर।** ग्राम नांगल के राजकीय महात्मा गांधी सीनियर सैकंडरी स्कूल में डिजिटल अध्यापन कार्य हेतु भामाशाह ने एलईडी टीवी प्रदान की। आदर्श एनजीओ के कृष्ण कुमार यादव ने प्रधानाचार्य सुरेन्द्र कुमार सैनी को अध्यापन में सहायतार्थ एलईडी टीवी भेंट किया। इसी विद्यालय को सेवानिवृत्त पटवारी गुमान सिंह शेखावत और मुकेश कुमार स्वामी ने भी एक -एक स्मार्ट एलईडी टीवी प्रदान किया। इस मौके पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश सिंह शेखावत , कैलाश यादव,पूर्व प्राचार्य भोलाराम बल्डवाल, सुरेश यादव, अनिता वर्मा, फूलचंद यादव,विकास नामदेव सहित अन्य अभिभावक उपस्थित रहे। जितेंद्र टीलावत ने भामाशाहों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षक और शिक्षार्थी की सुविधा को ध्यान में रखते हुए भामाशाहों की यह पहल अनुकरणीय उदाहरण पेश करती है।

### लाइंस क्लब का निःशुल्क बीपी, शुगर एवं परामर्श शिविर आज,

**श्रीमाधोपुर।** लायंस क्लब श्रीमाधोपुर द्वारा हर माह के अंतिम दिन लगाए जाने वाला 44 वां शिविर इस माह 28 फरवरी शुक्रवार को प्रातः 10 से दोपहर 12 बजे तक डॉक्टर महेंद्र प्रताप तिवारी हॉस्पिटल स्टेशन रोड श्रीमाधोपुर में लगाया जाएगा। लायंस क्लब के अध्यक्ष सीताराम सैनी पूर्व वैज्ञानिक से प्राप्त जानकारी के अनुसार शिविर में निःशुल्क मधुमेह जांच, बीपी जांच और शरीर वजन करवा सकते हैं तथा साथ ही शिविर डॉक्टर महेंद्र प्रसाद तिवारी रोगियों को निःशुल्क परामर्श भी देंगे। शिविर आयोजक लायंस क्लब श्रीमाधोपुर ने श्रीमाधोपुर और आसपास के क्षेत्र के लोगों से इस सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आग्रह किया है।

### कार्यालय का उद्घाटन

**चौमूं / कालाडेरा** ।चौमूं के मगध नगर में गुरुवार को स्वर्गीय मुकेश कुमार सैनी (एन एल एस ) की स्मृति में एन जी ओ के कार्यालय का उद्घाटन चौमूं के पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने किया। पूर्व विधायक का राजस्थानी पंरपरा के अनुसार माला पहनाकर साफा बंधवाकर स्वागत सत्कार किया। वहीं पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने फाउंडेशन की नई पहल की सराहना करते हुए कहा कि बहुत ही अच्छा काम है संस्था के फाउंडर शुभम सैनी ने कहा कि यह फाउंडेशन केवल संस्था नहीं एक संकल्प है जिसमें हम समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर फाउंडेशन के सदस्य, अमित, विजय, नवीन, अजय, रवि, सौरभ आदि मौजूद रहे।

### श्री श्याम शक्ति मंडल कोटपूतली ट्रस्ट की बैठक आयोजित

**कोटपूतली।** श्री श्याम शक्ति मंडल कोटपूतली ट्रस्ट की बैठक गुरूवार को श्री श्याम मंदिर में आयोजित की गई। वक्ताओं ने कहा कि आगामी 05 मार्च को प्रातरू 09 बजे से श्री खाटू श्याम के लिये मंदिर परिसर से अखंड ज्योति पद यात्रा रवाना होगी। पद यात्रा को पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना श्री श्याम पताका देकर रवाना करेंगे। क्षेत्र के श्याम प्रेमियों से अपील कि गई है कि अपनी आईडी प्रुफ आवश्यक रूप से साथ लेकर जायें। प्रशासन द्वारा सख्त आदेश दिये गये है कि जहां भी श्रद्धालू ठहरेंगे वहाँ कभी भी आईडी प्रुफ चेक हो सकती है। धर्मशाला में प्रवेश हेतु आईडी प्रुफ जरूर दिखाना होगा।

### दिया पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन

**अलवर।** दिनांक 26 फरवरी को तुलसीराम सैनी पूर्व अध्यक्ष रामगढ सैनी समाज के उनकी ही दुकान पर रामगढ़ में हुए कुछ नकाबपोश लोगों द्वारा जानलेवा हमले को लेकर अलवर जिला सैनी महासभा अध्यक्ष अनिल सैनी जी गब्बर के नेतृत्व में तुलसीराम के परिवारजन तथा समाज के प्रतिष्ठित लोगों ने जिला पुलिस अधीक्षक अलवर को ज्ञापन दिया तथा अपराधियों को जल्द से जल्द पडक़र उचित कार्यवाही की जाए जिससे समाज के लोगों का भय दूर हो सके। आज ज्ञापन देने में सैनी महासभा अध्यक्ष अनिल सैनी, महात्मा मोहन दास सेवा समिति अध्यक्ष भौरे लाल सैनी सैनी, युवा महासभा अध्यक्ष डॉ संदीप सैनी, अलवर जिला सैनी समाज अध्यक्ष बाबूलाल झरिया, बाबूलाल मास्टर, झम्मनलाल सैनी, महेन्द्र सैनी, दिनेश सैनी, रोहन सैनी, लालसिंह सैनी, दयाकिशन सैनी, याद सिंह सैनी शामिल रहे।

# प्रशासन की कड़ी सुरक्षा के बीच राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा आयोजित

**दौसा।** जिला एवं पुलिस प्रशासन की कड़ी सुरक्षा के बीच गुरुवार को प्रथम एवं द्वितीय पारी में राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा आयोजित की गई। इधर प्रथम पारी में 12 हजार 972 में से 12 हजार 141 तथा द्वितीय पारी में 17 हजार 212 में से 15 हजार 941 परीक्षार्थियों ने भाग लिया। वही दूसरी और परीक्षा शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से सम्पन्न होने के साथ ही जिला एवं पुलिस प्रशासन के आला अधिकारियों ने राहत की सांस ली। इधर परीक्षा समाप्ति के बाद परीक्षार्थियो के उमडे सैलाब से शहर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह से चौपट को गई।

उल्लेखनीय है कि जिला एवं पुलिस प्रशासन ने गुरुवार को राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा



परीक्षा केन्द्रों पर बायोमेट्रिक जांच करते हुये।

शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से सम्पन्न कराने के लिए जिले में 51 परीक्षा केन्द्र स्थापित किये गये थे। साथ ही 17 सौ वीक्षको को तैनात किया गया था। साथ ही नकल एवं गडबडी को रोकने के लिए विशेष टीमों को गठन किया गया था, प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर भारी पुलिस जाप्ता तैनात किया गया था। परीक्षार्थियों को हैंड-हेल्ड मेटल डिटक्टर से जांच एवं बायोमैट्रिक सत्यापन के बाद ही परीक्षा केन्द्रों पर प्रवेश दिया गया।

उक्त जांच के लिए परीक्षार्थियों को दो घंटे पूर्व ही परीक्षा केन्द्रों पर बुलाया गया था, जिसके चलते पुलिसकर्मियों एवं स्टाफ ने आसानी से जांच कर ली। वही दूसरी और प्रथम पारी में 12 हजार 972 में से 12 हजार 141 तथा दूसरी पारी में 17 हजार 212 में से 15 हजार 941 परीश्वार्थियों ने भाग लिया। वही दूसरी ओर विशेष गश्ती दलों को भी गठन किया गया था, जो परीक्षा केन्द्रों पर निगरानी रखे हुये थे।

इधर परीक्षार्थियों के साथ आये परिजनों को भी परीक्षा केन्द्रों से 200 मीटर की दूसरी तक रखा गया। परीक्षा कन्द्रों के बाहर पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था के चलते किसी भी प्रकार की गडबडी नही हुई। दोपहर एवं शाम को परीक्षा समाप्ति के बाद शहर के मुख्य मार्गों पर परीक्षार्थियो को सैलाब उमड पडा, जिसके चलते शहर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो गई। यातायात पुलिसकर्मियों को यातायात व्यवस्था को सुचारु करने के लिए भारी मशक्कत करनी पड़ी। हालांकि यातायात प्रशासन ने पूर्व में भी वाहनो को डायवर्ड करना शुरु कर दिया था, लेकिन अधिकांश वाहनों में परीक्षार्थी सवार होने के कारण मजबूरन प्रवेश देना पडा।

देर से पहुंचे परीक्षार्थियों को नहीं दिया प्रवेशः पं. नवलकिशोर शर्मा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्रथम पारी में तकरीबन आधा दर्जन से अधिक परीक्षार्थी निर्धारित समय से 15 मीनट देर से पहुंचे, परीक्षार्थियो के काफी अनुनय व आग्रह के बावजूद उन्हें प्रवेश नही दिया। देर से पहुंचे परीक्षार्थियो को कहना था कि वे गंगानगर से आय है, ट्रेन लेट हो जाने के कारण वे परीक्षा केन्द्र पर पहुंचने में देर हो गई।

## कलेक्टर ने शिविरों का निरीक्षण किया

**कोटपूतली।** जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने गुरुवार को एग्रीस्टैक योजनांतर्गत तहसील पावटा की ग्राम पंचायत पंडितपुरा एवं खेलना में आयोजित फार्मर रजिस्ट्री शिविरों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में समुचित व्यवस्थाएं बनाए रखें ताकि इसका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके।

उन्होंने किसानों से अपने परिचित किसानों को शिविर के बारे में जानकारी देने की अपील करते हुए बताया कि किसान रजिस्ट्री, एग्रीस्टैक परियोजना के तहत कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार की एक पहल है जिसके माध्यम से कृषक विवरण, उसके द्वारा धारित कृषि भूमि का विवरण, प्रत्येक कृषि भूखण्ड के जीपीएस निर्देशांक, उस पर बोई गई फसलों का विवरण आदि को डिजिटल रूप में संकलित किया।

# सैशन न्यायाधीश ने किया उप कारागृह का निरीक्षण

**बौंली-बामनवास।** सवाई माधोपुर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष (जिला एवं सैशन न्यायाधीश) सवाई माधोपुर देवेंद्र दीक्षित ने राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार गुरुवार को उप कारागृह गंगापुर सिटी का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष देवेंद्र दीक्षित ने मुख्य प्रहरी विदेश कुमार से उप कारागृह में प्रथम बार अपराध करने वाले बंदियों के नाम, पता व उनकी संख्या मालूम की एवं बंदियों को दी जाने वाली भोजन, पेयजल व अन्य सुविधाओं के बारे में विस्तार से पूछताछ की। इसके बाद बंदियों से वार्ता कर उनके मुकदमे संबंधित न्यायालय, परिजनों से मिलने के समय के बारे में



सवाई माधोपुर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष देवेंद्र दीक्षित ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

जानकारी ली एवं उनकी समस्याओं को सुना। निरीक्षण के दौरान गंगापुर सिटी उप कारागृह में 89 बंदी उपस्थित पाए गए। निरीक्षण के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव समीक्षा गौतम ने बंदियों को उनके कानूनी अधिकारों कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जागरूक करते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 479 के संबंध में जानकारी देते हुए बंदियों को अपराधों व नशे से दूर रहने की सलाह दी।

## वैश्विक नारी शक्ति शिरोमणी अवार्ड से सम्मानित

**निवाई।** अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर 7 मार्च को जयपुर में पहली बार अन्तर्राष्ट्रीय समरसता मंच के तत्वावधान वैश्विक नारी शक्ति सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। जिसमें समिति संयोजक जम्बूद्वीप पदमश्री अवार्ड से सम्मानित बौद्धधर्म के धर्म गुरू लामा घयाछो रिम्पोछे की अनुशंसा पर नटवाडा प्रशासक नीता कंवर का नेपाल सरकार के 3 बार रहे उप प्रधानमंत्री, 2 बार रहे केन्द्रीय गृह मंत्री व पूर्व विदेश मंत्री उपेन्द्र यादव द्वारा वैश्विक नारी शक्ति अवार्ड से सम्मानित किया जायेगा। मुख्य सलाहकार एडवोकेट कुलदीपप्रसाद शर्मा ने बताया कि वैश्विक नारी शक्ति सम्मेलन में 192 राष्ट्रो का नागरिक अभिनन्दन एंव पूर्व उप प्रधानमंत्री उपेन्द्र यादव का नागरिक अभिनन्दन किया जायेगा। वैश्विक नारी शक्ति शिरोमणी अवार्ड में 22 राष्ट्रो की प्रतिभाओं के सम्मान मे नीता कंवर का भी अभिनन्दन किया जायेगा।

# प्राकृत महाकाव्य पर आधारित प्रतियोगिता के पोस्टर का विमोचन

**निवाई।** जैन मुनि समत्वसागर महाराज एवं शीलसागर महाराज संघ के सानिध्य में गुरुवार को श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन अग्रवाल मन्दिर में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली अशोक रोहिणी चारित्र पर बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के पोस्टर का समाज द्वारा विमोचन किया गया। जैन धर्म प्रचारक विमल जौंला ने बताया कि जैन धर्म के आचार्यश्री वसुनंदी महाराज के पावन

■ राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की जा रही है धार्मिक प्रतियोगिता

आशीर्वाद से उनके ही द्वारा रचित महाकाव्य अशोक रोहिणी चारित्र पर बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है।

अग्रवाल सेवा सदन प्रांगण में धर्म जाग्रति संस्थान राजस्थान के प्रांतीय अध्यक्ष श्रावक श्रेष्ठी पदमचंद जैन बिलाला एवं सोभागमल अजमेरा जयपुर एवं तहसील अध्यक्ष विमल जौंला के नेतृत्व में अशोक रोहिणी चारित्र पर बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता बेनर एवं पोस्टर का विमोचन किया गया




अशोक रोहिणी चारित्र प्राकृत महाकाव्य प्रतियोगिता के पोस्टर का विमोचन करते हुए श्रद्धालु।

जिसमें चातुर्मास कमेठी अध्यक्ष सुनील भाणजा, विष्णु बोहरा, प्रेमचंद जैन मुकेश बनेठा, अजय जैन, नवरत्न टोंग्या, महेन्द्र चंवरिया, महावीरप्रसाद छाबड़ा, संजय बड़ागांव, मोहनलाल चंवरिया, हितेश छाबड़ा, महेन्द्र लावा व पदमचंद सांवलिया सहित कई गणमान्य लोगों ने धर्म जाग्रति संस्थान राजस्थान के समाज द्वारा स्वागत करते हुए प्राकृत महाकाव्य पर आधारित प्रतियोगिता पोस्टर का विमोचन किया गया। इस दौरान समस्त संघ को श्रीफल एवं शास्त्र की प्रति समर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता पोस्टर विमोचन के तहत प्रांतीय अध्यक्ष पदमचंद जैन बिलाला जयपुर ने तहसील अध्यक्ष पद की विमल जौंला को जिम्मेदारी सौंपी।

# 'कांजी हाउस की स्थापना होती तो नहीं भटकते गोवंश'

**सांभरझील, (निसं)।** स्थानीय नगरपालिका यदि सरकार द्वारा जारी अधिसूचना की पालन करती और मुताबिक आदेश कांजी हाउस की स्थापना होती तो क्षेत्र में गोवंश भटकने को मजबूर नहीं होते। राज्य सरकार द्वारा गाय और उसकी नस्ल के संरक्षण और संवर्धन के लिए राजस्थान गौसंरक्षण एवं संवर्धन निधि का गठन इसीलिए किया गया था, लेकिन परिपत्र आज तक फाइलों में दबा पड़ा है जिसे पढ़ने और समझने की जरूरत आज तक किसी भी अधिशाषी अधिकारी को नहीं हुई, इसी वजह से प्रदेश सरकार की ओर से जारी दिशा निर्देश की आधी अधूरी पालन भी नहीं हुई है। पशुपालन एवं गोपालन विभाग के शासन सचिव की ओर से 14 अक्टूबर 2021 को इस संदर्भ में विस्तृत विवरण के साथ परिपथ की पालना सुनिश्चित किए जाने हेतु आदेश प्रसाद किए गए थे। परिपत्र में स्पष्ट बताया गया था कि "कांजी हाउस" से आशय राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 तथा राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994 के अन्तर्गत स्थापित एवं संचालित कांजी हाऊस से है। इसका मतलब सरल भाषा में यह था कि क्षेत्र में भटकते गोवंश को नगर पालिका प्रशासन अपने स्तर से पकड़ कर उन्हें "कांजी हाउस" में रखेगा

■ 14 अक्टूबर 2021 को सरकार ने अधिसूचना जारी की थी

तथा गोवंश को पकड़ने एवं उनके चारे पानी की व्यवस्था के लिए पालिका की मांग के आधार पर सरकार द्वारा बजट भी दिए जाने का प्रावधान है।

गौवंश संरक्षण एवं संवर्धन के लिए गौशालाओं तथा कांजी हाउस में स्थायी प्रकृति की परिसम्पत्तियों का निर्माण तथा उत्पादन इकाईयों/योजनाओं हेतु दिशा निर्देश भी है।

आश्चर्य इस बात का है कि सांभर में कई दशकों पहले पुराने नगर पालिका भवन के पास कांजी हाउस हुआ करता था लेकिन आजकल वह अस्तित्व में नहीं है और न ही कांजी हाउस की स्थापना किए जाने के लिए कोई प्रावधान किया गया है और नहीं कोई ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। यह बताना जरूरी है कि विगत 4 दशकों में कभी भी ऐसा उदाहरण देखने को नहीं मिला जहां कांजी हाउस की स्थापना करवाने के लिए बोर्ड की मीटिंग में किसी ने यह मुद्दा उठाया हो। यही कारण है की सांभर में आज तक सरकार की मंशा के अनुरूप कांजी हाउस की स्थापना नहीं हो सकी है।

# सोतानाला इंडस्ट्रीज एरिया पर ग्रीन एरिया डेवलपमेंट की शुरुआत

**कोटपूतली।** बहरोड़ के सोतानाला इंडस्ट्रीज एरिया की 6 बीघा जमीन पर ग्रीन एरिया डेवलपमेंट की शुरुआत गुरुवार को की गई। जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल एवं जिला पुलिस अधीक्षक दुष्यंत राजन ने आयोजित कार्यक्रम के दौरान पौधारोपण किया।

इस दौरान जिला कलक्टर ने कहा कि वृक्षारोपण कर उनकी देखरेख भी करें। उन्होंने कहा कि इंडस्ट्रीज एरिया हो या फिर ग्रामीण क्षेत्र सभी जगह पेड़ अवश्य लगाने चाहिए, यही आने वाले समय में प्रदूषण को कम करेंगे, भविष्य में बच्चों को शुद्ध वायु दे पाएंगे।

श्रीजी लैबोरेट्री मैनकाइंड फार्मा इकाई के द्वारा 6 बीघा जमीन को गोद लिया गया है। यूनिट हेड एनएस राव ने बताया कि उनका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण को संतुलित बनाए रखना और प्रदूषण रहित क्षेत्र विकसित करना है जिसके लिए वे 6 बीघा जमीन पर घना जंगल विकसित कर रहे हैं। राव ने कार्यक्रम



कलक्टर कल्पना अग्रवाल एवं जिला पुलिस अधीक्षक दुष्यंत राजन ने आयोजित कार्यक्रम के दौरान पौधारोपण किया।

में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यदि आप एक पेड़ काट रहे हैं, तो उसके बदले में कम से कम दो पौधे अवश्य लगाएं। जिला पुलिस अधीक्षक ने भी पौधारोपण को बढ़ावा देने के साथ-साथ उनकी देखरेख करने का पर जोर दिया।

यूनिट के चीफ साइंटिफिक ऑफिसर एवं डायरेक्टर डॉ. अनिल त्यागी ने कहा कि भविष्य में भी इसी

■ स्वच्छ पर्यावरण एवं आने वाले भविष्य के लिए आज ही करें अधिकाधिक वृक्षारोपण - जिला कलक्टर

तरह पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते रहेंगे। डायरेक्टर सतीश शर्मा ने कहा कि यह केवल वृक्षारोपण नहीं है बल्कि आज हम हरित पर्यावरण के लिए बीज बो रहे हैं।

कार्यक्रम के दौरान जीएसटी डिप्टी कमिश्नर ज्योति स्वरूप शर्मा, रीको नीमराना रीजनल मैनेजर राकेश कुमार सिंह, आरएसपीसीबी रीजनल ऑफिस राजकुमार सहरा, सोतानाला इंडस्ट्रीज एसोसिएशन अध्यक्ष जयप्रकाश चौधरी, सदर थानाधिकारी सीमा सिनसिनवार, पंडित रामजस शर्मा सहित उधमी मौजूद रहे।

## 51 कुंडीय श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ

**मानपुरा माचेडी ।** निकटवर्ती ग्राम रुण्डल स्थित केवलदास जी के स्थान पर सात दिवसीय 51 कुंडीय श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ शुक्रवार से प्रारम्भ होगा।यज्ञ से पूर्व 11 सौ महिलाओ ने कलश यात्रा निकाली।

कलश यात्रा बेंड बाजे की भक्तिमय सुमधुर धुनों के साथ भगवान के जयकारे लगाते यज्ञ स्थल तक पहुची।कलश यात्रा में पुरुष हाथों में ध्वज लिए हुए तो महिलाएं कलश लेकर चल रही थी।कलश यात्रा में अनेक गण मान्य लोग शामिल हुए।यज्ञ आचार्य अयोध्या धाम के गणेश दास ने बताया कि यज्ञ में नियमित मंत्र जप के साथ हवन किया जाएगा। रामकथा का वाचन दोपहर 12 से 3 बजे तक किया जाएगा इस अवसर पर बालमुकुंदाचार्य महाराज हाथोज धाम नायन धाम से काली दास महाराज, खेड़ा पति प्रेमदास जी महाराज, अरनिया धाम से हरिदास महाराज, कुंडा धाम से प्रह्लाद दास महाराज सहित प्रधान कार्यालय प्रमुख अजय सिंह रुण्डल, रामसिंह खड़ोत्या, मुक्तिलाल दंगड,रणवीर सिंह शेखावत, सी एम बाड़ीगर, नंदकिशोर सैनी, बद्री बेजारा, रामू आफरिया, सूरज्ञान मीणा, श्रीपाल सिंह शेखावत, दिनेश मीणा आदि लोग मौजूद थे।

## सार-समाचार

### ममता ने मुकेश गौतम से शिष्टाचार भेंट की



**देवली ।** गुरुवार को यहां कांग्रेस राष्ट्रीय महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष ममता शर्मा भगवान गुरु कृपा संस्थान पहुंची जिन्होंने संस्थान के पंडित मुकेश गौतम से पहले तो शिष्टाचार भेंट की उसके बाद अपने उज्जवल भविष्य के लिए पंडित मुकेश गौतम से आशीर्वाद प्राप्त किया। इसी के साथ ही ममता शर्मा ने यहां ज्योतिष परामर्श भी लिया। जानकारी के अनुसार कांग्रेस राष्ट्रीय महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष ममता शर्मा बुधवार को देवली शहर मे एक शादी समारोह कार्यक्रम में शामिल होने आई हुई थी। इस मौके पर कांग्रेसी नेता ममता शर्मा ने स्थानीय कांग्रेसी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात की तो वहीं गुरुवार को कांग्रेसी नेता ममता शर्मा भगवान गुरु कृपा संस्थान केंद्र पहुंची जहां पंडित मुकेश गौतम से उनकी शिष्टाचार भेंट हुई इसके बाद वह जयपुर के लिए रवाना हो गई।

### रैल में चढ़ते समय असंतुलित होकर गिरी युवती, दोनों पैर चोटिल

**बौंली-बामनवास।** सवाई माधोपुर रेलवे जंक्शन पर गुरुवार को एक युवती रेल में चढ़ते समय असंतुलित होकर चपेट में आ गई इस दुर्घटना में युवती के दोनों पैरों से रेल निकल गई जिससे युवती के दोनों पैरों पर गंभीर चोट आई एवं बांया पैर पूरी तरीके से डैमेज हो गया। सूचना पाकर सवाई माधोपुर रेलवे पुलिस एंबुलेंस लेकर मौके पर पहुंची एवं गंभीर घायल युवती को जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां पर उसका उपचार जारी है। सवाई माधोपुर रेलवे पुलिस थाने के उप निरीक्षक मनोज कुमार यादव ने बताया कि गुरुवार को दीपिका चौपदार निवासी कृषि नगर, गोविंदपुरा सांगानेर से बड़ाखेड़ा, इंदरगढ़ अपने ननिहाल में विवाह समारोह में शामिल होने जा रही थी इसी दौरान सवाई माधोपुर रेलवे जंक्शन पर चलती रेल में बैठने के लिए चढ़ने लगी तो वह अनियंत्रित होकर चपेट में आ गई जिससे उसके दोनों पैरों में गंभीर चोटें आई एवं बांया पैर डैमेज हो गया इस कारण वह आंशिक रूप से दिव्यांग हो गई। सूचना पाकर रेलवे पुलिस एंबुलेंस लेकर मौके पर पहुंची एवं घायल युवती को जिला चिकित्सालय में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। गुरुवार को रीट परीक्षा होने के कारण बस स्टैंड एवं रेलवे स्टेशन पर भीड़ भाड ज्यादा थी।

### एनसीसी की भर्ती रैली आयोजित

**श्रीमाधोपुर ।** कस्बे की एसबीएन पीजी महाविद्यालय में 3 राज बटालियन सीकर के निर्देशन में रिक्त हुई 13 सीटों पर एनसीसी की भर्ती रैली का आयोजन हुआ। एनसीसी भर्ती रैली के लिए 3 राज बटालियन सीकर से सीएचएम पीतराम व नायक सूबेदार मनीष कुमार के निर्देशन में एएनओ डॉ मुकेश कुमार बल्डवाल,जीसीआई अनिता दूसाद की अगुवाई में भर्ती रैली का आयोजन हुआ। प्राचार्य डॉ सुरेश कुमार जाट ने बताया कि प्रथम वर्ष में अध्यनरत 27 छात्र-छात्राओं ने भर्ती रैली में भाग लिया, जिनमें दौड़, फिजिकल, मेडिकल व लिखित टेस्ट के बाद मेरिट के आधार पर चयनित छात्र-छात्राओं को दस्तावेज सत्यापन व एनरोलमेंट फॉर्म भरने के लिए 1 मार्च 2025 को महाविद्यालय में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर उप प्राचार्य प्रवीण कुमार शर्मा, खेल सचिव बनवारी लाल जीतरवाल, ओमप्रकाश वर्मा, दीपक सैनी, धर्मेंद्र जीतरवाल, राजेंद्र बिजारणिया, मदनलाल सैनी, झाबरमल चौधरी, जितेंद्र मिग्ररवाल सहित समस्त महाविद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### स्वतंत्रता सेनानी पथिक की जयंती मनाई

**कोटपूतली।** कस्बे के डाबला रोड़ स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय परिसर में गुरूवार को राजस्थान किसान आंदोलन के प्रणेता व महान स्वतंत्रता सेनानी विजय सिंह पथिक की जयंती मनाई गई। इस मौके पर जिला पार्षद मंजू रावत, प्राचार्य डॉ. आर.पी. गुर्जर ने विजय सिंह पथिक के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। प्राचार्य डॉ. गुर्जर ने कहा कि विजय सिंह पथिक का भारत के स्वतंत्रता संग्राम, विशेषकर किसानों के हक के लिए किए गये संघर्ष में निर्णायक योगदान रहा है। यद्यपि यह विडम्बना है कि उनके योगदान को जितना महत्व दिया जाना चाहिए था उतना नहीं दिया गया। अतरू इस दिशा में ओर अधिक शोध कर उनकी भूमिका को रेखांकित किया जाना चाहिये। जिला पार्षद मंजू रावत ने कहा कि पथिक द्वारा सामान्तशाही व ठिकानेदारों द्वारा आम जनता विशेषकर किसानों के विरूद्ध होने वाले अत्याचारों के खिलाफ बड़ी लड़ाई लड़ी तथा अपने अखबार राजस्थान केसरी के माध्यम से राजस्थान में राजनैतिक जागरूकता की दिशा में बड़ा योगदान दिया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. जे.आर.गुर्जर ने बताया कि राजस्थान सेवा संघ नामक संगठन की स्थापना कर विजय सिंह पथिक ने ना केवल बिजौलिया बल्कि बेंगू के किसान आन्दोलन को नवीन धार प्रदान की। उन्होनें हार्डिंग बम काण्ड, लाहौर षड्यंत्र के बाद अपना वेश बदल लिया तथा नाम बदलकर भूपसिंह गुर्जर के स्थान पर विजय सिंह पथिक रखकर स्वतंत्रता संघर्ष को आगे बढ़ाया।

### एबीवीपी के कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

**अलवर।** राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय में पिछले दिनों कंप्यूटर का पेपर एग्जाम से पहले बाहर आने के मामले में गुरुवार को एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। उनकी बात सुनने आए कुलपति का घेराव कर दिया। इसके बाद कुलपति ने सीढिय़ों पर ही बैठकर छात्रों की बात सुनी। आश्वस्त किया गया कि पेपर लीक मामले की शिकायत पुलिस को दी जा चुकी है। जांच के बाद पता चलेगा कि पेपर लीक कैसे हुआ। दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। ज्ञापन देने के बाद कार्यकर्ता वापस लौटे।तीसरा पुनर्मूल्यांकन नहीं होने से हजारों छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ किया गया है। अब वापस पुनर्मूल्यांकन किया जाना शुरू होगा। बीच में बंद कर दिया गया। इसके अलावा फीस को लेकर बार-बार छात्रों की मांग उठती रही लेकिन उनकी सुनवाई नहीं की गई। उत्तर पुस्तिकाएं आरटीआई से नहीं दी गई। इन सबके कारण हजारों विद्यार्थी परेशान होते रहे। छात्रों की शिकायत सुनने के बाद वीसी ने कहा- पेपर लीक मामले को लेकर पुलिस जांच कर रही है। पुनर्मूल्यांकन पहले कई यूनिवर्सिटी में बंद किया गया था। इन सब जवाबों के बाद भी छात्रों ने पूछा कि पेपर लीक कैसे हो रहे हैं। यह भी कहा कि फीस का मुद्दा तो आपके हाथ में है। समय पर रिजल्ट नहीं आता है। आखिर में एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने वीसी को ज्ञापन दिया।

### पानी के गड्डे में मिला अधेड का शव

**मालपुरा ।** गुरूवार की देर शाम तिलांजू के पास सडक किनारे पानी के गड्डे मे एक अधेड का लावारिस शव मिला जिसे पुलिस ने सुरक्षा मे ले मालपुरा जिला अस्पताल की मोर्चरी मे रखवाया गया। मिली जानकारी मे सामने आया कि गुरूवार की देर शाम सडक से गुजर रहै लोगो को सडक किनारे लावारिस मोटरसाईकिल पडी मिली तो ग्रामीणो ने आसपास देखा तो पानी के गड्डे मे एक अधेड का शव पडा मिला। शव इस कदर जकडा हुआ था कि लगभग एक दिन पूर्व का मरा हुआ हो। सुचना पर पहुंची मालपुरा थाना पुलिस ने शव को पुलिस सुरक्षा मे ले मालपुरा जिला अस्पताल की मोर्चरी मे रखवाया। जहां मृतक की पहचान के प्रया मे जुटी पुलिस।

### पानी की मोटर चोरी की

**पावटा।** थाना प्रागपुरा पुलिस ने पावटा कस्बे में जलदाय विभाग के पास में घर से पानी की मोटर चोरी करने के आरोप में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। प्रागपुरा थाना प्रभारी किरण सिंह ने बताया कि पावटा निवासी सुभाष भार्गव ने मामला दर्ज करवाया कि बीती 24 फरवरी की मध्य रात्रि उनके घर पर पानी चढ़ाने के लिए लगी पानी की मोटर को कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। उसने अपने स्तर पर ढूंढने की कोशिश की लेकिन सफलता नहीं मिलने पर आखिरकार पुलिस में शिकायत की। इससे पहले भी 19 फरवरी की रात्रि को इसी तरह अज्ञात चोर पानी की मोटर चोरी कर ले गए थे।



पाकिस्तान में चल रही चैंपियन्स ट्रॉफी से बाहर रहने के उनके फैसले के पीछे मुख्य कारण टखने का दर्द है। - मिशेल स्टार्क

ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज, चैम्पियंस ट्रॉफी से बाहर होने का कारण बताते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** गुरमीत सिंह संधू



**कोनामी** डिजिटल एंटरटेनमेंट, बी.वी. (कोनामी) आगामी एक से 26 मार्च तक भारतीय फुटबॉल कप्तान गुरप्रीत सिंह संधू और पेशेवर ईस्पोर्ट्स खिलाड़ी जोनाथन गेमिंग की विशेषता वाले एक विशेष अभियान की शुरुआत करेगा 26 दिनों तक चलने वाले इस अभियान के मुख्य आकर्षण का केंद्र गोल के रंग ईफुटबॉलटीएम टूर्नामेंट है। इसमें गेमरफ्लीट, शार्कशे, आरके रेड्डी, स्नैक्स और ईगल गेमिंग जैसी शीर्ष गेमिंग हस्तियां शामिल होंगी। ब्रांड एंबेसडर के रूप में अभियान की अगुआई करते हुए भारतीय ईस्पोर्ट्स स्टार जोनाथन गेमिंग सामुदायिक जुड़ाव के लिए मुख्य भूमिका निभाएंगे।

क्या आप जानते हैं ?... भारतीय हॉकी के सबसे दिग्गज खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद को सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक माना जाता है जिन्होंने भारत के लिए हॉकी खेला है।

## पीटरसन दिल्ली कैपिटल्स के मेंटॉर बने

नई दिल्ली 27 फरवरी। दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) ने इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के लिए अपनी टीम का मेंटॉर बनाया है। पीटरसन मुख्य कोच हेमंग बदानी, सहायक कोच मैथ्यू मॉट, गेंदबाजी कोच मुनफ पटेल और क्रिकेट निदेशक वेणुगोपाल राव के साथ मिलकर काम करेंगे। हालांकि अभी तक दिल्ली कैपिटल्स ने अपनी टीम के कप्तान की घोषणा नहीं की है। यह पहली बार होगा जब पीटरसन आईपीएल में कोचिंग स्टाफ के साथ काम करेंगे। डीसी के साथ मेंटर के रूप में जुड़ने को लेकर पीटरसन ने कहा, यह मेरे लिए एक बेहतरीन अवसर है और मैं टीम से जुड़ने और लड़कों के साथ काम करने के लिए उत्साहित हूं। उन्होंने कहा, आईपीएल में दिल्ली फ्रेंचाइजी का प्रतिनिधित्व करने की अच्छी यादे है। मैं आईपीएल के 2012 सत्र के दौरान वेणुगोपाल राव के साथ खेला था। फ्रेंचाइजी के साथ नई शुरुआत को लेकर अच्छा महसूस कर रहा हूं।

## टीएन ने मैक्सिकन ओपन में जेवरेव को हराया

वल्लार्टा (मैक्सिको), 27 फरवरी। विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी अलेक्जेंडर जेवरेव को मैक्सिकन ओपन में किशोर क्वालीफायर लर्नर टीएन के खिलाफ सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा। मैच के दौरान ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनलिस्ट जेवरेव ने कई गलतियां की और अमेरिका के युवा टेनिस खिलाड़ी टीएन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मुकाबला 6-3, 6-4 से जीत लिया। 19 वर्षीय टीएन ने पिछले दौर में ब्रिटेन के कैमरून नोरी को हराया था और क्वार्टर फाइनल में उनका सामना चेक गणराज्य के टॉमस मचैक से होगा।

## दीपक और रणविजय ने किया विश्वस्तरीय निशानेबाजी सुविधा का उद्घाटन

नई दिल्ली, 27 फरवरी। भारतीय शूटर दीपक कुमार और टीवी कलाकार रणविजय सिंघा ने गुरुवार को वसंत कुंज के जीडी गोयनका स्कूल में एक अत्याधुनिक निशानेबाजी सुविधा का उद्घाटन किया। यह शूटिंग रेंज एक प्रभावशाली, ओलंपिक आकार की 10-मीटर सुविधा है, जिसमें आधुनिक एयर राइफल और एयर पिस्टल के साथ-साथ एक उन्नत इलेक्ट्रॉनिक टारगेट स्कोरिंग प्रणाली है। इस अवसर पर रणविजय सिंघा ने कहा, मैं इस निशानेबाजी सुविधा को देखकर और यहां हुये कुछ खेलों को फिर से देखकर बहुत उत्साहित हूं। अगर युवा बच्चों को स्कूल में ऐसी सुविधा और समर्थन मिलेगा तो खिलाड़ी और एथलीट देश के लिए अनगिनत पदक जीतने से नहीं रुकेंगे। अधिकारी, एशियाई खेलों में 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाले भारतीय निशानेबाज दीपक कुमार ने कहा, निशानेबाजी सुविधा का उद्घाटन एक शुभ कदम है। एक एथलीट में हमारे राष्ट्रीय ध्वज को पूरी दुनिया के सामने ऊंचा करने की क्षमता होती है, और मैं यह कह सकता हूं कि भविष्य में इस स्कूल, राज्य और देश से कई एथलीट ग्लोरी और अनगिनत पदक लाएंगे। जीडी गोयनका ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री निपुण गोयनका ने कहा, यह निशानेबाजी सुविधा छात्रों को सर्वोत्तम प्रशिक्षण प्रदान करने के साथ-साथ अगले पीढ़ी के चैंपियंस को प्रेरित भी करेगी।

## यूपी अपर ने जीता कामाख्या क्रिकेट लीग का खिताब

नोएडा 27 फरवरी। उत्तर प्रदेश अपर ने चंडीगढ़ चैंपियन को 25 रन से हरा कर कामाख्या क्रिकेट लीग का खिताब अपने नाम कर लिया है। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ़ अंडमान निकोबार के तत्वाधान में चैंपियंस स्पोर्ट्स और एंटरटेनमेंट द्वारा नोएडा इंटरनेशनल क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गये मैच में यूपी अपर ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट खोकर 159 रन बनाए जिसमें हाफिज मोहम्मद फैज ने सर्वाधिक 72 रन का योगदान दिया। इनके अलावा दिनेश ने 39 रन और सत्यजीत राउत ने 20 रन बनाये। जवाब में 160 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी चंडीगढ़ चैंपियन की टीम निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 134 रन ही बना सकी। अश्विंदर सिंह चौहान ने सर्वाधिक 59 रन बनाये। उत्तर प्रदेश अपर की तरफ से मोहम्मद ओसामा ने चार ओवर में 23 रन देकर तीन विकेट झटके। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार पूर्व टेस्ट क्रिकेटर सुरेंद्र खन्ना के हाथों हाफिज मोहम्मद फैज को तथा मैन ऑफ़ द सीरीज का पुरस्कार अरविंद वर्मा को दिया गया।

# चैम्पियंस ट्रॉफी से बाहर होने पर पाकिस्तान में हंगामा

### शहबाज संसद में मुद्दा उठाएंगे, 29 साल बाद टूर्नामेंट की मेजबानी मिली थी

लाहौर, 27 फरवरी। मेजबान पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी से एक भी मैच जीते बिना बाहर हो गया है। टीम के खराब प्रदर्शन से पाकिस्तान में बवाल मचा है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ इस मामले की कैबिनेट और संसद में चर्चा करेंगे। पीएम के राजनीतिक और सार्वजनिक मामलों के सलाहकार राना सनाउल्लाह ने यह जानकारी दी।



चैनल ने दावा किया है कि यह मामला संसद में उठाया जाएगा। गुरुवार को बांग्लादेश के खिलाफ टीम का आखिरी मुकाबला रावलपिंडी में बारिश के कारण रद्द हो गया है। पाकिस्तान को पहले मैच में न्यूजीलैंड और दूसरे में भारत ने हराया था। पाकिस्तान को 29 साल बाद टूर्नामेंट की मेजबानी मिली। इससे पहले 1996 में भारत के साथ मिलकर पाकिस्तान ने वनडे वर्ल्ड कप की मेजबानी की थी। एडवाइजर राणा सनाउल्लाह बोले, इस टूर्नामेंट के लिए हमने 12 से 14 अरब रुपए खर्च किए, लेकिन टीम हार गई। मुझे इस बात का बहुत अफसोस हुआ। दुनिया क्रिकेट खेलेगी और हम तमाशाई बन गए हैं। जितनी तवज्जो स्टेडियम को दी गई। उतनी ही टीम को देनी चाहिए थी। इससे पूरा पाकिस्तान मायूस है।



## चैम्पियंस ट्रॉफी : बारिश के कारण पाक बनाम बांग्लादेश मुकाबला हुआ रद्द

रावलपिंडी, 27 फरवरी। चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान और बंगलादेश के बीच गुरुवार को होने वाले मैच को रूक रूक कर हो रही बारिश के कारण रद्द कर दिया गया हैं। मैच रेफरी ने मैदान का निरीक्षण किया और बारिश को देखते हुए इस मैच को रद्द करने का फैसला लिया। दोनों टीमों को एक-एक अंक दिए गए। दोनों टीमें पहले ही चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो चुकी और यह दोनों का आखिरी ग्रुप मुकाबला था। बारिश के कारण मैच का टॉस भी नहीं हुआ और बिना एक भी गेंद फेंके मैच को रद्द कर दिया गया। बंगलादेश तीन मैचों में दो हार और एक रद्द मैच के साथ एक अंक और माइनस 0.44 नेट रन रेट लेकर तीसरे स्थान पर रही। वहीं मेजबान पाकिस्तान माइनस 1.09 नेट रन रेट के साथ ग्रुप अंक तालिका में चौथे स्थान पर रही।

### क्रिकेट प्रशंसकों के लिए अच्छी खबर

## एशिया कप : भारत-पाक के बीचे होंगे 3 और मैच

नई दिल्ली, 27 फरवरी। क्रिकेट प्रशंसकों के लिए अच्छी खबर है। इस साल तीन और भारत-पाकिस्तान मैच देखने को मिल सकते हैं। बताया जा रहा है कि पुरुषों का एशिया कप का आयोजन सितंबर में हो सकता है। ऐसे में भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला देखने को मिल सकता है। क्रिकबज की एक रिपोर्ट के अनुसार, एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) ने सितंबर के दूसरे और चौथे सप्ताह के बीच टूर्नामेंट के लिए एक अस्थायी विंडो पर फैसला किया है।

यह टूर्नामेंट टी20 फॉर्मेट में खेला जाएगा। महाद्वीपीय टूर्नामेंट का 17वां संस्करण, जिसमें 19 मैच होंगे, शुरुआत में भारत में आयोजित होने वाला था। हालाँकि, भारत और पाकिस्तान के बीच संबंधों के बीच, एसीसी एक तटस्थ स्थान चुनने की संभावना है। रिपोर्ट में कहा गया है कि हालांकि आयोजन स्थल अभी तय नहीं हुआ है, लेकिन



अधिकारी श्रीलंका और यूएई के बीच विचार-विमर्श कर रहे हैं। हालांकि बीसीसीआई मेजबान बना रहेगा।

रिपोर्ट में कहा गया है कि एसीसी ने फैसला किया है कि दोनों देशों के ऐतिहासिक तनाव के कारण भारत या पाकिस्तान की मेजबानी में सभी संस्करण तटस्थ देश में खेले जाएंगे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) 2025 संस्करण का आधिकारिक मेजबान रहेगा। मौजूदा 2025 चैंपियंस ट्रॉफी की अगुवाई में भी यही तनाव था, जिसकी मेजबानी पाकिस्तान को करनी थी, क्योंकि बीसीसीआई, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के बीच चर्चा के कारण शेड्यूल जारी करने में देरी हुई थी।

बीसीसीआई को भारत सरकार से मंजूरी नहीं मिलने के कारण रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान की यात्रा नहीं कर सकी। इसलिए, महीनों की चर्चा के बाद, दुबई को भारत के सभी मैचों के आयोजन स्थल के रूप में चुना गया। शुरू से ही इसी तरह के विवाद से बचने के लिए, एसीसी एशिया कप के सभी 19 खेलों के आयोजन के लिए एक तटस्थ स्थान पर निर्णय लेने के लिए उत्सुक रहा है।

## चोटिल रोहित ने नहीं किया अभ्यास, गिल भी नहीं हुए शामिल

दुबई, 27 फरवरी। टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने बुधवार शाम को दुबई में प्रैक्टिस सेशन में भाग नहीं लिया। हालांकि, वे टीम के साथ मैदान पर मौजूद रहे। उपकप्तान शुभमन गिल तबीयत ठीक नहीं होने के कारण ग्राउंड पर नहीं आए। टीम इंडिया से रोहित और गिल को लेकर अब तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। भारत को चैंपियंस ट्रॉफी में आखिरी लीग मैच रविवार यानी 2 मार्च को दुबई के इंटरनेशनल स्टेडियम में खेलना है। टीम इंडिया ने बुधवार रात को अकादमी में फ्लड लाइट की मौजूदगी में तीन घंटे अभ्यास किया। विराट कोहली ने नेट्स में जमकर प्रैक्टिस की, वहीं मोहम्मद शमी भी पूरी लय में गेंदबाजी करते नजर आए। गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल निजी कारणों से घर जाने के बाद टीम में वापस लौट आए हैं। रोहित शर्मा को 23 फरवरी को पाकिस्तान के खिलाफ खेले गए दूसरे लीग मैच में चोट लग गई थी। वह पाकिस्तान की पारी के दौरान कुछ देर के लिए ड्रेसिंग रूम में चले गए, लेकिन फिर मैदान पर लौट आए। रोहित ने भारत के 242 रनों के सफल चेज के दौरान बल्लेबाजी भी की, जिसमें उन्होंने 15 गेंदों पर तीन चौकों और एक छक्के की मदद से 20 रन बनाए। रोहित प्रैक्टिस सेशन के दौरान बाहर से अन्य खिलाड़ियों को बल्लेबाजी करते हुए देखते रहे।

## रॉयल क्लब को हराकर नेपाल मध्यपुर क्लब 5-0 से जीता



जयपुर, 27 फरवरी। रॉयल क्लब मैदान पर खेली जा रही इंडो-नेपाल क्लब फुटबॉल फ्रैंडशिप सीरीज के अन्तर्गत खेले गए तीसरे मैच में नेपाल मध्यपुर क्लब ने रॉयल फुटबॉल क्लब को 5-0 से पराजित किया। नेपाल फुटबॉल क्लब की ओर से यमन रहबर ने लगातार ने पहले हॉफ के 9वें ओर 25वें मिनट में राहुल से मिले पास से रॉयल क्लब के गोलकीपर को छकाते हुए शानदार गोल किये। 32वें मिनट में रोबिन कुटु ने, 41वें मिनट में राहुल कड़का ने गोल कर टीम को 4-0 से बढ़त दिलाई। मैच के दूसरे हाफ में रॉयल क्लब द्वारा गोल करने के कई प्रयास किये गए लेकिन नेपाल क्लब के गोलकीपर ओर डिफेंस की दीवार ने कामयाब नही होने दिया। मैच के 72वें मिनट में संतोष गुंबा ने 35 गज से शानदार तेज तर्रार शॉट लिया जिसे रोक पाना रॉयल क्लब के गोलकीपर के लिए नामुमकिन रहा। गोलकीपर ने बॉल को रोकने के लिए हवा में जम्प भी किया लेकिन जब तक बॉल नेट को छू चुकी थी। नेपाल क्लब ने 5-0 से रॉयल क्लब को हरा कर सीरीज भी जीती।

## सीनियर महिला नेशनल हॉकी की चयन ट्रॉयल आज

जयपुर, 27 फरवरी। पंचकुला (हरियाणा) में 1 से 12 मार्च तक आयोजित होने वाली राष्ट्रीय सीनियर महिला हॉकी प्रतियोगिता के लिये राजस्थान टीम की चयन ट्रायल 28 फ़रवरी को सुबह 9 बजे से सवाई मान सिंह स्टेडियम स्थित हॉकी एस्ट्रो टर्फ पर होगी। राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद् के सचिव राजेंद्र सिंह सिसोदिया ने बताया कि इस ट्रायल के लिए तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है। इसमें राज्य क्रीड़ा परिषद् के हॉकी प्रशिक्षकों प्रशान्त सप्रे, हर्षवर्धन सिंह व पल्लवी श्याम बर्वे है। उक्त समिति खिलाडियों की चयन स्पर्द्धा आयोजित कर राजस्थान सीनियर महिला हॉकी टीम का अंतिम चयन कर सचिव, राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद को चयन सूची प्रस्तुत करेंगे। उल्लेखनीय है कि राजस्थान हॉकी संघ के चुनाव समय पर नहीं होने एवं हॉकी राजस्थान अपंजीकृत होने तथा दोनों संघों के मध्य विवाद की स्थिति के कारण खिलाडियों के हित को ध्यान में रखते हुए, प्रतियोगिता में राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद जयपुर द्वारा राजस्थान की सीनियर महिला हॉकी टीम का चयन कर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में टीम भेजी जायेगी।

## कल्याणी एकेडमी 108 रन से जीती

जयपुर, 27 फरवरी। यूनियन क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित 27वीं नवीन-नफीस स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता में आज सिग्नेचर क्रिकेट ग्राउण्ड सांगानेर पर खेले गये पूल-ए के मैच में कल्याणी क्रिकेट एकेडमी ने मोहित जैन 60 रन (34 गेंद, 2 चौके, 6 छक्के) की अद्धर्शतक की पारी तथा जतिन मोटवानी (4 ओवर 1 मेडन 10 रन 4 विकेट) की घातक गेंदबाजी की बदौलत से बारवाल क्रिकेट एकेडमी को 108 रन से हराकर दो अंक अर्जित किये।

सुबह कल्याणी क्रिकेट एकेडमी ने टोस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया मोहित जैन 60 रन (34 गेंद, 2





चौंके, 6 छक्के), तरूण टेलर 38 रन, अखिलेश सिंह 34 रन तथा सौरव सिंह 17 रन की मदद से 19.4 ओवर में 184 रन बनाकर सिमट गई, गेंदबाजी में बारवाल क्रिकेट एकेडमी की ओर से अभिमन्यु, गौतम 27 रन पर 3 विकेट, धीरज योगी 30 रन पर 2 विकेट, अनुज चौधरी 39 रन पर 2 विकेट, किशन 40 रन पर 2 विकेट तथा गुनेश सोनी 41 रन पर 1 विकेट लेकर सफल गेंदबाज रहे। जवाबी पारी में बारवाल क्रिकेट एकेडमी के अनुज चौधरी 42 रन तथा राहुल शर्मा 11 रन को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज कल्याण क्रिकेट एकेडमी के गेंदबाजों जतिन मोटवानी 10 रन पर 4 विकेट, निखिल डांगी 17 रन पर 2 विकेट, प्रवीण चौधरी 18 रन पर 2 विकेट तथा अखिलेश सिंह 25 रन पर 1 विकेट के समक्ष बारवाल की पूरी टीम 18.3 ओवर में मात्र 76 रन पर सिमट गई और कल्याणी एकेडमी की टीम 108 रन से मैच जीत गई। मैन ऑफ दा मैच जतिन मोटवानी (4 ओवर 1 मेडन 10 रन 4 विकेट) कल्याण क्रिकेट एकेडमी रहे।

### अफगानिस्तान सेमीफाइनल में पहुंचने के इरादे से उतरेगा

लाहौर, 27 फरवरी। इंग्लैंड पर शानदार जीत से उत्साहित अफगानिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी के ग्रुप मुकाबले में शुक्रवार को जीत के इरादे से उतरेगा, वहीं ऑस्ट्रेलिया के लिए इस मैच पर उसकी साख दाव पर होगी।

## जयपुर ब्लूज व चम्बल स्पोर्ट्स क्लब जीते

जयपुर, 27 फरवरी। जयपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित के एल सैनी ए डिविजन लीग में आज खेले गए मैच में जयपुर ब्ल्यूज ने सुराणा क्रिकेट एकेडमी को 3 विकेट से हराया तथा जयपुरिया ग्राउंड पर चम्बल स्पोर्ट्स ने जयपुर क्लब को 4 विकेट से हराया। के एल सैनी स्टेडियम पर खेले गए मैच में जयपुर ब्ल्यूज ने टॉस जीतकर पहले सुराणा क्रिकेट एकेडमी को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया।

सुराणा क्रिकेट एकेडमी के दोनों सलामी बल्लेबाज शून्य पर आउट होने के बाद राजवीर सिंह के नाबाद शतक 114 रन (144 गेंद, 15 चौके), प्रशांत यादव के 37 रन व मनीष गोस्वामी के 57 रनों की पारियों से 50 ओवर में 7 विकेट पर 240 रन बनाए। जयपुर ब्लूज के लिए हिमांशु राणा ने 38 पर 3, मेहुल पारीक ने 18 पर 2, प्रखर शर्मा व राहुल चौधरी ने 1 - 1 विकेट लिया। जवाबी पारी में जयपुर ब्ल्यूज की टीम ने सचिन जाट के 73 रन, संजू सारण के 23 रन, योगेंद्र काकोडिया के 49 रन, लखन भारती के 15 रन व शुभम सिंह पटवाल के नाबाद 43 रन से 48.2 ओवर में 7 विकेट पर 241 रन बनाकर मैच जीत लिया। सुराणा क्रिकेट एकेडमी के लिए लोकेश खांडल ने 47 पर 3, राजवीर सिंह ने 19 पर 2, अभिषेक यादव व साकेत शर्मा ने 1 - 1 विकेट लिया। दूसरे मैच में जयपुरिया ग्राउंड पर जयपुर क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए दक्ष कासलीवाल के 10 रन, विवेक सैनी के 20 रन, केशव डीडवानिया के 21 रन, मोहम्मद ख़ुबेब के 40 रन, कुशाग्र ओझा के 26 रन, विनय मीणा के 21 रन व मोंटी जायसवाल के 15 रनों से 45.2 ओवर में 198 रन बनाए।

चम्बल स्पोर्ट्स के लिए दिव्यांश शर्मा ने 31 पर 3, रोहन राजभर ने 17 पर 3, मिहित अग्रवाल ने 34 पर 2, पूरव शर्मा ने 32 पर 2 विकेट लिए। जवाबी पारी में चम्बल स्पोर्ट्स ने राहुल खंडेलवाल के 27 रन, रोहन राजभर के 37 रन, तोषित भाटिया के 87 रन नाबाद व मिहित अग्रवाल के 26 रन नाबाद से 46.3 ओवर में 6 विकेट पर 202 रन बनाकर मैच जीत लिया। जयपुर क्लब के लिए विनय मीणा ने 50 पर 2, मोंटी जायसवाल, लोहित केवलिया, गौरव मीणा व मोहम्मद ख़ुबेब ने 1 - 1 विकेट लिए। 28 फरवरी को के एल सैनी स्टेडियम पर राजस्थान यूथ बनाम राजीव गांधी क्लब क्लब के मध्य मैच खेला जाएगा तथा जयपुरिया ग्राउंड पर चम्बल स्पोर्ट्स बनाम नीरजा मोदी एकेडमी के मध्य मैच खेला जाएगा।

## राजस्थान विवि. वुशू टीम ने आठ पदक जीते, मोहित के परिवार को 2 लाख देने की घोषणा

जयपुर, 27 फरवरी। चंडीगढ़ में 22 से 27 फ़रवरी 2025 तक आयोजित हुई, अखिल भारतीय विश्वविद्यालय वुशू प्रतियोगिता में राजस्थान विश्वविद्यालय वुशू टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 2 स्वर्ण, 1 रजत व 5 कांस्य कुल 8 जीते।

हीरानन्द कटारिया अध्यक्ष, राजस्थान वुशू संघ ने बताया कि स्वर्ण पदक मनोज चित्तोडिया व ईश्वर सिंह, रजत पदक छवि कँवर तथा कांस्य पदक भानु प्रताप पारीक, चारू शर्मा, किशन, प्रेम सिंह, पूजा सारण ने जीता। सभी पदक



विजेता खिलाडियों ने अपने पदक, अपने साथी मोहित शर्मा को समर्पित किये। भारतीय वुशू संघ के चेयरमैन भूपेन्द्र सिंह बाजवा ने मोहित शर्मा के परिवार को भारतीय वुशू संघ की ओर से 2 लाख रूपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की तथा राजस्थान वुशू संघ के जिला संघो व सीनियर वुशू खिलाडियों ने आपसी सहयोग से 2 लाख रूपये की राशी मोहित शर्मा के परिवार को सहयोग देने के लिए जमा किये। हीरानन्द कटारिया अध्यक्ष, राजस्थान वुशू संघ ने मोहित के परिवार को इस दुख की घडी में आर्थिक सहयोग देने पर भारतीय वुशू संघ, समस्त जिला वुशू संघ तथा समस्त वुशू के सीनियर खिलाडियों का आभार व्यक्त किया।

### आदित्य सरवटे ने केरल की लड़खड़ाती पारी को संभाला

नागपुर, 27 फरवरी। आदित्य सरवटे (नाबाद 66) की जूझारू पारी ने गुरुवार को रणजी ट्रॉफी के फाइनल में मुकाबले के दूसरे दिन केरल की लड़खड़ी पारी को संभाला। इससे पहले एम डी निधीष और ईडन ऐपल टॉम (तीन-तीन विकेट) और एनपी बासिल (दो विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत केरल ने मैच में वापसी करते हुए विदर्भ को पहली पारी में 379 के स्कोर पर रोक दिया था। बल्लेबाजी करने उतरी केरल की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने मात्र 14 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिये। रोहन कुन्नुमल (शून्य) और अक्षय चंद्रन (14) रन बनाकर आउट हुये। इन दोनों ही बल्लेबाजों को दर्शन नलकंडे ने बोल्ड आउट किया।

## जयपुर यूएसपीए 4-2.5 के स्कोर से एसएमएस पोलो एकेडमी से जीता

### जयपुर पोलो सीजन 2025 : एसएमएस गोल्डवास कप

जयपुर, 27 फरवरी। जयपुर पोलो सीजन 2025 एसएमएस गोल्ड वास कप (4 गोल) के मैच में गुरुवार को रामबाग पोलो ग्राउंड पर जयपुर यूएसपीए ओर एसएमएस पोलो एकेडमी के बीच खेला गया जिसमें जयपुर यूएसपीए ने एसएमएस पोलो एकेडमी को 4-2.5 के स्कोर से हराया। आधे गोल का एडवांटेज लेकर खेली एसएमएस पोलो एकेडमी की ओर से अनिरुद्ध मावाजी ने 1, विशाल सिंह राठौड़ ने 1 गोल किया। जयपुर यूएसपीए की ओर से शुभम गुप्ता, महाराजा पदमनाभ सिंह ने 1-1 ओर डिनो धनखड़ ने 2 गोल कर टीम को जीताया।



## जोधपुर फुटबॉल एकेडमी चैम्पियन बनी

### राजस्थान राज्य अंडर-20 बॉयज फुटबॉल चैम्पियनशिप 2025

जयपुर, 27 फरवरी। चौगान स्टेडियम में राजस्थान राज्य अंडर 20 बॉयज फुटबॉल चैंपियनशिप के सेमीफाइनल और फाइनल मैच खेले गए। सुबह खेले गए प्रथम सेमीफाइनल मैच में जोधपुर फुटबॉल अकादमी ने अजमेर को 2-0 से पराजित किया। दूसरे सेमीफाइनल में जोधपुर जिला फुटबाल संघ ने गंगानगर को 3-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। दोपहर बाद तीसरे स्थान के लिए श्री श्रीगंगानगर और अजमेर के बीच मैच खेला गया है जिसमें श्रीगंगानगर ने अजमेर को 2-0 से पराजित कर तीसरा स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता के समापन समारोह



में शाम 4:00 बजे फाइनल मैच जोधपुर जिला फुटबाल संघ और जोधपुर फुटबॉल अकादमी के बीच खेला गया जिसमें जोधपुर फुटबॉल अकादमी ने शुरुआत से ही मैच पर अपनी पकड़ बनाए रखी और प्रत्येक हाफ में एक-एक गोल कर 2-0 से फाइनल मैच और प्रतियोगिता जीत ली। समापन समारोह में मुख्य अतिथि राजस्थान राज्य खेल परिषद के सचिव राजेंद्र सिंह सिसोदिया और विशिष्ट अतिथि राजस्थान फुटबाल संघ के सचिव दिलीप सिंह शेखावत,राजस्थान रेफरी बोर्ड के अध्यक्ष महेंद्र सिंह बिजानिया और स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के जयपुर प्रमुख अमित गर्ग उपस्थित थे। मुख्य अतिथियों ने प्रथम स्थान पर आई जोधपुर फुटबॉल एकेडमी, द्वितीय स्थान के लिए जोधपुर जिला फुटबाल संघ और तृतीय स्थान पर श्रीगंगानगर जिला फुटबाल संघ की टीमों को ट्रॉफी और इनाम प्रदान किया। प्रतियोगिता के टॉप स्कोरर नीरज निर्माण (जोधपुर फुटबॉल अकैडमी), बेस्ट डिफेंडर गर्वित सदानी (अजमेर जिला फुटबाल संघ), बेस्ट मिडफील्डर विवेक (श्री गंगानगर), बेस्ट फॉरवर्ड सुफियान (जोधपुर जिला फुटबाल संघ), बेस्ट गोलकीपर युग सांखला (जोधपुर जिला फुटबाल संघ) और टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी नीरज निर्वाण (जोधपुर फुटबॉल अकैडमी) चुना गया।

# ‘जीएसटी व कस्टम्स के अपराधों में मनमानी गिरफ्तारी नहीं हो सकती’

## सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला देते हुए कहा कि कर अधिकारियों द्वारा मनमानी गिरफ्तारी संविधान का उल्लंघन है

नयी दिल्ली, 27 फरवरी। उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को फैसला सुनाया कि कर अधिकारियों द्वारा मनमानी गिरफ्तारी और जबरदस्ती करना संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन है। न्यायालय ने निर्देश दिया कि अधिकारियों की प्रवर्तन कार्रवाई कानून की सीमा के भीतर रहनी चाहिए।वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) अधिनियम और सीमा शुल्क अधिनियम के अंतर्गत गिरफ्तारी की शक्तियों को स्पष्ट करते हुए और एक ऐतिहासिक फैसले में मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने कहा कि इन कर कानूनों के अंतर्गत अधिकारी पुलिस अधिकारियों का दर्जा नहीं रखते हैं। न्यायालय ने इस तर्क को खारिज कर दिया कि उन्हें ऐसा माना जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि आपराधिक प्रक्रिया संहिता (अब

- **शीर्ष अदालत ने कहा जीएसटी व कस्टम के मामलों में अग्रिम जमानत के प्रावधान होते हैं। इन मामलों में गिरफ्तारी संदेह के आधार पर नहीं की जानी चाहिए।**

भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता) के अंतर्गत प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपाय इन कानूनों के अंतर्गत की गई गिरफ्तारियों पर समान रूप से लागू होंगे।

शीर्ष अदालत ने कहा कि इसमें अग्रिम जमानत प्रावधान लागू होते हैं, जो लोगों को एफआईआर दर्ज होने से पहले ही न्यायपालिका से राहत मांगने की अनुमति प्रदान करते हैं।पीठ ने कहा कि जीएसटी और सीमा शुल्क कानूनों के अंतर्गत गिरफ्तारी सत्यापित सामग्री पर आधारित होनी चाहिए, न कि केवल संदेह के आधार पर।

उसने कहा कि इन कानूनों के अंतर्गत अधिकारी पुलिस अधिकारी नहीं होते हैं और समान शक्तियों का प्रयोग नहीं कर सकते हैं। गिरफ्तारी पर जीएसटी विभाग द्वारा जारी किए गए परिपत्रों का सख्ती से पालन किया जाना चाहिए। अदालत ने निर्देश दिया कि कर भुगतान में दबाव के आरोपों को गंभीरता से लेना चाहिए; प्रभावित व्यक्ति न्याय के लिए अदालत जा सकते हैं।

शीर्ष अदालत ने कहा कि गिरफ्तारी प्रावधानों में अस्पष्टता के कारण नागरिकों को परेशान नहीं किया जाना चाहिए। अदालत ने इस बात पर बल दिया कि जीएसटी अधिनियम के अंतर्गत कोई निजी शिकायत नहीं हो सकती।

शीर्ष अदालत ने अरविंद केजरीवाल मामले से इस सिद्धांत को लागू किया, जहां धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के अंतर्गत गिरफ्तारी के लिए "विश्वास करने का कारण" होना आवश्यक है। मुख्य न्यायाधीश ने फैसला सुनाते हुए कहा, "हमने माना है कि दीपल महाजन का मामला अलग था और हमने अरविंद केजरीवाल मामले का हवाला दिया है।सीमा शुल्क अधिनियम की धारा 132 और 104, जब अपराधों को संज्ञेय और जमानती के रूप में निर्दिष्ट करती है, तो इसके बजाय इसे गैर-संज्ञेय और गैर-जमानती माना जाना चाहिए।

यह निर्णय जीएसटी और सीमा शुल्क अधिनियमों के दंडात्मक प्रावधानों को चुनौती देने वाली 279 याचिकाओं के जवाब में दिया गया।

अदालत का फैसला आरोपी व्यक्तियों के लिए कानूनी सुरक्षा को बहुत मजबूत करता है।

# दिल्ली वि.सभा पर आप विधायकों का प्रदर्शन

नयी दिल्ली, 27 फरवरी। आम आदमी पार्टी (आप) के विधायकों ने विधानसभा परिसर में प्रवेश से रोकने के खिलाफ गुरुवार को परिसर के बाहर छः घंटे से ज्यादा प्रदर्शन किया। विधानसभा में नेता विपक्ष आतिशी ने कहा, भाजपा वालों ने सरकार में आते है तानाशाही की हदें पर कर दी। ‘जय भीम’ के नारे लगाने के लिए तीन दिन के लिए आम आदमी पार्टी के विधायकों को सदन से निलंबित

- **आप विधायकों ने तीन दिन के निलम्बन के खिलाफ 6 घंटे से भी ज्यादा समय तक प्रदर्शन किया।**

किया और आज आप विधायकों को विधान सभा परिसर में घुसने भी नहीं दिया जा रहा। उन्होंने कहा, ऐसा दिल्ली विधान सभा के इतिहास में कभी नहीं हुआ कि चुने हुए विधायकों को विधान सभा परिसर के अंदर नहीं घुसने दिया जा रहा। आतिशी अपनी पार्टी के विधायकों के साथ धरने पर बैठ गई हैं और बैरिकेडिंग के पास प्रदर्शन किया। उनका आरोप है कि विधानसभा अध्यक्ष के आदेश पर पुलिस पार्टी विधायकों को विधानसभा परिसर में नहीं जाने दे रही है।

# योगी महाकुम्भ में ड्यूटी देने वाले पुलिसकर्मियों को सम्मानित करेंगे

- **इन पुलिसकर्मियों को सेवा मैडल, 10 हजार रु. बोनस व सात दिन का अवकाश दिया जाएगा।**
- **ज्ञातव्य है कि महाकुम्भ के दौरान 75 हजार जवानों ने लगातार ड्यूटी की थी।**

महाकुम्भ नगर, 27 फरवरी (वार्ता) महाकुंभ में ड्यूटी देने वाले पुलिस कर्मियों को योगी सरकार ‘महाकुंभ सेवा मेडल’ और दस हजार रुपये के विशेष बोनस से सम्मानित करेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को गंगा मंडपम में आयोजित एक संवाद कार्यक्रम में पुलिसकर्मियों को संबोधित किया और पुलिसकर्मियों के धैर्य और शालीनता की प्रशंसा की। उन्होंने घोषणा की कि महाकुम्भ में ड्यूटी देने वाले 75 हजार जवानों को महाकुम्भ सेवा मेडल और प्रशस्तिपत्र दिया जाएगा। साथ ही, अराजपत्रित पुलिसकर्मियों को 10 हजार रुपये का स्पेशल बोनस और सभी को फेज वाइज एक सप्ताह का अवकाश प्रदान किया जाएगा।

उन्होने कहा, महाकुम्भ जैसा विशाल आयोजन एक बड़ी चुनौती थी, लेकिन हमने इसे एक ऊंची चोटी तक पहुंचाया। यह आप सभी के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। अगर हम समस्या के बारे में सोचते तो बहाने मिलते, लेकिन समाधान के बारे में सोचा तो रास्ते मिले। हमने समाधान का रास्ता चुना और इसे दुनिया का सबसे बड़ा आयोजन बनाया।

योगी ने कहा कि यह आयोजन भारत की सांस्कृतिक समृद्धि और आर्थिक प्रगति का प्रतीक बन गया है। उन्होंने महाकुम्भ की आलोचना करने वालों को भी खरी-खरी सुनाते हुए कहा कि जो महाकुम्भ का भागीदार बना होगा, वही इसके स्किल और स्केल के बारे में समझ पाएगा। किसी कोने में बैठकर विद्वेष भाव से टिप्पणी कर देना आसान बात है। उन्होंने महाकुम्भ के दौरान पुलिसकर्मियों के धैर्य और शालीनता की प्रशंसा की और कहा कि कई बार कुछ लोग जवानों को धक्का भी दे देते थे, तब भी हमारे जवानों ने सहनशीलता का परिचय दिया।

उन्होने बताया कि प्रयागराज के इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट और महाकुम्भ में राज्य सरकार ने करीब साढ़े 7 हजार करोड़ रुपये खर्च किए, जिसके परिणामस्वरूप, राज्य की अर्थव्यवस्था में साढ़े 3 लाख करोड़ रुपये की अभूतपूर्व वृद्धि हुई। दुनिया में कहीं भी आस्था को अर्थव्यवस्था के साथ इस तरह नहीं जोड़ा गया। भारत के ऋषियों ने कहा था कि यदि हम सही मार्ग पर चलें और आस्था का सम्मान करें, तो अर्थ और कामनाओं की सिद्धि स्वतः प्राप्त होगी। महाकुम्भ ने इसे साकार कर दिखाया।

## नाबालिग का...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

थी। रिपोर्ट में कहा गया था कि वह 9वीं कक्षा में पढ़ने वाली अपनी बेटी को स्कूल छोडकर आया था। जब वह उसे लेने पहुंचा तो पता चला कि वह स्कूल पहुंची ही नहीं। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 7 मार्च को पीड़िता को बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया। पुलिस जांच में पता चला कि अभियुक्त स्कूल के बाहर से पीड़िता को बहला - फुसलाकर अपने साथ अहमदाबाद ले गया था, जहां किराए का कमरा लेकर पीड़िता के साथ रहने लगा। इस दौरान अभियुक्त ने पीड़िता के साथ कई बार दुष्कर्म किया।

दूसरी ओर अभियुक्त पक्ष की ओर से कहा गया कि पुलिस ने उसे मामले में फंसाया है। पुलिस ने उसे थाने बुलाया और चिकित्सीय साक्ष्य सृजित किए। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद, अदालत ने अभियुक्त को सजा और जुर्माने से दंडित किया है।

## संभल जामा ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

में याचिका दायर की थी। जिसमें रमज़ान से पहले सफाई, पुताई और सजावट किए जाने का आग्रह किया गया था। बृहस्पतिवार की सुबह उच्च न्यायालय में इस याचिका पर सुनवाई की गई।

सुनवाई के दौरान उच्च न्यायालय ने एएसआई की तीन सदस्यीय टीम को मस्जिद की वास्तविकता का आकलन कर शुक्रवार की सुबह 10 बजे तक रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं।

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि संभल जामा मस्जिद की रंगाई-पुताई और मरम्मत की जरूरत है या नहीं, इसके लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग (एएसआई) के तीन अधिकारी मुतवल्ली के साथ निरीक्षण करें। न्यायालय ने यह भी कहा कि रमजान से पूर्व जो भी गतिविधि की जाए, एएसआई उसकी वीडियोग्राफी कराए।

# विधानसभा में टूटा गतिरोध,...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

मुख्यमंत्री ने कहा कि विधानसभा में नियम होते हैं। सबसे बड़ा नियम हमारा संयम है। सदन का समय बहुत महत्वपूर्ण होता है। दो-तीन दिन से सदन में बड़ा व्यवधान था। कई लोगों ने कहा कि सदन की कार्रवाई को स्थगित कर दिया जाए, मैंने कहा नहीं, सदन स्थगित नहीं होना चाहिए। सदन राजस्थान की जनता का आश्रय है, जहां जनता सोचती है कि हमारे बारे में विचार होता है।

मुख्यमंत्री ने कहा, कई बार हम भावावेश में आकर टिप्पणी करते हैं, कई लोग सहन करने वाले होते हैं, कई लोगों को सहन नहीं होता। कोई व्यक्ति बड़ा होता है तो बड़े के हिसाब से व्यवहार और आचरण भी बदलना पड़ता है। उसे देखना भी होता है। जिस वृक्ष पर फल लगते हैं, वही झुकता है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि जनप्रतिनिधि के प्रति जनता में जो भाव हैं, उसे ध्यान में रखना होगा।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि राजस्थान विधानसभा में जो घटना घटित हुई, वह बहुत ही गंभीर और चिंतनीय है। मैंने इस तरह के शब्द अपने संसदीय जीवन में कभी नहीं सुने। मैं मुख्यमंत्री और विपक्ष के नेताओं से इस गतिरोध को लेकर संपर्क में था। प्रतिपक्ष के नेता ने जिस सदस्य के शब्दों के लिए खेद प्रकट किया है, उन्हें भी आचरण में सुधार के लिए कहेंगे। भविष्य में उनके आचरण और अनुशासन को सुनिश्चित करेंगे। यह टिप्पणियां माफी की योग्य तो नहीं हैं, लेकिन आप पर विश्वास करते हुए मैं तो कहता हूं कि भविष्य में ऐसा नहीं हो, ताकि सदन चले।

नेता प्रतिपक्ष जूली ने कहा कि जिस दिन यह घटना हुई और मंत्री ने जो कहा, उसके बारे में विधानसभा देवनानी ने कहा था कि मैं देख कर कार्यवाही से निकाल दूंगा, लेकिन उन्होंने धैर्य नहीं रखा। चाहे किसी भी पक्ष का हो, अध्यक्ष पर विश्वास करना चाहिए और समय देना चाहिए। उन्होंने कहा कि गोविंद सिंह डोटासरा की टिप्पणी आसन की गरिमा के अनुकूल नहीं थी। उसके लिए मैं माफी चाहता हूं, उसमें मुझे कोई संकोच नहीं है।

जूली ने कहा कि इंदिरा गांधी पर मंत्री की तरफ से जो व्यंग्यात्मक टिप्पणी की गई थी, उसके बाद में विवाद बढ़ा। सदन के नेता मुख्यमंत्री का धन्यवाद, जिन्होंने इस गतिरोध को खत्म करने के लिए वार्ता की और हमें बुलाया। मैं शिकायत भी करना चाहूंगा सदन के नेता से, आप चाहते तो यही वार्ता आज से 4 दिन पहले हो जाती, तो न हमें सदन में सोना पड़ता, न सड़कों पर रहना पड़ता। जूली ने कहा कि पक्ष-विपक्ष के बिना सदन अधूरा है।

सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कहा- कि दुश्मनी जमकर करो, लेकिन इतनी गुंजाइश रखो कि फिर कभी मिलें तो शर्मिंदा न हों। इसके बाद उन्होंने डोटासरा सहित कांग्रेस के 6 विधायकों की निलंबन वापसी का प्रस्ताव रखा और उसके बाद प्रस्ताव पारित किया गया। कांग्रेस विधायकों का निलंबन खत्म होने के बाद बजट पर नेता प्रतिपक्ष का भाषण शुरू हुआ।

विधानसभा में अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की जुबान फिसल गई। उन्होंने कहा कि निलंबन के लिए प्रस्ताव लाएं। इस पर मुख्यमंत्री ने मुस्कुराते हुए कहा कि निलंबन बहाली के लिए प्रस्ताव लाएं।

## योगी को...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

सफाई अभियान चलाए जाने और तीसरा, आठ घंटे तक सर्वाधिक 10 हजार 102 लोगों द्वारा हैंडप्रिंट बनाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड शामिल रहा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पर्यटन विभाग द्वारा प्रकाशित एसेंस ऑफ कुम्भ बुक का विमोचन भी किया। इस दौरान दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एवं ब्रजेश पाठक, वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह समेत, अन्य मंत्री एवं अधिकारी मौजूद रहे।

# इज़रायल ने 600 फिलीस्तीनियों को जेल से रिहा किया

गाजा, 27 फ़रवरी। इज़रायली अधिकारियों ने गुरुवार को हमास और इज़रायल के बीच हुये गाजा युद्धिवराम समझौते के तहत इज़रायली जेलों से 600 से ज़्यादा फ़िलिस्तीनी कैदियों को रिहा करना शुरू कर दिया। फ़िलिस्तीनी सूत्रों ने यह जानकारी दी। फ़िलिस्तीनी सूत्रों ने बताया कि कैदियों को ले जाने वाली बसें सेंट्रल वेस्ट बैंक में ओफ़र जेल से रवाना हुईं, जो बेतुनिया क्षेत्र में एक रिसेप्शन सेंटर की ओर बढ़ रही हैं।

हमास से जुड़े कैदी सूचना कार्यालय ने कहा कि कैदियों की रिहाई के सातवें और आठवें बैच को मिला दिया गया है, जिससे कुल संख्या 642 हो गई है।

- **हमास और इज़रायल के बीच हुए युद्ध विराम समझौते के तहत यह कदम उठाया गया है।**

यह रिहाई मिस्र और कतर द्वारा अमेरिका के समर्थन से किए गए समझौते के पहले चरण का हिस्सा है। हमास ने इस रिहाई को युद्धिवराम व्यवस्था के तहत अब तक की सबसे बड़ी रिहाई बताया। हमास के प्रवक्ता हेज़म कासिम ने एक प्रेस बयान में कहा, हम कैदियों के सातवें और आठवें बैच की रिहाई के साथ फ़िलिस्तीनी लोगों की उपलब्धियों में से एक देख रहे हैं, जो युद्धिवराम समझौते की व्यवस्था के तहत अब तक की सबसे बड़ी है।

# जम्मू-कश्मीर पुलिस ने दिल्ली से आतंकी परवेज़ को गिरफ्तार किया

- **पुलिस ने बताया कि परवेज़ आतंकवादियों को आर्थिक मदद देता था और रसद भी पहुंचाता था।**
- **पुलिस ने बताया कि गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपी अलग-अलग ठिकानों पर छुप रहा था और दिल्ली से भी भागने की तैयारी में था।**

श्रीनगर, 27 फरवरी। जम्मू-कश्मीर पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस कश्मीर (सीआईके) ने राष्ट्रीय राजधानी से एक आतंकवादी को गिरफ्तार किया है, जो कथित तौर पर आतंकवाद के वित्तपोषण में शामिल है और नियंत्रण रेखा के पार बैठे प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन के आतंकवादियों के साथ उसके संबंध हैं।

पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि परवेज अहमद खान उर्फ पीके उर्फ शेख तजामुल इस्लाम उर्फ खालिद निवासी फारूक कॉलोनी, बेमिना, श्रीनगर को सीआईडी सैल दिल्ली और दिल्ली पुलिस की सहायता से राष्ट्रीय राजधानी में एक खुफिया अभियान के दौरान गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने कहा कि गिरफ्तार आतंकवादी सीआईके पुलिस थाने में दर्ज एक मामले में शामिल था, जो केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में सक्रिय प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों के आतंकवादियों को अलग-अलग तरीके से रसद पहुंचाने में मदद करता था तथा आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए उन्हें धन मुहैया कराने का काम करता है।

पुलिस ने कहा, यह धन नियंत्रण रेखा के पार से विभिन्न माध्यमों से लाया जाता है और फिर कूरियर के माध्यम से धन को भारत में भेजा जाता है, जिसमें गिरफ्तार आरोपी परवेज अहमद खान भी शामिल है।

उन्होंने बताया कि इस ऑपरेशन की योजना कुछ दिन पहले सीआईके मुख्यालय में बनाई गई थी और आरोपी आतंकवादी पर तकनीकी और शारीरिक दोनों तरह से निगरानी रखी जा रही थी।

पुलिस ने बताया कि आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए अलग-अलग ठिकानों में छिप रहा था तथा दिल्ली से भी फरार होने की योजना बना रहा था। यह गिरफ्तारी श्रीनगर स्थित सक्षम न्यायालय द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंट के अनुपालन में की गई है।

पुलिस ने कहा कि गिरफ्तार आतंकवादी को दिल्ली से श्रीनगर लाने के बाद श्रीनगर अदालत के समक्ष पेश किया जाएगा, जिसके लिए दिल्ली की अदालत से ट्रांजिट रिमांड हासिल कर ली गई है। पुलिस ने कहा, इस मामले में और गिरफ्तारियां होने की उम्मीद है।

# नीतीश के बेटे का राजनीति में आना तय

पटना, 27 फरवरी। बिहार में इस साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। चुनाव को लेकर प्रदेश की राजनीति का सियासी रंग धीरे-धीरे चढ़ता जा रहा है। इस समय बिहार की राजनीति में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत को लेकर कई तरह की चर्चाएं हैं। बीते कुछ दिनों में निशांत की सक्रियता बढ़ी है। जिसके बाद निशांत को लेकर कयासबाजी तेज हो गई है। इस बीच जो खबरें आ रही हैं, उसके अनुसार नीतीश कुमार के बेटे निशांत का राजनीति में आना लगभग तय है। कहा जा रहा है कि निशांत नालंदा जिले की हरनौत विधानसभा सीट से चुनाव लड़ सकते हैं। हरनौत विधानसभा क्षेत्र जदयू का गढ़ माना जाता है। नीतीश ने अपने चुनावी सफर का आगाज़ इसी हरनौत सीट से किया था।

यूं तो अपने परिवार के सदस्यों को राजनीति में नहीं आने देना बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की बड़ी

- **चर्चा है कि वे हरनौत विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे।**

राजनीतिक पूँजी मानी जाती है। लेकिन, कहा जा रहा है कि परिवार के सदस्यों के दबाव में नीतीश कुमार अपने इकलौते पुत्र निशांत कुमार को राजनीति में उतारेंगे।

दरअसल निशांत को सक्रिय करने के पीछे नीतीश कुमार से अधिक उनके परिवार के सदस्यों की राजनीतिक इच्छा हैं कि निशांत अपने पिता के सक्रिय रहते उनके राजनीतिक उतराधिकारी बनें। जैसा राष्ट्रीय जनता दल और लोक जनशक्ति पार्टी में हुआ। राजद में लालू यादव की तबीयत बिगड़ने पर तेजस्वी यादव ने पार्टी की कमान संभाली। दूसरी ओर लोजपा में रामविलास पासवान के बाद चिराग ने पार्टी की कमान संभाली। इससे पार्टी सुप्रीमो के अस्वस्थ होने पर भी पार्टी बिखड़ने से बची।

## क्या बात ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

अध्यक्ष तो चुन लिये गये हैं, लेकिन प्रदेशाध्यक्ष की घोषणा नहीं हुई हैं। उदाहरणार्थ के लिये, मध्य प्रदेश में वी.डी. शर्मा ने पार्टी प्रदेशाध्यक्ष का अपना पाँच साल का कार्यकाल तो पूरा कर लिया है, लेकिन पार्टी अभी तक उनके स्थानापन्न के बारे में निर्णय नहीं ले पायी है, जबकि जिला अध्यक्ष निर्वाचित हो रहे हैं। बिहार में भी, जिलाध्यक्षों के चुनाव हो गये हैं, लेकिन प्रदेशाध्यक्ष का चुनाव अभी तक नहीं हुआ है। बताया जाता है कि इसका कारण यह रहा कि राज्य के प्रमुख नेता दिल्ली विधानसभा चुनावों में व्यस्त थे। उत्तराखंड तथा हिमाचल प्रदेश में, विलम्ब का कारण पार्टी की अंदरूनी लड़ाई है। हरियाणा में विलंब का कारण वर्तमान पार्टी अध्यक्ष मोहन लाल बड़ोली तथा वरिष्ठ नेता अनिल विज के बीच की लड़ाई बताई जा रही है।

## हरियाणा में ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

से राहुल चौधरी, वार्ड 19 से पूजा रानी तथा पूजा रानी के पति रुपेश मलिक शामिल है।

# ‘ट्रम्प हर बार भारत को तिरस्कृत करते जा रहे हैं

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

मोदी अमेरिका की यात्रा पर गये, तो ट्रम्प, प्रधानमंत्री मोदी को रिसीव करने तक नहीं आये।"

रेसिप्रोकल टैरिफ के लिये ट्रम्प के जोर को लेकर, कुमार ने कहा कि अगर सेब जैसी चीज से टैरिफ हट जायेगा, तो हिमाचल के सेब व्यापारी मुसीबत में पड़ जायेंगे। अगर अंगूरों पर टैरिफ हट जायेगा तो महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश के लिये कष्ट की बात होगी।

कांग्रेस नेता अजय कुमार ने कहा, "इसके साथ ही, अगर वाहनों से टैरिफ हट जायेगा, तो भारतीय कार बाजार को बहुत बड़ा नुकसान होगा। आज तो, चीन से इलैक्ट्रॉनिक सामान भी हमारे देश में आ रहा है।"

"अगर अन्य सामान भी बाहर से आने लगेगा, तो फिर देश में क्या बनेगा?"

कुमार ने जोर देते हुये कहा कि टैरिफ को लेकर ट्रम्प ने भारत को "अपमानित" करने की कोशिश की।

लेकिन यह सरकार इतनी निर्लज्ज है कि अमेरिका जाने से पहले, सरकार ने "हार्ली डेविडसन" तथा "टेस्ला" पर कस्टम्स ड्यूटी कम कर दी। मोदी सरकार के शासनकाल में, अर्थव्यवस्था की हालत खराब है।

कुमार ने कहा कि स्टॉक मार्केट की स्थिति खराब है। लोग वहीं खड़े हैं, जहाँ से उन्होंने शुरुआत की थी। उन्होंने आरोप लगाया कि लोग स्टॉक मार्केट से अपना पैसा लगातार निकाल रहे हैं।

कांग्रेस प्रवक्ता ने सख्ती के साथ कहा, "रेसिप्रोकल टैरिफ के कारण, देश की अर्थव्यवस्था में 0.5-0.6 प्रतिशत की गिरावट आयेगी, जिसके कारण देश की हालत बिगड़ेगी। नरेन्द्र मोदी अर्थव्यवस्था के दुश्मन हैं।"

उन्होंने कहा, "सबसे पहले नोटबंदी, उसके बाद खामियों से भरी जीएसटी, अनियोजित लॉकडाउन और अब टैरिफ (का मुद्दा)। नरेन्द्र मोदी ने देश के विनाश की ठान ली है।"

उन्होंने आरोप लगाया कि अगर अर्थव्यवस्था के तौर-तरीके ऐसे ही रहे, तो भारत अंदरूनी रूप से कमजोर हो जायेगा।

कांग्रेस नेता ने कहा, "आपने देखा कि कैनडा और मैक्सिको ने किस तरह प्रतिक्रिया दी और टैरिफ हटा दिये गये। भारत को केस बनाना होगा, आपको ट्रम्प सरकार का सामना करना होगा तथा कहना होगा कि हम इसे स्वीकार नहीं करेंगे।"

कुमार ने इस बात को लेकर भी सरकार पर हमला बोला कि ट्रम्प ने, कथित तौर पर, पाकिस्तान को एफ-16 बेड़े (फ्लीट) के रखरखाव के लिये फंड आवंटित किया है।

कुमार ने कहा, "जैसे ही नरेन्द्र मोदी अमेरिका यात्रा से लौटे, अमेरिका ने यह घोषणा कर दी कि करीब 3,000 करोड़ रूपए की राशि एफ-16 की मरम्मत एवं रखरखाव के लिए दी जा रही है। लेकिन हमारे विदेश मंत्रालय ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।"

"अमेरिका और पाकिस्तान के बीच यह डील हुई थी कि एफ-16 लड़ाकू जेट विमानों को केवल आतंकवाद के खिलाफ काम में लिया जायेगा।"

कुमार ने आरोप लगाया कि यद्यपि भारत के सैन्य अधिकारियों ने अनेक बार यह कहा है कि पाकिस्तान ने एफ-16 लड़ाकू जेट विमानों का उपयोग भारत के खिलाफ किया है, लेकिन मोदी सरकार चुप रही है।

उन्होंने कहा, "अमेरिका ने पहले कई बार, जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी के दौर में भी हमारे ऊपर दबाव बनाने की कोशिश की थी, लेकिन भारत उसके आगे झुका नहीं था।"

कुमार ने सरकार के सामने कुछ सवाल रखे। उन्होंने पूछा कि मोदी सरकार ने उस समय विरोध क्यों नहीं किया, जब ट्रम्प ने पाकिस्तान को 350 मिलियन डॉलर से अधिक की ग्रांट दी।

उन्होंने कहा, "मोदी सरकार ने अपने विशेषज्ञों के साथ एफ-35 पर चर्चा की या नहीं? मोदी सरकार ने देश को कमजोर क्यों किया तथा इसे खतरे में क्यों डाला?"

कुमार ने कहा कि "एलन मस्क ने एफ-35 को निकृष्ट कहा है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने अभी तक एफ-35 डील को रद्द नहीं किया है।"

"मोदी सरकार ने यह भी नहीं कहा कि भारत सरकार अपने रक्षा विशेषज्ञों के साथ चर्चा करने के बाद ही, इसके बारे में निर्णय लेगी।"

उन्होंने जोर देकर कहा, "ऐसी रिपोर्ट लगातार आ रही हैं कि इसकी डिज़ायन तथा टैक्नोलॉजी अच्छी नहीं है। लेकिन ट्रम्प को खुश करने की वजह से मोदी इस डील के लिये मना नहीं कर सके।"

कांग्रेस ने मंगलवार को कहा कि रेसिप्रोकल टैरिफ अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के सभी स्वीकृत सिद्धांतों को पूरी तरह नकारने वाले हैं। पार्टी ने दृढ़तापूर्वक कहा कि मोदी को अपने "अच्छे मित्र" को यह याद दिलाने के लिये "साहस बटोरना" चाहिये कि "डब्ल्यू टी ओ में "टी" "ट्रेड" के लिये आया है, "ट्रम्प" के लिये नहीं।"

विपक्षी दल कांग्रेस के इस कथन से पहले, ट्रम्प ने अमेरिकन टैरिफ को बढ़ाने की अपनी योजना बताई थी, ताकि ये अन्य देशों द्वारा आयातों पर वसूले जाने वाले टैक्सों के अनुरूप हो सकें। अपने इस कथन के द्वारा, ट्रम्प ने अपने मित्र तथा प्रतिद्वंदी देशों के साथ व्यापक आर्थिक टकराव की शुरुआत कर दी थी।

अमेरिकन राष्ट्रपति ने कहा है कि उनकी सरकार "शीघ्र ही" भारत और चीन जैसे देशों पर रेसिप्रोकल टैक्स लगायेगी। उन्होंने उस बात दोहराया था, जो उन्होंने प्रधानमंत्री की हाल ही अमेरिका यात्रा के दौरान कही थी।

# ‘यूरोपियन यूनियन का गठन ही, अमेरिका की "ऐसी-कम-तैसी"...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

बैंज और फॉक्सवैगन आदि। उनका हमेशा से यही कहना है कि इन कम्पनियों ने अमेरिकन कार कम्पनियों का महत्व कम किया है।

विदेश नीति विशेषज्ञ कहते हैं, ट्रम्प का यह कहना कि यूरोपियन यूनियन का निर्माण अमेरिका को कमज़ोर करने के लिए किया गया है, असल में इतिहास को तोड़ने -मरोड़ने का प्रयास है। यूरोपियन यूनियन के निर्माण की शुरुआत 1957 में यूरोपियन इकोनॉमिक कम्युनिटी (ईईसी) के रुप में हुई थी। इसका निर्माण दूसरे विश्व युद्ध के बाद यूरोप में आर्थिक सहयोग बढ़ाने और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए किया गया था। धीरे-धीरे यह एक ताकतवर आर्थिक गठबंधन बन गया, जिसका एक बाजार था, जिसमें इसके सदस्यों को ट्रेड की सुविधा थी। ई.यू. को अमेरिका के खिलाफ बनाई गई इकाई बताकर ट्रम्प ने दोनों अर्थव्यवस्थाओं की परस्पर निर्भरता की अनदेखी की है। ई.यू. कोई टैरिफ या नियम नहीं लगाता है और यह अमेरिका का प्रमुख ट्रेडिंग पार्टनर रहा है।

अगर ट्रम्प अपनी धमकी पर अमल करते हैं तो इसके गंभीर नतीजे होंगे। ई.यू. जवाबी कार्यवाही करेगा और टैरिफ लगाएगा तथा प्रमुख अमेरिका उद्योगों कृषि, एरोस्पेस व टैक्नॉलजी को निशाना बनाएगा। अमेरिका में यूरोपियन कार के दाम बढ़ जाएंगे, जिससे उनकी बिक्री कम हो जाएगी। इससे ग्लोबल सप्लाई बिगड़ जाएगी। इसके अलावा, दोनों पक्षों के बीच कानूनी जंग छिड़ जाएगी। दोनों पक्षों द्वारा डब्ल्युटीओ में मुकदमे दायर किए जाएंगे।

यह कदम अमेरिका और ई.यू. के बीच कूटनीतिक रिश्ते खराब कर सकता है और रक्षा, सुरक्षा और जलवायु परिवर्तन जैसे महत्वपूर्ण मसलों पर जो परस्पर सहयोग है, उसे खत्म कर सकता है। ट्रम्प का ट्रेड पर जो आक्रामक रुख है, वह उनके मतदाताओं को काफी पसंद है खासकर मिड वैस्ट की निर्माता कम्पनियों को। वहां के लोग ग्लोबलाइजेशन के कारण खुद को अलग-थलग महसूस कर रहे थे।

ट्रम्प की धमकी पर जवाब देने में यूरोपियन यूनियन ने जरा भी देर नहीं लगाई। ई.यू. ने इस

- **दोनों पार्टियाँ, ई.यू. व अमेरिका, अपना यह विवाद अब डब्ल्यू.टी.ओ. के समक्ष ले गई हैं तथा कानूनी समाधान ढूंढ़ने का प्रयास करेंगी।**

दावे से इन्कार किया कि ई.यू. का निर्माण अमेरिका को कमज़ोर करने के लिए हुआ था। उन्होंने कहा अगर दंडात्मक टैरिफ लगाया गया तो उनका करारा जवाब दिया जाएगा।

यूरोपियन यूनियन के लिए प्रवक्ता ऑल गिल ने ट्रांसएटलांटिक व्यापार संबंधों के आपसी लाभों पर जोर देते हुए कहा कि यूरोपियन यूनियन दुनिया का सबसे बड़ा मुक्त बाज़ार संचालित करता है। उन्होंने यह भी बताया कि यह आर्थिक ढांचा अमेरिका के निर्यातकों के लिए लागतों को काफी कम करता है और दोनों पक्षों के लिए व्यापार को सरल बनाता है। गिल ने यह दोहराया कि जहाँ ई.यू. बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन वो यूरोपीय व्यापारों, श्रमिकों और उपभोक्ताओं की रक्षा के लिए, अनुचित व्यापार उपायों से निपटने में हिचकिचाएगा नहीं।

फ्रांस ने भी दृढ़ रुख अपनाया है। फ्रांस सरकार की प्रवक्ता सोफी पाइमस ने इस संदर्भ में कहा कि जहाँ ट्रेड वॉर किसी के भी हित में नहीं है, वहीं, यदि ट्रम्प अपनी टैरिफ योजना पर आगे बढ़ते हैं तो ईयू निर्णायक रुप से प्रतिक्रिया देने के लिए तैयार है। उन्होंने ई.यू. के गठन को लेकर ट्रम्प के दावों को खारिज किया और फिर से इस बात की पुष्टि की कि यह संघ यूरोपीय एकता और आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए बनाया गया था, न कि अमेरिका को कमज़ोर करने के लिए।

इटली की प्रभावशाली व्यापार लॉबी, कॉनफिडस्ट्रिया, ने भी आलोचना में शामिल होते हुए ट्रम्प की टैरिफ नीति को यूरोपीय उद्योग और नौकरियों पर सीधा हमला बताया। इसके अध्यक्ष, इमैनुअल ऑर्सिनी ने चेतावनी दी कि ऐसी कार्रवाइयों से यूरोपीय कंपनियों और श्रमिकों को गंभीर नुकसान हो सकता है। उन्होंने, यूरोपीय संघ के नेताओं से मजबूत और दृढ़ता से जवाब देने का आग्रह किया।

इतिहास बताता है कि यूरोपीय संघ उन व्यापार प्रतिबंधों के खिलाफ पलटवार करने में संकोच नहीं करेगा, जिन्हें वह अनुचित मानता है। अमेरिका द्वारा स्टील और एल्युमिनियम टैरिफ लगाने के पिछले विवादों में ब्रसल्स ने अपने आर्थिक हितों की रक्षा के लिए जवाबी उपाय लागू किए थे, और यदि ट्रम्प की नई धमकियां सच होती हैं, तो इसी प्रकार की प्रतिक्रिया लगभग निश्चित है।

## ममता बनर्जी...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

के पक्ष में समर्थन की हवा चल रही है पर इसका कोई असर नहीं होगा क्योंकि तृणमूल के गुंडे पार्टी विरोधी वोट पड़ने ही नहीं देंगे। वोटर्स को रोक कर वे यह पक्का करेंगे कि उनकी ही पार्टी जीते।

ईमानदारी की बात है कि तृणमूल के राज में निष्पक्ष मतदान नहीं हो सकता और चुनाव नतीजों में कभी भी बदलाव नहीं आ सकता।


**समाचार पत्र राष्ट्रदूत दैनिक, जयपुर**
**फार्म नं. 4 ( नियम 8 देखें )**

| | |
|---|---|
| 1. प्रकाशन स्थान | जयपुर |
| 2. प्रकाशन अवधि | दैनिक |
| 3. मुद्रक का नाम | सोमेश शर्मा |
| नागरिकता | भारतीय |
| पता | सुधर्मा, एम. आई. रोड़, जयपुर |
| 4. प्रकाशक का नाम | सोमेश शर्मा |
| नागरिकता | भारतीय |
| क्या विदेशी है | नहीं |
| पता | सुधर्मा, एम. आई. रोड़, जयपुर |
| 5. सम्पादक का नाम | राजेश शर्मा |
| नागरिकता | भारतीय |
| क्या विदेशी है? | नहीं |
| पता | सुधर्मा, एम. आई. रोड़, जयपुर |
| 6. उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार पत्र के स्वामी हों तथा जो समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार व हिस्सेदार हों। | राष्ट्रदूत, (एच.यू.एफ) कर्ता श्री राजेश शर्मा सुधर्मा, एम. आई. रोड़, जयपुर |

मैं सोमेश शर्मा, एतद् घोषित करता हूं कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिये गये विवरण सत्य हैं।

28-02-2025

ह.सोमेश शर्मा
प्रकाशक के हस्ताक्षर


राष्ट्रदूत ( एच.यू.एफ. ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोनः2386031, 2386032, फैक्सः0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोनः2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोनः 2627612, फैक्सः0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्सः01562-256908